जबलपुर
शनिवार 28 फरवरी 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-11
वर्ष : 20, अंक : 300
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 28
न्यून. 12

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



8 भारत-इजराइल संबंधों का सुनहरा अध्याय

मैट्रो
14 सोम डिस्टिलरीज के मामले में ....

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## थलापति विजय की पत्नी ने मांगा तलाक

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मशहूर अभिनेता और टीवीके प्रमुख विजय की पत्नी संगीता ने चेंगलपट्टू फैमिली कोर्ट में तलाक की याचिका दायर की है। याचिका में संगीता ने विजय पर बेवफाई का आरोप लगाया है। उनका अभिनेत्री के साथ अवैध संबंध था। अप्रैल 2021 में संगीता को पता चला। इस खुलासे से उन्हें गहरा भावनात्मक आघात पहुंचा और मानसिक पीड़ा हुई। उन्होंने इसे वैवाहिक विश्वास का टूटना और धोखा बताया है। याचिका में आगे आरोप लगाया गया है कि विजय ने उस अभिनेत्री के साथ सार्वजनिक रूप से मेलजोल जारी रखा, जिससे संगीता को भावनात्मक कष्ट हुआ और बच्चों के सामने शर्मिंदगी भी झेलनी पड़ी।

## 'द केरल स्टोरी 2' पर लगी रोक हटी

**नई दिल्ली।** चर्चित फिल्म 'द केरला स्टोरी 2-गोज बियॉन्ड की रिलीज पर रोक हट गई है। केरल हाई कोर्ट ने शुक्रवार को अपने सिंगल जज के अंतरिम आदेश पर दो हफ्ते के लिए रोक लगा दी। बेंच ने प्रोड्यूसर विपुल अमृतलाल शाह की अपील पर गुरुवार देर रात यह आदेश दिया। विपुल ने दावा किया था कि फिल्म किसी भी धार्मिक समुदाय को नुकसान नहीं पहुंचाती।

ढह गई शराब घोटाले की 'वॉल': कोर्ट ने कहा बेदाग है केजरीवाल

# देश के सामने रोए केजरीवाल कहा मुझे झूठे केस में फंसाया

*दिल्ली शराब नीति मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत 23 आरोपियों को बरी कर दिया*



गदा लेकर अभिवादन करते हुए पूर्व सीएम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राउज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी नीति से जुड़े सीबीआई मामले में फैसला सुनाते हुए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित सभी 23 आरोपितों को बरी कर दिया है। अदालत ने कहा कि मामले में किसी भी आरोपी के खिलाफ प्रथमदृष्टया आपराधिक साजिश या आपराधिक मंशा साबित नहीं होती। सभी आरोपों से बरी किए जाने के बाद पूर्व सीएम केजरीवाल कोर्ट से बाहर मीडिया से बात करते हुए रो पड़े। उन्होंने कहा कि यह मामला उनके खिलाफ रचा गया। आजाद भारत का सबसे बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र था। उन्होंने कहा कि मैंने जिंदगी में सिर्फ ईमानदारी कमाई है। मुझ पर भाजपा ने झूठे आरोप लगाए। आज कोर्ट ने भी कह दिया कि केजरीवाल सिसोदिया कट्टर ईमानदार हैं। वो सब झूठ आज बेनकाब हुआ। आज सत्य की जीत हुई है। मुझे शुरू से न्याय प्रणाली पर भरोसा था। केजरीवाल ने कहा कि इन लोगों ने आम आदमी पार्टी को खत्म करने की कोशिश की। इस फैसले पर केजरीवाल अपने आवास से पार्टी दफ्तर तक रोड शो किया। रोड शो के दौरान उन्होंने अपने हाथ में गदा लेकर समर्थकों का अभिवादन किया। जांच एजेंसियां दिल्ली हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का रुख करती हैं। सीबीआई अब राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में अपील कर सकती है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट भी जा सकती है।

### कोर्ट ने कहा

**आपराधिक साजिश या मंशा साबित नहीं हुई सीबीआई की जांच प्रक्रिया पर अदालत ने उठाए गंभीर सवाल**


बरी होने के बाद रो पड़े केजरीवाल

*पीएम मोदी और अमित शाह को दी दिल्ली में चुनाव कराने की चुनौती*

### भाजपा को 10 से ज्यादा सीटें मिलीं तो राजनीति छोड़ दूंगा

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केजरीवाल ने कहा कि मैं मोदी को दिल्ली में फिर से चुनाव कराने की चुनौती देता हूं। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि अगर उन्हें 10 से ज्यादा सीटें मिलीं, तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। उन्होंने कहा कि मुझे रोकने का एक ही रास्ता है मेरा कत्ल करा करवा दें। केजरीवाल ने कहा कि मैंने सिर्फ ईमानदारी का काम किया। मुझे जेल जाने से फर्फ पड़ता है। मैं वो राजनेतानहीं हूं जिसकी मोटी चमड़ी है। मेरे जेल जाने से मेरे परिवार पर फर्फ पड़ता है। केजरीवाल ने भाजपा सरकार पर भी हमला बोला और कहा कि आज दिल्ली की क्या हालत कर दी है।

### यह है मामला

दिल्ली शराब नीति केस 2021-22 की आबकारी नीति से जुड़ा घोटाले का नाम है। आरोप है कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार के दौरान नई शराब नीति में लाइसेंस देने और मार्जिन तय करने में अनियमितताएं हुईं, जिससे कुछ निजी कारोबारियों को फायदा पहुंचा। बाद में यह नीति वापस ले ली गई।

*केजरीवाल पर भाजपा की प्रतिक्रिया*

### आरोप निराधार थे तो फिर आरोप कैसे लगाएः सुधांशु त्रिवेदी

प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय जनता पार्टी के सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि देखिए निचली अदालत ने सबूतों के अभाव में उनको बरी किया है। यह तकनीकी




विषय है। यह बात भी सही है कि सैकड़ों की संख्या में सिम कार्ड और फोन सबूत के तौर पर नष्ट किए गए थे। अब वो किस भाव से सबूत नष्ट किए गए थे, उस कारण से सबूतों का अभाव उत्पन्न हुआ है। इस विषय को लेकर जो भी होगा सीबीआई अगला स्टेप उठाएगी, वो हाई कोर्ट में जाएगी या क्या होता है। जहां तक पार्टी का संदर्भ है इस पूरी डिटेल के आने के बाद इस पर रिप्लाई दिया जाएगा। यह बात भी विचारणीय है कि यदि सबूत बिल्कुल नहीं थे तो कोर्ट ने आरोप लगाने की परमिशन कैसे दे दी।

हाई कोर्ट में पॉक्सो मामले में तीखी बहस

# अविमुक्तेश्वरानंद को बड़ी राहत कोर्ट ने गिरफ्तारी पर लगाई रोक

*शंकराचार्य के अधिवक्ता ने विवेचना पर ही सवाल खड़ा किए*



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई शुरू होते ही सरकार की ओर से पेश हुए अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने याचिका पोषणीयता पर सवाल उठाए। कहा कि अग्रिम जमानत के लिए सीधे हाईकोर्ट नहीं आ सकते। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला दिया। शंकराचार्य के अधिवक्ता डॉ. पीएन मिश्र और दिलीप गुप्ता ने दलील दी कि पीड़ित का मुकदमा संरक्षक के जरिए दर्ज कराया है। उसके माता-पिता कोई अता-पता ही नहीं है। सरकार के वकील ने कहा कि असाधारण हालात में ही अग्रिम जमानत सीधे हाईकोर्ट आ सकती है। इस मामले में असाधारण जैसा कुछ नहीं है। इस पर कोर्ट ने कहा कि यह कोई अनिवार्य बाधा नहीं है। शंकराचार्य के वकील ने कहा कि शंकराचार्य के खिलाफ पहले 18 जनवरी को अमावस्या के दिन हुई मारपीट की अर्जी दी गई।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव भी पहुंचेंगे पार्क

# बोत्सवाना से 8 चीते आज पहुंचेंगे कूनो नेशनल पार्क

*सुबह ग्वालियर एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे 6 मादा और 2 नर चीते*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर


व्यवस्थाओं का जायजा लेते कलेक्टर

भारत में चीतों की पुर्नबसाहट के लिए तीन वर्ष पूर्व शुरू हुए चीता प्रोजेक्ट के तहत बोत्सवाना से 8 चीते आज शनिवार को कूनो पहुंचेगे। कूनों में 8 चीतों की आगवानी के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का कार्यक्रम प्रस्तावित है। कमिश्नर चंबल संभाग सुरेश कुमार द्वारा कूनो नेशनल पार्क में बोत्सवाना से लाए जा रहे चीतो की शिफ्टिंग व्यवस्था का जायजा लिया गया।

विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन सरकार का बड़ा फैसला

विधानसभा अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित


# मप्र में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सरकार लाएगी कड़ा कानून, 3 माह में कानून बनकर हो जाएगा लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा का बजट सत्र निर्धारित समय से कुछ पहले शुक्रवार को अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित हो गया। सदन में वर्ष 2026-27 का बजट तथा वर्ष 2025-26 का तृतीय अनुपूरक बजट पारित हुआ। 10 दिन तक चली सदन की कार्यवाही में कई महत्वपूर्ण फैसले हुए। विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया। सरकार अवैध कालोनी काटने वालों के खिलाफ कड़ा कानून लाने जा रही है।


कैलाश विजयवर्गीय

*अवैध कॉलोनियों की जांच व कार्रवाई का निर्देश कलेक्टरों को दिए*



### निश्चित प्रक्रिया में वैध करने की कार्रवाई करेंगे


*मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि अवैध कॉलोनियों को वैध करने की प्रक्रिया पर भी काम कर रहे हैं। ऐसी अवैध कालोनियां जो नियम प्रक्रिया के दायरे में आ रही है, उन्हें वैध भी करेंगे। उनके बारे में हम विचार करेंगे। किंतु अब से अवैध कॉलोनी प्रदेश भर में कहीं भी नहीं बनाई जा सके, इसके लिए कानून में सख्त प्रावधान होंगे।*

### सीधी बस स्टैंड निर्माण में देरी पर कंपनी ब्लैक लिस्टेट, अधिकारियों को नोटिस

मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि शहर में बस स्टैंड निर्माण में नगरपालिका की गलती है। पहले यह 7 करोड़ रुपए में स्वीकृत हुआ था, अब इसकी लागत बढ़कर 12 करोड़ रुपए हो गई है। लापरवाही करने वाले ईई हरिशंकर मिश्रा व सब इंजीनियर वीके तिवारी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।

रिपोर्ट में मध्य प्रदेश को 'ए' ग्रेड

# मप्र विद्युत नियामक आयोग को मिला देश में छठा स्थान



**36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच हुआ मूल्यांकन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग भोपाल ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी कार्यकुशलता का परिचय देते हुए देश के सर्वश्रेष्ठ विद्युत नियामकों की सूची में छठवां स्थान प्राप्त किया है। पावर फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पीएफआई) और ग्रामीण विद्युतीकरण निगम द्वारा संयुक्त रूप से जारी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के विनियामक प्रदर्शन की रेटिंग 2025 रिपोर्ट में मध्य प्रदेश को यह गौरव हासिल हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व और ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के मार्गदर्शन में प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में निरंतर सुधार हो रहे हैं।

बिना माता-पिता की बेटी की शादी

# ओरछा में गांव वाले बने रिश्तेदार भाई ने बहन को किया 'विदा'



**मिलजुलकर डेढ़ रुपए खर्च कर धूम धाम से की शादी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ निवाड़ी

निवाड़ी जिले की ओरछा तहसील में 27 फरवरी को एक अनाथ बेटी की शादी पूरे समाज ने मिलकर करवाई। सालनी नाम की इस युवती के पिता का निधन बचपन में ही हो गया था और कोरोना के समय उसकी मां भी नहीं रही। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण भाई के लिए बहन की शादी करना मुश्किल था।






### पाकिस्तान-अफगानिस्तान में 'छिड़ी जंग', इस्लामाबाद ने ऑपरेशन 'गजब लिल-हक' शुरू किया

# काबुल का दावा, 19 चौकियों पर कब्जा, 55 पाक सैनिक मारे, इस्लामाबाद ने 133 लड़ाकों को मारा

एजेंसी ▶▶ काबुल/ इस्लामाबाद

पाकिस्तानी वायुसेना ने गुरुवार रात अफगानिस्तान के काबुल और कंधार में हवाई हमला किया। इस हमले के बाद अफगानिस्तान ने भी पाकिस्तान पर पलटवार किया है। जिसके बाद दोनों देशों के बीच जारी तनाव खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। तालिबान शासन ने एक्स पर किए पोस्ट में लिखा कि रक्षा मंत्रालय की वायु सेना ने गुरुवार सुबह लगभग 11:00 बजे हवाई हमले किए। इन हमलों का निशाना इस्लामाबाद के फैजाबाद के पास एक सैन्य कैंप और नौशेरा में एक सैन्य अड्डा था। तालिबना के उप प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने कहा कि डूरंड लाइन पर व्यापक जवाबी सैन्य अभियान को शुरू किया गया है। यह कार्रवाई 203 मंसूरी कॉर्प्स और 201 खालिद बिन वलीद कॉर्प्स की तरफ से पक्तिया, पक्तिका, खोस्त, कुनर, नूरिस्तान और नंगरहार प्रांतों के कई इलाकों में और तोरखम गेट पर की जा रही है।

अब तक एक मुख्यालय और 19 चौकियों पर कब्जा किया जा चुका है। चार चौकियां खाली कर दी गईं और उन्हें पूरी तरह जला दिया गया। उनके मुताबिक 55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं, जिनमें से 23 के शव और कुछ अन्य सैनिकों को जिंदा हिरासत में लिया गया है। इसके अलावा दर्जनों हल्के और भारी हथियार जब्त, एक टैंक नष्ट किया गया और एक इंटरनेशनल हार्वेस्टर वाहन कब्जे में लेने का भी उन्होंने दावा किया है। उप प्रवक्ता के बयान में कहा गया है कि जवाबी सैन्य अभियान अभी जारी है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच 2611 किलोमीटर लंबी सीमा को 'डूरंड लाइन' कहा जाता है, जिसे काबुल ने कभी आधिकारिक रूप से मान्यता नहीं दी है। इसी सीमा को लेकर पिछले कुछ महीनों में दोनों देश कई बार आमने-सामने आए हैं।

*पाकिस्तानी वायुसेना ने गुरुवार रात अफगानिस्तान के काबुल और कंधार में हवाई हमला किया। इस हमले के बाद अफगानिस्तान ने भी पाकिस्तान पर पलटवार किया है। तालिबान प्रशासन के अनुसार अब तक एक मुख्यालय और 19 चौकियों पर कब्जा किया जा चुका है। चार चौकियां खाली कर दी गईं और उन्हें पूरी तरह जला दिया गया*

## अफगानिस्तान ने दर्जनों हथियार जब्त किए

## पाकिस्तान ने तालिबान के 27 ठिकाने नष्ट किए



हमले करती पाकिस्तान और तालिबान सेना

**पाक रक्षा मंत्री की धमकी**

### 'अब दमा-दम मस्त कलंदर होगा'



ख्वाजा आसिफ

अफगानिस्तान के हमले के बाद पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान के कंधार और काबुल सहित कई प्रमुख शहरों पर बमबारी की। पाकिस्तान ने इस ऑपरेशन का नाम 'गजब लिल-हक' दिया है। करीब दो घंटे तक चले हवाई हमलों में पाकिस्तान ने 133 अफगान लड़कों को मारने का दावा किया है। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने पुष्टि की है कि 133 अफगान तालिबान लड़ाके मारे गए हैं और 200 से अधिक घायल हुए हैं। इन अभियानों में तालिबान के 27 ठिकाने नष्ट कर दिए गए हैं और नौ ठिकानों पर कब्जा कर लिया गया है।

### बातचीत करें: चीन



*चीन की विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने दोनों देशों से तुरंत युद्धविराम करने की अपील की है। साथ ही दोनों देशों के बीच बढ़ते सैन्य टकराव पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि चीन इस स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है। चीन दोनों देशों के बीच तनाव कम करने और आपसी रिश्ते सुधारने में भूमिका निभाने के लिए तैयार है। हमारी अपील है कि बातचीत के जरिए मतभेद खत्म किए जाएं। पड़ोसी और दोस्त होने के नाते चीन इस घटनाक्रम से चिंतित है।*

### संवाद से करें समाधान: ईरान

*ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि तेहरान दोनों देशों के बीच समझ और सहयोग बढ़ाने के लिए जरूरी कोई भी मदद देने के लिए तैयार है। हम बढ़ते संघर्ष से चिंतित हैं और शांति की अपील करते हैं।*

*दोनों देश अपने मौजूदा मतभेदों को अच्छे पड़ोसीपन के ढांचे में और संवाद के रास्ते से प्रबंधित और हल करें। ईरान दोनों देशों के बीच संवाद को सुगम बनाने तथा समझ और सहयोग को मजबूत करने में किसी भी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है।*

---

## खबर संक्षेप

### नेपाल में 4.7 तीव्रता का भूकंप, कोई नुकसान नहीं



**काठमांडू।** नेपाल के पूर्वी हिस्से में शुक्रवार तड़के भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमानी पर इसकी तीव्रता 4.7 मापी गई। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, भूकंप सुबह 3 बजकर 18 मिनट पर आया। इसका केंद्र संखुवासभा और तपलेजुंग सीमा के पास टोपके गोला क्षेत्र में था, जो काठमांडू से लगभग 400 किमी पूर्व में स्थित है। भूकंप के झटके भोजपुर, पांचथर और तेहरथुम जिलों में भी महसूस किए गए। फिलहाल जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए है।

### सूरत के पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद।** सूरत स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय को शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली जो बाद में झूठी निकली, लेकिन ई-मेल गलती से राज्य भर के डाकघरों में भेज दिया गया, जिससे दहशत फैल गई। सहायक पुलिस आयुक्त वीआर मल्होत्रा ने बताया कि धमकी दी गई कि दोपहर 12.10 बजे परिसर में आरडीएक्स विस्फोट होगा और इसे खाली करा लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उमरा थाने और बम निरोधक दस्ते की टीम मौके पर पहुंची लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।


### आत्महत्या शब्द खोजने पर इंस्टाग्राम देगा अलर्ट

**वॉशिंगटन।** सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम ने घोषणा की है कि यदि किशोर उपयोगकर्ता आत्महत्या या खुद को नुकसान पहुंचाने से संबंधित शब्दों को बार-बार खोजते हैं, तो वह उनके अभिभावकों को सूचित करेगा। यह अलर्ट केवल उन अभिभावकों को भेजे जाएंगे।

---

### उपराष्ट्रपति वेंस का बड़ा खुलासा

# अमेरिका नहीं बनेगा मध्य पूर्व में किसी 'लंबे युद्ध' का हिस्सा



अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने उन आशंकाओं को सिरे से खारिज कर दिया कि अमेरिका मध्य पूर्व में किसी लंबे युद्ध का हिस्सा बनेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भले ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के विरुद्ध नए सैन्य विकल्पों पर विचार कर रहे हों, लेकिन अमेरिका के एक और लंबे क्षेत्रीय संघर्ष में शामिल होने की कोई संभावना नहीं है। वेंस ने कहा कि ईरान के खिलाफ सैन्य हमले अभी भी विचाराधीन हैं, लेकिन उन्हें नहीं लगता कि ऐसी कार्रवाई वर्षों तक चलने वाले संघर्ष में तब्दील हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सोचना कि हम मध्य पूर्व में वर्षों तक बिना किसी अंत के युद्ध में उलझे रहेंगे, इसकी कोई संभावना नहीं है। जेडी वेंस ने आगे कहा कि उन्हें नहीं पता कि ट्रंप आखिरकार क्या निर्णय लेंगे। विकल्पों में ईरान को परमाणु हथियार प्राप्त करने से रोकने के लिए सैन्य हमले करना या समस्या का कूटनीतिक समाधान करना शामिल है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हम सभी कूटनीतिक विकल्प को प्राथमिकता देते हैं। लेकिन यह वास्तव में इस बात पर निर्भर करता है कि ईरानी क्या करते हैं और क्या कहते हैं।

### जो होना है, वह हमने बता दिया: अराघची

*अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के दौरान गुरुवार को जिनेवा में दोनों देशों ने वार्ता की। कई घंटों की बैठक के बाद ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि यह गहरी चिंता भरी लंबी बातचीतों में से एक है। जिनेवा में अब तक हुई इन चर्चाओं के बाद कोई समझौता नहीं हो सका, जिससे पश्चिम एशिया में फिर से युद्ध की आशंका बनी हुई है। अराघची ने कहा कि जो कुछ होना है, वह हमारी ओर से साफ कर दिया गया है। जिनेवा में हुई कई घंटों की अप्रत्यक्ष वार्ता के बावजूद दोनों पक्षों के बीच कोई समझौता नहीं हो सका। वार्ता में मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाले ओमान के विदेश मंत्री बद्र अल-बुसैदी ने कहा कि बातचीत में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। आगे की वार्ता का दौर अगले सप्ताह वियना में होगा, जहां अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी का मुख्यालय स्थित है।*

---

### कनाडाई पीएम मार्क कार्नी मुंबई पहुंचे

# 2 मार्च को पीएम मोदी संग करेंगे क्षेत्रीय और वैश्विक विकास के मुद्दों पर चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कनाडा के पीएम मार्क कार्नी पत्नी डायना फॉक्स कार्नी के साथ चार दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को भारत पहुंच चुके हैं। विदेश मंत्रालय ने 'एक्स' पर लिखा कि कनाडा के पीएम मार्क कार्नी का भारत के अपने पहले आधिकारिक दौरे पर मुंबई पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत है।

यह दौरा भारत-कनाडा संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है। महाराष्ट्र सरकार के प्रोटोकॉल और मार्केटिंग मंत्री जय कुमार रावल ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। भारत-कनाडा पार्टनरशिप साझा डेमोक्रेटिक मूल्यों, लोगों के बीच मजबूत संबंधों और अलग-अलग सेक्टर में बढ़ते सहयोग पर आधारित है।



### 1 मार्च को पहुंचेंगे दिल्ली

28 फरवरी को पीएम कार्नी मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वह 1 मार्च को नई दिल्ली पहुंचेंगे। नई दिल्ली में वह 2 मार्च को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से सुबह 9 बजे होटल लीला पैलेस में मुलाकात करेंगे। फिर सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर वह हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी से मुलाकात करेंगे। 11 बजकर 40 मिनट पर दोनों देशों के बीच एमओयू एक्सचेंज होगा और फिर प्रेस स्टेटमेंट जारी किए जाएंगे। एक बजकर 50 मिनट पर भारत मंडपम में भारत-कनाडा सीईओ फोरम की शुरुआत होगी, जिसमें दोनों देशों के पीएम शामिल होंगे। शाम छह बजे पीएम कार्नी अपने देश के लिए रवाना होंगे।


---

### अमेरिका के डीएचएस का नया फैसला

# ओपीटी वर्क रूट की फिर से होगी समीक्षा, 3 लाख से ज्यादा भारतीय छात्र प्रभावित होंगे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में पढ़ाई कर रहे हजारों विदेशी छात्रों पर असर डालने वाला एक बड़ा कदम उठाया गया है। अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (डीएचएस) ने कहा है कि वह ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग यानी ओपीटी कार्यक्रम की दोबारा समीक्षा कर रहा है। इसका मतलब है कि पढ़ाई पूरी करने के बाद काम करने की जो व्यवस्था एफ-1 वीजा धारकों के लिए है,



**एफ1 वीजा धारकों के लिए नियमों मे बदलाव**

### 1 से 2 साल तक की छूट

ओपीटी कार्यक्रम के तहत एफ-1 वीजा पर पढ़ाई करने वाले छात्र अपनी डिग्री पूरी करने के बाद अमेरिका में अधिकतम 12 महीने तक काम कर सकते हैं। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित विषयों के छात्रों को अतिरिक्त 24 महीने की छूट मिलती है।

### ओपीटी कानून के तहत नहीं बना था

*डीएचएस सचिव क्रिस्टी नोएम ने बताया कि नोएम ने बताया कि ओपीटी को 'काम से जुड़ा लाभ' बताया था, जिसे नियमों के जरिए बनाया गया है, न कि सीधे कानून से। इस समय अमेरिका में तीन लाख से ज्यादा भारतीय छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। इनमें से बड़ी संख्या पढ़ाई पूरी करने के बाद ओपीटी के तहत काम कर रही है।*

### अमेरिकी अदालतों ने दी भारतीयों को राहत

*अमेरिका में कई अदालतों ने इस सप्ताह इमिग्रेशन डिटेंशन में रखे गए कई भारतीय नागरिकों के लिए बॉन्ड सुनवाई या तत्काल रिहाई का आदेश दिया है। ये आदेश कैलिफोर्निया, मिशिगन, न्यूयॉर्क और ओक्लाहोमा की जिला अदालतों से आए। न्यायाधीशों ने कहा कि इमिग्रेशन अधिकारियों ने या तो गलत डिटेंशन कानून लागू किया या पर्याप्त विधिक प्रक्रिया (ड्यू प्रोसेस) नहीं की।*



**सिंहस्थ महाकुंभ-2028 में सभी साधु-संतों को किया आमंत्रित**

# स्व से सृष्टि तक मंगल ही हमारा संकल्प, सेवा ही हमारा परम धर्म

## जो सबके मंगल की कामना करे, ऐसी महान है हमारी भारतीय संस्कृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को राजस्थान के भीलवाड़ा में हरिशेवा उदासीन आश्रम के स्थानापति परमपूज्य महामण्डलेश्वर स्वामी हंसरामजी महाराज की मौजूदगी में हुए सनातन मंगल महोत्सव, संत समागम एवं दीक्षा महोत्सव में शामिल हुए। राजा भलराज भील की नगरी भीलवाड़ा में मुख्यमंत्री ने स्वामी हंसरामजी महाराज से भेंटकर उनका सानिध्य और आशीर्वाद भी प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगल महोत्सव एवं संत समागम में देश-विदेश से आए विद्वतजनों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबके मंगल की कामना करने वाली महान और गौरवशाली भारतीय संस्कृति के संवाहक हैं।

हमारी संस्कृति का सूत्र वाक्य ही 'वसुधैव कुटुंबकम' है। हमारा यही जीवन मूल्य हमें स्व के साथ पूरी सृष्टि के कल्याण की प्रेरणा देता है। सनातन मंगल महोत्सव का आयोजन हमारी सर्व कल्याणकारी भावना की ही जीवंत अभिव्यक्ति है। खुद के लिए तो सब जीते हैं, संसार के सभी प्राणियों, जीव-जंतुओं, पेड़-पौधों-वनस्पतियों के कल्याण के जीवोमूल लक्ष्य के लिए जीना ही हम सबका परम सेवाधर्म होना चाहिए।

मुख्यमंत्री भीलवाड़ा में सनातन मंगल महोत्सव, संत समागम एवं दीक्षा महोत्सव में हुए शामिल


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का सम्मान करते साधु-संत।

### शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा, पर्यावरण पर एकजुट होकर काम कर रही सरकार: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सामाजिक जीवन में नैतिक मूल्यों, करुणा, सद्भाव और समरसता के प्रसार में संतजनों की भूमिका निरापद रूप से अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। पूज्य हंसरामजी महाराज धर्म के सभी मूल्यों, भक्ति, सेवा, सत्य, अहिंसा को जीवंत रख रहे हैं। आश्रम के माध्यम से आपने हजारों असहायों को सहारा दिया। उन्होंने कहा कि मानव कल्याण के पुनीत उद्देश्य से हो रहे इस मंगल आयोजन में आकर वे बेहद गौरवान्वित हैं। हमारी सरकारें जीवन मूल्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा, पर्यावरण पर एकजुट होकर काम कर रही हैं।

### उज्जैन को देशभर के साधु-संतों का आशीर्वाद मिलता रहा: डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ कुंभ के माध्यम से उज्जैन को देशभर के साधु-संतों का आशीर्वाद मिलता रहा है। सनातन संस्कृति में हमारे बच्चे परिवार को अमरता प्रदान करते हैं। यत्र पिंडे-तत्र ब्रह्मांडे, जैसा हमारे पिंड में है वैसा ही ब्रह्मांड में है। संतों के माध्यम से करोड़ों साल से ज्ञान की गंगा प्रवाहित होती रही है। साधु-संतों के जरिए हमें देवताओं के दर्शन होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब बृहस्पति ग्रह सिंह राशि में प्रवेश करते हैं, तब सिंहस्थ होता है। उज्जैन में वर्ष 2028 में सिंहस्थ महाकुंभ का भव्य आयोजन होने वाला है। मुख्यमंत्री ने सभी साधु-महात्माओं और संत-वृंदों को सिंहस्थ में आकर सबको आशीष रूपी अमृत देने के लिए आमंत्रित भी किया।

आज 171.19 करोड़ की लागत के विकास कार्यों की देंगे सौगात

## मुख्यमंत्री उदयगढ़ भगोरिया उत्सव में होंगे शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के 95वें शहादत दिवस पर आलीराजपुर के चन्द्रशेखर आजाद नगर (भाबरा) में शुक्रवार 27 फरवरी को आजाद स्मृति मंदिर पहुंचकर अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद मण्डी प्रांगण, चन्द्रशेखर आजाद नगर में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री चन्द्रशेखर आजाद नगर (भाबरा) में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण करेंगे। वे 79.92 करोड़ रुपए लागत के 14 कार्यों का लोकार्पण तथा 119.02 करोड़ रुपए लागत के 35 कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे। जिले में विकास परियोजनाओं से क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव उदयगढ़ में आयोजित पारंपरिक भगोरिया उत्सव में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री उत्सव स्थल पर पहुंचकर जनजातीय के प्रतिनिधियों से संवाद भी करेंगे। उदयगढ़ का भगोरिया अपने रंग, उमंग और परंपराओं के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध है।

---

## खबर संक्षेप



### भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बने डॉ. विशाल बघेल

**भोपाल।** भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ मप्र का डॉ. विशाल सिंह बघेल को प्रदेश संयोजक बनाए जाने पर उनका अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। डॉ. बघेल यूनाइटेड प्राइवेट हॉस्पिटल्स डायरेक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं। इस मौके पर डॉ. जेपी पालीवाल व डॉ. जीशान अहमद सहित वरिष्ठ चिकित्सकों ने पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंटकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ. बघेल ने कहा कि यह दायित्व सेवा और उत्तरदायित्व का अवसर है। मैं सभी की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

### मुख्यमंत्री ने पत्रकार नवीन शर्मा के निधन पर किया दुख व्यक्त

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पत्रकार प्रवीण शर्मा के बड़े भाई पत्रकार नवीन शर्मा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवीन शर्मा ने विभिन्न समाचार पत्रों के लिए दीर्घ अवधि तक कार्य किया। उन्होंने अपने पिता वरिष्ठ पत्रकार स्व. हंसराज शर्मा के मार्गदर्शन में भी कार्य किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजन को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

---

विधानसभा में सेंधवा-इंदौर की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर सवाल, सरकार ने दिया जवाब

# मप्र में एनएचएम के 15 हजार से अधिक पद खाली, 43 हजार नई भर्ती का प्रस्ताव


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के एनएचएम तहत मध्य प्रदेश में वर्ष 2026 में 15 हजार से अधिक पद रिक्त होने का मामला सदन में उठा। सरकार ने स्वीकार किया कि नियमित भर्ती में देरी और प्रक्रियागत कारणों से बड़ी संख्या में पद खाली हैं। स्थिति को संभालने के लिए गैप फिलिंग व्यवस्था अपनाई जा रही है और संविदा पदों पर भी भर्ती की प्रक्रिया जारी है।

सरकार ने यह भी जानकारी दी कि वर्ष 2026-27 के लिए 43 हजार पदों की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद यह तय किया जाएगा कि किन-किन श्रेणियों के पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविदा नियुक्ति के 146 पद भी वर्तमान में रिक्त बताए गए हैं।

हालांकि सरकार ने मरीजों के विस्तृत डेटा को साझा करने से इंकार करते हुए कहा कि संबंधित जानकारी विभागीय प्रक्रिया के तहत उपलब्ध कराई जाती है। कांग्रेस विधायक मोंटू सोलंकी ने सेंधवा जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने सवाल किया कि लंबे समय से पड़ी सोनोग्राफी मशीन का नियमित उपयोग क्यों नहीं हो पा रहा है।

जवाब में सरकार ने बताया कि रेडियोलॉजिस्ट का पद खाली है। फिलहाल दो प्रशिक्षित डॉक्टरों के माध्यम से सप्ताह में दो-दो दिन गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में रेडियोलॉजिस्ट विशेषज्ञ का पद स्वीकृत ही नहीं है। जिले में चिकित्सकों के 23 स्वीकृत पदों में से 16 पद खाली हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर सीधा असर पड़ रहा है।




### इंदौर जिले में डॉक्टरों की संख्या पर सवाल

इंदौर जिले में भी डॉक्टरों की कमी को लेकर प्रश्न पूछा गया। सरकार ने जवाब में बताया कि जिले में 9 शासकीय अस्पताल, 41 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 8 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और 124 उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं। इन संस्थानों में कुल 78 डॉक्टर कार्यरत हैं। सरकार ने कहा कि क्षेत्रीय संचालक और सीएमएचओ स्तर पर कर्मचारियों का स्थानांतरण किया जा सकता है, ताकि आवश्यकता वाले क्षेत्रों में तैनाती की जा सके। हालांकि विपक्ष का तर्क है कि इतनी बड़ी आबादी वाले जिले के लिए यह संख्या अपर्याप्त है।

### आयुष्मान योजना से जुड़े 26 अस्पताल जांच के घेरे में, शिकायतें प्राप्त हुई

सदन में यह भी खुलासा हुआ कि आयुष्मान भारत योजना से जुड़े 26 अस्पतालों के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। सरकार ने बताया कि इन मामलों की जांच जारी है। कई अस्पतालों को अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया गया है और अनियमित भुगतान की रिकवरी के आदेश भी जारी किए गए हैं। सरकार का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सख्त कार्रवाई की जा रही है। वहीं विपक्ष का आरोप है कि खाली पदों, विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी और उपकरणों के अनुपयोगी पड़े रहने से आम जनता को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है।

### सरकारी स्कूलों की मरम्मत में गड़बड़ी पर सदन में हंगामा, मंत्री का जवाब: पूरे प्रदेश में होगी जांच

मध्य प्रदेश विधानसभा में सरकारी स्कूलों के रखरखाव और मरम्मत कार्यों में कथित अनियमितताओं का मुद्दा जोरदार तरीके से उठा। कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से आरोप लगाया कि स्कूलों की मरम्मत के नाम पर प्रदेश भर में करोड़ों रुपये का घोटाला हो रहा है। उन्होंने कहा कि कई जिलों में भवन जर्जर हालत में हैं, लेकिन कागजों में मरम्मत कार्य पूर्ण दिखाए जा रहे हैं। लखन घनघोरिया ने मांग की कि लोक शिक्षण संचालनालय से पिछले तीन वर्षों में कराए गए सभी मरम्मत कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। उनका कहना था कि यदि निष्पक्ष जांच हो तो बड़े स्तर पर वित्तीय अनियमितताएं सामने आ सकती हैं। मैहर से विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कहा कि एक ब्लॉक में चार करोड़ का घोटाला हुआ, उसमें से 17 के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह तो सिर्फ एक ब्लॉक की स्थिति है पूरे प्रदेश में कितना बड़ा घोटाला होगा। विधायक ने मैहर में सामने आए कथित घोटाले का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां स्कूल मरम्मत कार्यों में गंभीर गड़बड़ी उजागर हुई है और इस मामले में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।

#### अधिकारियों, ठेकेदारों पर होगी कार्रवाई

विधायक ने कहा कि मैहर की घटना साबित करती है कि समस्या केवल एक जिले तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रदेशव्यापी स्तर पर जांच की आवश्यकता है। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से जवाब देते हुए मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने स्वीकार किया कि मैहर मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पूरे प्रदेश में मरम्मत कार्यों की जांच कराई जाएगी। मंत्री ने आश्वस्त किया कि यदि कहीं भी अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार पारदर्शिता के साथ शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। बहस के दौरान विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जांच निष्पक्ष और प्रभावी होनी चाहिए। जो अधिकारी जांच को प्रभावित कर सकते हैं, उन्हें हटाकर स्वतंत्र रूप से जांच कराई जाए।



---

परामर्शदात्री समिति की बैठक में बोली मंत्री निर्मला


## मप्र में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचना सरकार का दायित्व ही नहीं, संकल्प है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी की परामर्शदात्री समिति की बैठक में विभाग के तहत संचालित योजनाओं, विशेष रूप से जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में मिशन की प्रगति, गुणवत्ता नियंत्रण, संचालन-संधारण व्यवस्था तथा ग्रीष्मकालीन तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने समिति के सदस्यों को विभागीय प्रगति की जानकारी साझा करते हुए बताया कि प्रदेश में जल जीवन मिशन का क्रियान्वयन परिणामोन्मुख और पारदर्शी ढंग से किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के कुल 111.34 लाख ग्रामीण परिवारों में से 82.19 लाख परिवारों, अर्थात 73.84 प्रतिशत घरों को क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं। इन परिवारों को प्रतिदिन निर्धारित मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीण जीवन स्तर में व्यापक सुधार हो रहा है।



### ग्राम नल जल योजनाओं को समय-सीमा में पूर्ण किए जाने के निर्देश

*बैठक में एकल एवं समूह ग्राम नल जल योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए समिति ने निर्देश दिए कि सभी योजनाओं को मिशन मोड में संचालित करते हुए समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। साथ ही, कार्यों की गुणवत्ता पर सतत निगरानी, फील्ड स्तर पर निरीक्षण तथा तकनीकी मानकों के पालन को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। राज्य मंत्रिमंडल की ओर से संचालन एवं संधारण नीति का अनुमोदन किया जा चुका है। इस नीति के तहत एकल नल जल योजनाओं का संचालन, संधारण एवं प्रबंधन पंचायतों के माध्यम से किया जाएगा।*

### विधायकों ने रखे महत्वपूर्ण सुझाव

समिति सदस्यों ने विभागीय प्रयासों की सराहना करते हुए कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। सदस्यों ने सुझाव दिया कि प्रत्येक तीन माह में अलग-अलग संभागों में बैठक आयोजित की जाए, जिससे क्षेत्रीय स्तर पर योजनाओं की प्रगति की प्रत्यक्ष समीक्षा की जा सके। ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए हैंडपंपों के रखरखाव एवं संधारण संबंधी निविदाएं समय पर आमंत्रित करने पर बल दिया गया, जिससे संभावित जल संकट की स्थिति से पूर्व तैयारी सुनिश्चित हो सके। साथ ही, नल जल योजनाओं के तहत किए गए कार्यों के बाद रोड रेस्टोरेशन के लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने की आवश्यकता रेखांकित की गई। बैठक में समिति की सदस्य विधायक नीना विक्रम वर्मा, विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, विधायक दिनेश भूरिया, विधायक राजेश कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

---

एसीबी-ईओडब्ल्यू की कार्रवाई

## करोड़ों रुपए के गबन मामले में महिला कैशियर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो और आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (एसीबी/ईओडब्ल्यू) ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने बिलासपुर जिले में एक राष्ट्रीयकृत बैंक की निलंबित महिला अधिकारी को दो करोड़ रुपये से अधिक का गबन के आरोप में गिरफ्तार किया है।

महिला भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) बिल्हा शाखा में कैशियर के रूप में पदस्थ थी। महिला कैशियर तेजवथ थीरापतम्मा ने 2,06,37,600 रुपये का गबन करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। महिला कैशियर की गिरफ्तारी की जानकारी गुरुवार को पुलिस अधिकारियों ने दी।

### शाखा प्रबंधन की की थी मामले की शिकायत

*अधिकारियों ने बताया कि एसबीआई के बिल्हा शाखा के प्रबंधक ने शिकायत की थी कि 19 दिसंबर 2024 से दो जनवरी 2025 के बीच बैंक कैशियर और अन्य कर्मचारियों ने बैंक के रिकॉर्ड और खातों में छेड़छाड़ कर 2,06,37,600 रुपये का गबन किया। उन्होंने बताया कि शिकायत के बाद एसीबी की टीम ने बैंक की तत्कालीन कैशियर तेजवथ थीरापतम्मा और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। अधिकारियों ने बताया कि स्टेट बैंक द्वारा विभागीय स्तर पर की गई जांच में भी थीरापतम्मा और अन्य के खिलाफ आर्थिक अनियमितता के सबूत मिले थे। इसके बाद थीरापतम्मा को निलंबित कर दिया गया था। इस दौरान उसे रिजनल बिजनेस ऑफिस जगदलपुर में अटैच कर दिया गया।*

### जून 2025 के बाद से थी गायब

जून 2025 में निलंबन के बाद कैशियर ने जगदलपुर में जॉइन नहीं किया और वह बिल्हा ऑफिस भी नहीं आई। इसके बाद से वह ऑफिस से गायब थीं। अधिकारियों ने बताया कि एसीबी बिलासपुर की टीम पिछले कुछ दिनों से थीरापतम्मा की तलाश कर रही थी। अधिकारियों ने बताया कि थीरापतम्मा के बृहस्पतिवार को बिल्हा स्थित स्टेट बैंक में गोपनीय रूप से आने की सूचना मुखबिर से प्राप्त होने के बाद उसे एसीबी बिलासपुर की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के मोबाइल को जांच के लिए जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि थीरापतम्मा को हिरासत में लेने के लिए उसे विशेष न्यायालय, बिलासपुर में पेश किया जाएगा। मामले की जांच की जा रही है।

---

सकरी थाना क्षेत्र के संबलपुरी गांव की घटना, जांच जारी

## ट्राले-स्कॉर्पियो की जोरदार टक्कर, चार की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

देर रात रायपुर-रतनपुर नेशनल हाईवे पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ। सकरी थाना क्षेत्र के संबलपुरी गांव में तेज रफ्तार ट्रेलर और स्कॉर्पियो की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा रात करीब 3 बजे हुआ जब ट्रेलर क्रमांक सीजी 11 बीडी 9044 अनियंत्रित होकर रॉन्ग साइड में चला गया। सामने से आ रही स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 04 एम क्यू 4220 को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रेलर पास खड़े एक अन्य ट्रेलर से टकराकर पलट गया। स्कॉर्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार




लोग फंस गए। सकरी पुलिस और राहत टीम ने गैस कटर से करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद फंसे लोगों को बाहर निकाला। तब तक चार लोगों की जान जा चुकी थी। मृतकों में छत्रपाल रात्रे (37), विशाल लहरें (25), अनमोल लहरें (14) और सोनू मिरी (28) शामिल हैं। ये सभी यादव ढाबा में एक पारिवारिक शादी की 25वीं सालगिरह से लौट रहे थे।

### एक शख्स गंभीर रूप से घायल

*हादसे में प्रकाश रात्रे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल बिलासपुर के सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। सकरी पुलिस ने दुर्घटना के बाद ट्रेलर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।*

### घटना के बाद छाई शोक की लहर

*इस भीषण हादसे के बाद क्षेत्र में गहरा मातम पसरा हुआ है। चार लोगों की एक साथ मौत से उनके गांवों में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जो दर्दनाक मंजर बयां कर रहा है। इस दुर्घटना ने नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार और रॉन्ग साइड चलने वाले भारी वाहनों की लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।*

---

## धान के अंतर की 10 हजार से अधिक की राशि किसानों के खातों में होगी अंतरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने होली से पहले किसानों को बड़ी राहत देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने घोषणा की है कि धान के अंतर की 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि किसानों के खातों में अंतरित की जाएगी। राज्य स्तरीय राशि अंतरण कार्यक्रम 28 फरवरी को बिलासपुर जिले में आयोजित होगा। रायपुर स्थित निवास कार्यालय में प्रदेशभर से आए किसानों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इस निर्णय पर आभार जताया। इस दौरान किसानों ने धान से तौलकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और किसानों की समृद्धि से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों की आय बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए लगातार योजनाएं लागू की जा रही हैं। होली से पहले प्रदान की जाएगी राशि उन्होंने बताया कि राज्य सरकार किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीद रही है, जो देश में सबसे अधिक दरों में शामिल है। इस वर्ष 25 लाख 24 हजार किसानों से 141 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है।

---

राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला प्रमुख क्षेत्र है पर्यटन

## पर्यटन स्थलों पर पुलिस की भागीदारी व प्रशासनिक समन्वय महिला पर्यटकों की सुरक्षा को करेगी सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपर मुख्य सचिव गृह और संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि जिलों में लगातार पुलिस की सक्रिय भागीदारी और प्रशासनिक समन्वय के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा को सुदृढ़ किया जा रहा है। जब महिलाएं सुरक्षित होती हैं, तब सब सुरक्षित होते हैं।

महिला पर्यटक सहित हर महिला और बच्चे का विश्वास, जमीनी स्तर तक सुरक्षित रहना चाहिए। अपर मुख्य सचिव शुक्ला एमपीटी होटल पलाश में मप्र पर्यटन बोर्ड (एमपीटीबी), पुलिस विभाग और यूएन वूमेन के समन्वय से आयोजित पर्यटन स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की भूमिका और रणनीति विषय पर तीन दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रहे




थे। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग, पुलिस विभाग के साथ मिलकर यह सुनिश्चित कर रहा है कि हर पर्यटन स्थल पर सुरक्षा तंत्र प्रभावी रूप से कार्य करे। निर्भया फ्रेमवर्क जैसी पहल और कैमरा निगरानी प्रणाली में 19 करोड़ रुपए के निवेश से मध्यप्रदेश को महिला सुरक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है।

### पर्यटकों की सुरक्षा सबसे आवश्यक

*सचिव पर्यटन एवं प्रबंध संचालक एमपी टूरिज्म बोर्ड डॉ. इलैया राजा टी. ने कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा सबसे आवश्यक है। कार्यशाला में विशेष पुलिस महानिदेशक (महिला सुरक्षा) पीएचक्यू भोपाल अनिल कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक (महिला सुरक्षा शाखा) संतोष गौर, पुलिस उप महानिरीक्षक (महिला सुरक्षा शाखा) किरणलता केरकेट्टा, पुलिस अधीक्षक (महिला सुरक्षा) सुश्री बीना सिंह और सुश्री स्वाति मुराव आदि अधिकारी मौजूद रहे।*

---


जल संसाधन कर्मचारियों का अल्टीमेटम

## पांच दिन में सालों से जमे कर्मियों को नहीं हटाया तो होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शासकीय कर्मचारी परिसंघ के नेतृत्व में प्रमुख अभियंता कार्यालय जल संसाधन विभाग में 20-20 सालों से पदस्थ कर्मचारियों को हटाने की मांग की लेकर गुरूवार को कर्मचारियों ने नर्मदा भवन का घेराव कर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन कर नारेबाजी करने वाले कर्मचारियों ने पांच दिन का अल्टीमेटम देकर चेतावनी दी है कि जल्द ही सालों से एक ही विभाग में जमे कर्मचारियों को अन्य विभाग में पदस्थ नहीं किया गया तो पांच मार्च से आंदोलन किया जाएगा।



शासकीय कर्मचारी परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पाण्डेय और प्रदेशाध्यक्ष ध्रुव सिंह सिकरवार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मुख्य सचिव अनुराग जैन को पत्र लिखकर प्रमुख अभियंता कार्यालय जल संसाधन विभाग में 20 वर्षों से स्थापना कक्ष में एक ही जगह पर जमे कर्मचारियों को नियमानुसार तत्काल प्रभाव से अन्य विभाग में पदस्थ करने की मांग की है।

## अतिक्रमण के कारण 22 फुट की सड़क महज 5 फुट की रह गई

# हड्डी गोदाम ठक्कर ग्राम वार्ड स्थित नौशाद किराना वाली गली में बाधक अतिक्रमण हटाए जाएं : हाईकोर्ट

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने कलेक्टर जबलपुर को निर्देश दिए हैं कि हड्डी गोदाम ठक्कर ग्राम वार्ड स्थित नौशाद किराना वाली गली में बाधक अतिक्रमण हटाए जाएं। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने इसके लिए 45 दिन की मोहलत दी है।



जबलपुर निवासी मोहम्मद जमशीर अंसारी, बाबू सलाम एवं सिकंदर अली मंसूरी की ओर से याचिका दायर की गई। दलील दी गई कि ठक्कर ग्राम वार्ड स्थित नौशाद किराना की गली में क्रमशः मज्जू कुरैशी , शाहिद मंसूरी (टिकिया), एवं करिया बाड़ी द्वारा खसरा नंबर 332 आबादी मद की शासकीय भूमि जो कि नगर निगम जबलपुर के नाम दर्ज है, पर पक्का निर्माण कर कब्जा कर रखा है। इसमें खुले में मांस बेचने एवं कबाड़ की दुकान संचालित की जा रही है। अतिक्रमण के कारण 22 फुट की सड़क महज 5 फुट की रह गई है। क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आपातकाल के समय जीवन रक्षक गाड़ियां, डायल 112 एंबुलेंस सरकारी राशन (खाद्य) एवं गवारा जनाजा ले जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में नायब तहसीलदार और निगमायुक्त ने भी इस संबंध में आदेश जारी किए हैं, लेकिन उसका पालन नहीं किया गया। इसलिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।

## हाईकोर्ट बार एसोसिएशन में हुई फूलों की होली, राधाकृष्ण नृत्य ने मोहा मन

**सिल्वर जुबली आदर्श सभागार में अधिवक्ता गुलाल लगाकर मिले गले**
न्यायाधीशों का परंपरागत तरीके से किया गया अभिनंदन

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के सिल्वर जुबली आदर्श सभागार में शुक्रवार की शाम होली के नाम रही। अधिवक्ताओं ने गुलाल लगाकर गले मिलकर शुभकामना का आदान-प्रदान किया। यह परंपरा वर्षों पुरानी है। सर्वप्रथम राधाकृष्ण नृत्य हुआ, जिसे देखकर अधिवक्ता आनंदित हो गए। इसी के साथ फूलों की होली प्रारंभ हो गई। समूचा सभागार फूलों की चादर से सज गया। इस दौरान उपस्थिति अतिथियों का परंपरागत तरीके से अभिनंदन किया गया।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव अधिवक्ता परितोष त्रिवेदी ने बताया कि हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायमूर्ति विवक रूसिया, न्यायमूर्ति अवनींद्र कुमार सिंह, देवनारायण मिश्रा, द्वारिकाधीश बंसल, दीपक खोत सहित अन्य ने वकीलों का उत्साह बढ़ाया। उनकी उपस्थिति से आयोजन में गरिमा की छटा छा गई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित जैन, उपाध्यक्ष प्रशांत अवस्थी, संयुक्त सचिव योगेश सोनी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, पुतस्कालय सचिव रजनीश उपाध्याय, कार्यकारिणी सदस्य सपना तिवारी, स्मिता केहरी, गरिमा तिवारी, विनोद मिश्रा, रवींद्र प्रताप सिंह, मनोज कुशवाहा, प्रियंक चंसौरिया सहित अन्य ने स्वागत किया। हाई कोर्ट बार अध्यक्ष धन्य कुमार जैन के मार्गदर्शन में आयोजन यादगार बन पड़ा।

## चाकूबाज छर्रा कटोरी को पांच वर्ष का कारावास

**जबलपुर।** जिला अदालत ने चाकूबाजी के आरोपित जबलपुर निवासी अनुराग उर्फ छर्रा कटोरी का दोष सिद्ध पाया। अपर सत्र न्यायाधीश विपिन सिंह भदौरिया की अदालत ने आरोपी को पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दो हजार रुपये जुर्माना लगाया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक प्रमोद कुमार पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपी ने 22 मई, 2025 को मानसू रजक को चाकू मारकर बुरी तरह घायल कर दिया था। उसे गंभीरावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना वाले दिन वह मेडिकल कालेज के समीप अपनी दुकान पर था। इसी दौरान आरोपी आया और 10 उबले अंडे खाए। पैसे मांगने पर गाली-गलौच करने लगा। यही नहीं चाकू निकालकर हमला कर दिया। लिहाजा, पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया।



## शांति समिति की बैठकः सभी त्योहार शांति, सद्भाव और भाईचारे से मनाने की अपील

**जबलपुर।** कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में शुक्रवार को आयोजित शांति समिति की बैठक में शहर के नागरिकों से आगामी त्योहारों—होली, ईद, नवरात्रि, रामनवमी और महावीर जयंती—को शांति, सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। बैठक में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय भी मौजूद थे।

बैठक में समिति के सदस्यों ने त्योहारों के दौरान प्रशासनिक व्यवस्थाओं के संबंध में कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए और शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। आयोजन में शामिल प्रमुख व्यक्तिः नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड शांति समिति के सदस्यः सुश्री कौशल्या गोंटिया, मुकेश राठौर, प्यारे साहब, एम ए रिजवी, साबिर उस्मानी, शरण चौधरी, मो. ताहिर खान, मो. अकबर खान, शाबान मंसूरी बैठक में त्योहारों के दौरान सुरक्षा, साफ-सफाई, और पेयजल आपूर्ति की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बिजली की निर्बाध आपूर्ति और होली पर पानी की अतिरिक्त आपूर्ति की भी मांग रखी गई। इसके अलावा, धार्मिक स्थलों के आसपास सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त और अशांति फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात भी की गई।

### फूहड़ प्रतिमाओं और हानिकारक रंगों पर लगे प्रतिबंध

स्वास्थ्य के लिए हानिकारक रंगों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध और फूहड़ प्रतिमाओं की स्थापना पर रोक लगाने की भी मांग की गई। डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध और रमजान के दौरान मीना बाजार में महिला पुलिस की तैनाती की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। शांति समिति ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न वितरण की समय पर व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात भी रखी। बैठक में सिहोरा में कानून व्यवस्था की स्थिति पर प्रशासन की कार्रवाई की सराहना की गई।

### सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए जाएंगे : कलेक्टर

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने आश्वासन दिया कि आगामी त्योहारों के दौरान सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए जाएंगे और संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बल तैनात किया जाएगा। उन्होंने शांति बनाए रखने में शांति समिति के सहयोग की अपेक्षा की और कहा कि कोई भी संदिग्ध गतिविधि पुलिस को सूचित की जाए। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने यह भी बताया कि आसामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

## खाटू श्याम बाबा का फाल्गुन महोत्सव धूमधाम से संपन्न



**जबलपुर।** श्री श्याम महिमा मंडल द्वारा आयोजित खाटू श्याम बाबा का 25वां श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव 27 फरवरी, शुक्रवार को गुजराती मंडल सिविक सेंटर में धूमधाम से संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने हिस्सा लिया और बाबा के दरबार में भक्ति में लीन होकर महोत्सव का आनंद लिया। महोत्सव में श्री नयन कपूर द्वारा प्रस्तुत किए गए मनमोहक भजनों ने भक्तों को भावविभोर कर दिया। बाबा की पावन ज्योत, छप्पन भोग, और फूलों की होली ने आयोजन में चार चाँद लगा दिए। इसके साथ ही, श्याम भक्तों की पीली और सफेद पोशाक ने महोत्सव में एक खास आकर्षण का केन्द्र बनकर सभी का ध्यान खींचा। महोत्सव के सफल आयोजन पर अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश अग्रवाल और सचिव श्री पवन बगदोरिया ने सभी श्याम भक्तों का धन्यवाद किया और उनकी सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया। महोत्सव ने सभी को शांति, प्रेम और भक्ति की एक नई दिशा दी।

**महाप्रबंधक पद पर सस्पेंस बरकरार**

## पश्चिम मध्य रेलवे में नेतृत्व परिवर्तन का इंतजार

हरिभूमि जबलपुर।

पश्चिम मध्य रेलवे के प्रशासनिक गलियारों में इन दिनों हलचल तेज है। जोन की वर्तमान महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय का कार्यकाल शुक्रवार को समाप्त हो गया। इसके साथ ही नए महाप्रबंधक के नाम को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। हालांकि रेलवे बोर्ड की ओर से अब तक किसी नाम की औपचारिक घोषणा नहीं की गई है, जिससे अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच कयासों का बाजार गर्म है।




रेलवे सूत्रों के अनुसार नए महाप्रबंधक के चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। वरिष्ठ रेल अधिकारी प्रवीण शर्मा का नाम प्रमुख दावेदार के रूप में सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि रेलवे बोर्ड स्तर पर उनके नाम पर गंभीरता से विचार हुआ है, लेकिन जब तक आधिकारिक आदेश जारी नहीं होता, स्थिति को लेकर अनिश्चितता बनी रहेगी। यदि घोषणा में और विलंब होता है तो अंतरिम व्यवस्था के तहत कार्यकारी जीएम का प्रभार बिलासपुर या प्रयागराज के जीएम को दिया जा सकता है। अगले 24 से 48 घंटों में स्थिति स्पष्ट होने की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल जबलपुर समेत पूरे जोन के अधिकारी, कर्मचारी संगठन और जनप्रतिनिधि रेलवे बोर्ड के निर्णय की प्रतीक्षा कर रहे हैं। नेतृत्व परिवर्तन के इस दौर में सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि पश्चिम मध्य रेलवे की कमान किस अधिकारी को सौंपी जाती है और नया मुखिया चुनौतियों से निपटने के लिए क्या रणनीति अपनाता है।

## अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्यवाही: प्रशासन ने कई प्रमुख क्षेत्रों में की कारवाही



**जबलपुर।** आयुक्त महोदय के निर्देशों के तहत नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण हटाने के लिए व्यापक कार्यवाही की गई। इस दौरान, छोटे लाइन फाटक से रामपुर तिराहा होते हुए ग्वारीघाट तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई, जिससे इन स्थानों पर यातायात व्यवस्था में सुधार हुआ। बाजनामठ में अवैध रूप से रेत और गिट्टी के भंडारण को हटवाया गया और सड़क के किनारे रखे ठेले-टपरे को भी हटा दिया गया। इसके अलावा, धनवंतरी चौक और आसपास के क्षेत्रों में अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया गया। रानीताल चौक और गोखलपुर सामुदायिक भवन के सामने रोड पर रखे गए टपरे और अन्य अस्थाई अतिक्रमण भी हटाए गए। रांझी क्षेत्र में शासकीय स्कूल के सामने और दर्शन तिराहा के आसपास भी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

### विधानसभा में उठी जबलपुर महोत्सव एवं नामकरण की मांग

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विधानसभा में बजट सत्र के दौरान जबलपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने चर्चा में भाग लेते हुए सदन में जबलपुर के विकास से जुड़ी दो प्रमुख मांगें रखीं जिसमें जबलपुर महोत्सव के आयोजन का उन्होंने प्रस्ताव रखा कि हनुमानताल (जहां जैन मंदिर एवं बड़ी खेरमाई स्थित है) पर दो दिवसीय "जबलपुर महोत्सव" का आयोजन किया जाए तथा नगर के नामकरण की उन्होंने मांग की कि जबलपुर का नामकरण ऋषि जबालि की तपोस्थली होने के कारण 'जबाली ऋषि' के नाम पर किया जाना चाहिए। डॉ. पाण्डेय ने मंदिरों में नियुक्त पुजारियों और पंडितों के लिए मानदेय की उचित व्यवस्था किए जाने का भी सुझाव दिया। रानी दुर्गावती स्मारक जबलपुर के लिए डॉ अभिलाष पाण्डेय ने कहा कि रानी दुर्गावती जल प्रबंधन की दृष्टि से एक आदर्श शासिका थीं। प्रधानमंत्री के हाथों जबलपुर संस्कारधानी में 100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने वाला रानी दुर्गावती का भव्य स्मारक, वीरांगना को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**सैकड़ों लोग एसपी कार्यालय पहुंचे**

## नवविवाहिता की संदिग्ध मौत पर बवाल

**जबलपुर।** जिले में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतका पूजा साहू की मौत को लेकर मायके पक्ष और साहू समाज ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। मामले ने तूल पकड़ लिया है और न्याय की मांग को लेकर समाज के सैकड़ों लोग पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गए। परिजनों का आरोप है कि पूजा को दहेज की वेदी पर चढ़ा दिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूजा साहू का विवाह कुछ समय पूर्व निखिल साहू के साथ हुआ था। हाल ही में वह अपने पति और ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों के साथ धार्मिक यात्रा पर उज्जैन गई थी। इसी दौरान मायके पक्ष को फोन पर सूचना दी गई कि पूजा की तबीयत अचानक खराब हो गई है। बताया गया कि ससुराल पक्ष उसे उपचार के लिए जबलपुर लेकर आ रहा है, लेकिन तेंदूखेड़ा के पास पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। अचानक हुई इस मौत ने परिजनों के मन में संदेह पैदा कर दिया है।



### साहू समाज ने किया प्रदर्शन

घटना के बाद साहू समाज में आक्रोश व्याप्त है। बड़ी संख्या में समाज के लोग और मृतका के रिश्तेदार पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और नारेबाजी करते हुए दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि यह सुनियोजित हत्या है, जिसे बीमारी का रूप देने की कोशिश की जा रही है।

### निष्पक्ष जांच का आश्वासन

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच की जाएगी। यदि जांच में दहेज प्रताड़ना या हत्या के तथ्य सामने आते हैं तो संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## वीयू की नई वेबसाइट का शुभारंभ

**जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा अपनी नवीन आधिकारिक वेबसाइट का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस वेबसाइट का उद्घाटन माननीय कुलपति प्रो मनदीप शर्मा जी द्वारा किया गया। नई वेबसाइट का उद्देश्य संस्थान की शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों को डिजिटल माध्यम से व्यापक स्तर पर प्रसारित करना है। वेबसाइट पर संस्थान की विभिन्न विभागीय जानकारियाँ, पाठ्यक्रम विवरण, शोध गतिविधियाँ, प्रकाशन, समाचार एवं आगामी कार्यक्रमों की अद्यतन जानकारी उपलब्ध रहेगी। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि डिजिटल युग में त्वरित संचार एवं सूचना की सहज उपलब्धता के लिए वेबसाइट एक प्रभावी माध्यम है। यह पहल संस्थान को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान प्रदान करेगी। संस्थान प्रमुख ने बताया कि वेबसाइट को उपयोगकर्ता– अनुकूल स्वरूप में तैयार किया गया है, जिससे विद्यार्थी, शोधार्थी, अभिभावक एवं अन्य हितधारक आसानी से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ एस एस तोमर, डॉ लखानी,डॉ आरके शर्मा,डॉ मधु स्वामी, डॉ एस के महाजन, डॉ दास, डॉ कारमोरे, डॉ आदित्य मिश्रा, डॉ अजीत सिंह डॉ मोहन सिंह ठाकुर, डॉ गर्ग ,डॉ रणविजय सिंह,डॉ घोष, डॉ सोना दुबे, डॉ रामकिंकर मिश्रा, डॉ रुचि सिंह, निधि भलावी, आकांक्षा सिंह आदि उपस्थित रहे।

रांझी पुलिस की कार्रवाई से खत्री ब्रदर्स और दुबई कनेक्शन पर फिर फोकस

## चार साल बाद फिर चर्चा में लोकल से ग्लोबल सट्टा नेटवर्क

हरिभूमि जबलपुर।

चार साल पहले जब शहर में सट्टे के लोकल से ग्लोबल नेटवर्क का खुलासा हुआ था, तब यह मामला दुबई तक जा पहुंचा था। अब एक बार फिर उसी नेटवर्क की परतें खुलती नजर आ रही हैं। हाल ही में रांझी पुलिस की कार्रवाई ने पुराने कनेक्शनों को फिर सुर्खियों में ला दिया है। साल 2022 में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा के नेतृत्व में जबलपुर पुलिस ने सट्टे के उस नेटवर्क का पर्दाफाश किया था, जिसके तार शहर से निकलकर दुबई तक जुड़े बताए गए थे। उस समय स्थानीय बुकियों, मास्टर आईडी सप्लायर और विदेश में बैठे संचालकों के बीच डिजिटल माध्यम से लेन-देन और संचालन के सबूत सामने आए थे। दुबई में बैठे सतीश सनपाल के जबलपुर में मौजूद दफ्तर और ठिकानों पर कार्यवाही हुई थी. अब रांझी थाना क्षेत्र में हुई ताजा गिरफ्तारी ने एक बार फिर उसी कड़ी को जीवित कर दिया है।

गौरतलब है कि गत दिवस टी-20 विश्व कप के दौरान सट्टेबाजी की सूचना पर रांझी पुलिस ने मेमोरी तिराहा स्थित सामुदायिक भवन के पास एक डार्क ब्लू कार क्रमांक एमपी 20 जेडजी 0030 से दो आरोपियों अनमोल उर्फ बीसू पटारिया और कृष्णा नामदेव को गिरफ्तार किया। दोनों मोबाइल ऐप के जरिए लाइव मैचों पर सट्टा बुकिंग कर रहे थे। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्हें सट्टा संचालन के लिए आईडी कुख्यात सटोरियों दिलीप खत्री और संजय खत्री उर्फ खत्री ब्रदर्स से मिली थी। इसके बाद जांच की दिशा फिर उन्हीं पुराने नामों की ओर मुड़ गई।

### आडियो क्लिप खोलेगी राज

आरोपी अनमोल पटारिया ने रांझी पुलिस को बताया कि वह बेट 4 विन नाम की मास्टर आईडी के जरिए अन्य लोगों को आईडी-पासवर्ड उपलब्ध कराता था। इसी माध्यम से शहर में बड़े स्तर पर सट्टा संचालित किया जा रहा था। पुलिस के हाथ मोबाइल से ऑडियो रिकॉर्डिंग, चैट और डिजिटल लेन-देन के साक्ष्य लगे हैं। सूत्रों के अनुसार एक ऑडियो क्लिप में कई अन्य नामों का भी जिक्र है, जिनकी जांच की जा रही है।

### दुबई कनेक्शन की फिर चर्चा

पूछताछ में सामने आए बयानों के बाद दुबई में बैठे कथित संचालक सतीश सनपाल का नाम भी फिर चर्चा में है। बताया जाता है कि अतीत में सनपाल जब पहली बार शहडोल से जबलपुर आया था, तब वो खत्री ब्रदर्श के पिता के यहां ही काम करता था। सूत्रों का दावा है यह रिश्ता आज भी जिंदा है. हालांकि पुलिस ने आधिकारिक रूप से किसी विदेशी कनेक्शन की पुष्टि नहीं की है, लेकिन जांच एजेंसियां डिजिटल ट्रेल खंगाल रही हैं।

### दुबई तक जाएगी जांच की आंच

रांझी पुलिस का कहना है कि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर नेटवर्क की पूरी कड़ी जोड़ी जा रही है। साइबर विशेषज्ञों की मदद से ऐप आधारित सट्टेबाजी के सर्वर, ट्रांजैक्शन चैन और आईडी सप्लाई सिस्टम की जांच की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि चार साल पहले जिस जिन्न को बोतल में बंद किया गया था, वह एक बार फिर बाहर आता दिख रहा है। फर्क सिर्फ इतना है कि अब सट्टेबाजी पूरी तरह हाईटेक और ऐप आधारित हो चुकी है। जांच अभी प्रारंभिक चरण में है, लेकिन यह तय है कि यदि डिजिटल साक्ष्य पुराने नेटवर्क से जुड़ते हैं, तो कार्रवाई का दायरा शहर की सीमाओं से बाहर तक जा सकता है।

# अदा की रमजान के दूसरे जुमे की नमाज

## मुल्क में अमन चैन और खुशहाली की मांगी दुआएं



**जबलपुर।** इस्लाम धर्मावलंबियों के पाक माह रमजान मुबारक के दूसरे जुमा शुक्रवार को नगर एवं उपनगरीय क्षेत्रों की तमाम 100 से अधिक मस्जिदों व नमाजगाहों में दोपहर हजारों की तादाद में मुस्लिमों ने जुमा की विशेष नमाज अदा की। मुस्लिम बहुल क्षेत्र की मस्जिदों के बाहर तक नमाजियों की लंबी कतारें लगीं थीं। मस्जिदों में अल्ला-हो-अकबर की गूंज के साथ ही दुआ के लिये हाथ उठाये गये और सजदे के लिये सर झुकाये गये। अल्ला से गुजारिश की गई कि ऐ मौला बरकत और बारिश का नुजूर फरमा। मुल्क में अमन चैन और खुशहाली की रहमत बरसा। नमाज के पूर्व पेश इमाम साहीबान ने जुमा का खुत्बा पढ़ा। मुस्लिम बहुल क्षेत्र मंडी मदार टेकरी स्थित जामा मस्जिद जमीअतुल कुरैश, नूरानी मस्जिद ठक्कर ग्राम, मस्जिदे हनफिया बहोराबाग, हम्जा मस्जिद अजीजगंज, मदीना मस्जिद गोहलपुर, सुलेमानी मस्जिद चांदनी चोक, मस्जिद अलफबेग, मंसूराबाद, मस्जिदे सालार गाजीनगर, गाजी मस्जिद नई बस्ती, औलिया मस्जिद चंडालभाटा, यकीनिया जामा मस्जिद ढलगर, मोहल्ला, मस्जिदे बिलाल चरहाई, चिरागली मस्जिद भालदारपुरा, जामा मस्जिद अंधेरदेव, जामा मस्जिद अनवरगंज, जामा मस्जिद ओमती, बंगाली मस्जिद नया मोहल्ला, जामा मस्जिद अनवरगंज, जामा मस्जिद जहांगीराबाद में बड़ी तादाद में मुस्लिमों ने रमजान जाकिरअली फूटाताल में जुमा की नमाज अदा की गई। जामा मस्जिद सदर, रामपुर गोरखपुर तथा उपनगरीय क्षेत्र गढा अधारताल की मस्जिदों में भी रमजान के जुमा की नमाज अदा हुई। मदनमहल स्थित जिन्नाती मस्जिद तथा मस्जिद गौसुलवरा नूरानी में भी बडी तादाद में मुस्लिम बंधुओं ने रमजान जुमा की नमाज अदा की। मुस्लिम बस्तियों में जुमा के दिन भर चहल-पहल व रौनक छाई रही।

# सिहोरा जिला आंदोलन में शामिल होने के आरोप में शिक्षक नरेन्द्र त्रिपाठी की प्रतिनियुक्ति समाप्त



**सिहोरा।** सिहोरा को जिला बनाए जाने की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच एक बार फिर प्रशासनिक कार्रवाई चर्चा का विषय बन गई है। शिक्षक नरेन्द्र त्रिपाठी को जन शिक्षक पद से हटाए जाने की कार्यवाही की गई है। आरोप है कि 09 दिसंबर 2025 को सिहोरा में जिला बनाए जाने की मांग को लेकर हुए आंदोलन के दौरान शिक्षक नरेन्द्र त्रिपाठी ने भाषण दिया था। इस संबंध में एसडीएम सिहोरा द्वारा शासन को रिपोर्ट भेजी गई। रिपोर्ट के आधार पर 11 दिसंबर 2025 को कलेक्टर द्वारा उनकी मझौली के जन शिक्षा केंद्र बरगी से प्रतिनियुक्ति समाप्त कर दी गई।

इस कार्रवाई के विरोध में श्री त्रिपाठी ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में अपील दायर की। न्यायालय ने कलेक्टर जबलपुर को एक माह के भीतर शिक्षक के अभ्यावेदन पर निर्णय लेने का निर्देश दिया। इसके बाद एक बार फिर 25.02.26 को राघवेंद्र सिंह (कलेक्टर, जबलपुर) ने जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी की रिपोर्ट के आधार पर नरेन्द्र त्रिपाठी की जन शिक्षक पद से प्रतिनियुक्ति समाप्त कर उन्हें जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जबलपुर भेजने की कार्यवाही की।

विदित हो कि इससे पूर्व भी लगभग दो वर्ष पहले सिहोरा जिला आंदोलन में संलिप्तता के आरोप में शिक्षक नरेन्द्र त्रिपाठी का प्रशासनिक स्थानांतरण छिंदवाड़ा जिले के परासिया कर दिया गया था। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा है कि दोनों ही कार्रवाइयाँ राजनीतिक दबाव में की गई हैं, हालांकि प्रशासन की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

तत्संबंध में शिक्षक नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि उनका "शरीर का रोम-रोम सिहोरा के प्रति समर्पित है" और यदि वे आत्मा से सिहोरा को जिला बनते देखना चाहते हैं तो इसमें क्या गलत है?लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि वे सिहोरा के स्थानीय निवासी है उन्हे समस्त सिहोरा वासियों की भांति जिला आंदोलन की जानकारी है। शिक्षक ने दावा किया कि उनके द्वारा जन शिक्षक पद के किसी भी कार्य में कोई लापरवाही नहीं की गई है। सिहोरा को जिला बनाए जाने की मांग को लेकर क्षेत्र में समय-समय पर आंदोलन होते रहे हैं। अब इस प्रकरण ने आंदोलन को एक नया मोड़ दे दिया है।

### खबर संक्षेप

## 'समरसता की होली' 8 मार्च को

**जबलपुर।** समरसता सेवा संगठन के तत्वावधान में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला संस्कारधानी का गरिमामयी एवं ऐतिहासिक आयोजन 'समरसता की होली' इस वर्ष भी रंगपंचमी, रविवार 8 मार्च को आयोजित किया जाएगा। संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने बताया कि 8 मार्च को रंगपंचमी के अवसर पर समरंग यात्रा निकाली जाएगी, जिसके उपरांत डीएन जैन कॉलेज प्रांगण में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। कार्यक्रम में सर्व समाज की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। आयोजन की तैयारियों की रूपरेखा तय करने हेतु सर्व समाज की वृहत बैठक 1 मार्च 2026, रविवार को दोपहर 3 बजे अग्रवाल बारात घर, शीतलपुरी, बल्देवबाग, जबलपुर में आयोजित की गई है। बैठक में समरसता सेवा संगठन एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि, सामाजिक बंधु एवं मातृशक्ति की उपस्थिति रहेगी। अध्यक्ष संदीप जैन ने सभी समाज प्रतिनिधियों एवं सहयोगियों से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## ऊर्जा परामर्शदात्री समिति की बैठक में मिल सुझावों पर होगा अमलः उर्जा मंत्री

**जबलपुर।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में निर्देश दिए कि सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों पर अधिकारी 5 दिवस में रिपोर्ट तैयार करें तथा उपयोगी सुझावों पर गंभीरता से अमल सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में पर्याप्त बिजली उपलब्ध है और उद्योगों से लेकर किसानों तक निर्बाध विद्युत आपूर्ति सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में सदस्यों ने सुझाव दिया कि वन क्षेत्रों में जंगली जानवरों के खतरे को देखते हुए सिंचाई के लिए दिन में बिजली आपूर्ति पर विचार किया जाए। इस दौरान सचिव विशेष गढ़पाले ने विभाग की दो वर्षों की उपलब्धियां प्रस्तुत कीं। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की वर्ष 2024-25 में हानियां मात्र 2.60 प्रतिशत रहीं, जो न्यूनतम स्तरों में से एक है। अमरकंटक ताप विद्युत गृह द्वारा कंपनी के इतिहास में सर्वाधिक 512 दिन तक लगातार विद्युत उत्पादन का रिकॉर्ड बनाया गया। उपभोक्ता सेवाओं में सुधार हेतु लगभग 52 हजार स्थायी पदों का सृजन किया गया है और भर्ती प्रक्रिया जारी है। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के अंतर्गत 26 हजार 909 जनजातीय घरों का विद्युतीकरण किया गया। स्मार्ट मीटरिंग के माध्यम से प्री-पेड उपभोक्ताओं को 25 पैसे प्रति यूनिट की छूट भी दी जा रही है। बैठक में विधायक यादवेन्द्र सिंह, गौरव सिंह पारधी, ठाकुर दास नागवंशी, घनश्याम चंद्रवंशी और सुरेन्द्र सिंह बघेल सहित समिति सदस्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# शांति और सद्भाव से मनाएं होली का त्यौहार



**बरेला।** थाना परिसर में होली के त्यौहार के मद्देनजर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में नगर के जनप्रतिनिधि ,गणमान्य नागरिक सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। इस अवसर पर थाना प्रभारी अनिल पटेल ने कहा कि वर्तमान में परीक्षाएं चल रही हैं इस कारण से होली में डीजे का उपयोग न करें एवं रात्रि 12 बजे तक संभव हो सके तो होलिका दहन करलेवे एवं त्यौहार में नशे का सेवन न करें। यह त्यौहार शांति और सद्भाव का प्रतीक है। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित सीएमओ संजय पांडे ने कहा कि सभी लोगों को जल का अपव्यय न करें। बैठक में पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष सोनू सोनकर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरविंद तिवारी, मंडल अध्यक्ष अर्पित जैन, हाजी जहीर भाईजान सहित पटवारी अभिषेक चौबे, स्वास्थ्य विभाग से गणेश एवं नगर के गण मान्य नागरिक सम्मिलित हुए। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने सभी लोगों से यह त्यौहार मिलजुलकर बनाने की अपील की।

# भाजपा ने किया प्रेरक फिल्म "शतक" का विशेष प्रदर्शन



**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा समदड़िया मॉल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इतिहास एवं विचारों पर आधारित प्रेरक फिल्म "शतक" का विशेष प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, अध्यक्ष रत्नेश कुमार सोनकर एवं नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज सहित जिला पदाधिकारी, वरिष्ठजन, जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं मंडल कार्यकर्ता उपस्थित रहे। फिल्म में संघ की स्थापना से लेकर राष्ट्रहित में किए गए त्याग, तप, बलिदान और समर्पण को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार एवं पूज्य एम. एस. गोलवलकर (गुरुजी) के जीवन परिचय के साथ विभिन्न राष्ट्रीय आंदोलनों एवं सत्याग्रहों में संघ की भूमिका को दर्शाया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने "राष्ट्र प्रथम" की भावना के साथ संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया।



# धान घोटाले को लेकर किसानों ने जताया आक्रोश

## अर्थी जुलूस निकालकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**मझौली।** धान खरीदी घोटाले में 174 किसानों के लंबित भुगतान को लेकर भारतीय किसान संघ के बैनर तले किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित किसानों ने अर्थी जुलूस निकालते हुए शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन पुरानी मोहन दुकान से प्रारंभ होकर पोला तिराहा, बचैया तिराहा बस स्टैंड होते हुए तहसील कार्यालय पहुंचा, जहां प्रतीकात्मक रूप से अर्थी दहन भी किया गया। किसानों का आरोप है कि धान खरीदी में हुए घोटाले के कारण 174 किसानों का भुगतान अब तक लंबित है, जिससे उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। किसान संघ पदाधिकारियों ने बताया कि पूर्व में कई बार शिकायत और धरना-प्रदर्शन किए जाने के बावजूद प्रशासन द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ज्ञापन में लंबित भुगतान शीघ्र कराने तथा घोटाले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। प्रदर्शन में किसान अध्यक्ष वीरेंद्र पटेल, रंजीत पटेल, राकेश पटेल, चंदपाल सिंह एवं रत्नेश राय सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। किसानों ने चेतावनी दी कि शीघ्र समाधान नहीं होने पर आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। तहसीलदार ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाकर उचित कार्रवाई के प्रयास किए जाएंगे।

### अमरकंटक ताप विद्युत गृह के 'विद्युत वीर' सम्मानित

# 500 दिन सतत उत्पादन पर 11 लाख रुपये पुरस्कार की घोषणा





**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (MPPGCL) के अमरकंटक ताप विद्युत गृह (चचाई) की 210 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट क्रमांक 5 ने 500 दिनों से अधिक निरंतर विद्युत उत्पादन का ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। इस उपलब्धि पर आयोजित सम्मान समारोह में प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने कार्यपालक निदेशक तनवीर अहमद को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अभियंताओं एवं कार्मिकों को भी सम्मानित किया गया। प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने इस उपलब्धि के लिए अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई को 11 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।कार्यक्रम में डायरेक्टर टेक्निकल सुबोध निगम, डायरेक्टर कॉमर्शियल मिलिंद भान्दक्कर, कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन एवं प्रशासन दीपक कश्यप तथा अतिरिक्त मुख्य अभियंता उदित अग्रवाल उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश के ऊर्जा इतिहास में पहली बार किसी इकाई ने लगातार 500 दिन से अधिक विद्युत उत्पादन का रिकॉर्ड बनाया है। अपने संबोधन में मनजीत सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि उत्कृष्ट अभियंत्रण कौशल, अनुशासित संचालन, टीम भावना और प्रतिबद्ध नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने अमरकंटक ताप विद्युत गृह को ऊर्जा क्षेत्र में 'बेंचमार्क क्लासिक मॉडल' बताया। कार्यक्रम में 500 से अधिक दिनों की उत्पादन यात्रा, तकनीकी चुनौतियों और नवाचार आधारित समाधानों पर आधारित एक फिल्म भी प्रदर्शित की गई। कंपनी के अनुसार, यह उपलब्धि तकनीकी दक्षता, प्रबंधन कौशल और परिणामोन्मुख कार्यसंस्कृति का सशक्त प्रमाण है, जिससे प्रदेश की ऊर्जा क्षेत्र में प्रतिष्ठा और सुदृढ़ हुई है।



## 7 साल के जिदान खान ने रखा रोजा

**सिहोरा।** वार्ड क्रमांक 10 निवासी रईस खान के पुत्र जिदान खान ने केवल 7 वर्ष की उम्र में 09वां रोजा दिन शुक्रवार को रखा। यह ज़िदानं का पहला ही रोजा था।

# सिंधी प्रीमियर लीग का महा मुकाबला आज

**सिहोरा।** खेल भावना को बढ़ावा देना और समाज के युवाओं को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से नगर के अरुणाभ घोष स्टेडियम में आज शनिवार 28 फरवरी को आयोजित 'सिंधी प्रीमियर लीग' अपने निर्णायक पड़ाव पर पहुँच गई है। टेनिस बॉल नाइट टूर्नामेंट के इस भव्य समापन समारोह में आज सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। सफेद दूधिया रोशनी में नहाए स्टेडियम में शाम 7 बजे से चौकों-छक्कों की बरसात शुरू होगी। आयोजन समिति ने बताया कि टूर्नामेंट को लेकर दर्शकों में भारी उत्साह है और स्टेडियम में बड़ी संख्या में दर्शकों प्रशंसकों के जुटने की उम्मीद है। अमर भागवानी,विकास भागवानी, गौतम सहजवानी,यश पारवानी, अर्पित सिप्पी,नरेश भागवानी,जसरु सहजवानी,राहुल भोजवानी,मुरीदुल भागवानी,अमर सिप्पी,अमर सहजवानी,विशेष भागवानी,प्रदीप पारवानी,लखन वाधवानी,गिरीश,साजन भागवानी,आकाश,गिरीश आदि ने पहुंचने की अपील की है।

# शासकीय महाविद्यालय में चार अतिरिक्त कक्ष बनाने शासन से 2 करोड़ 90 लाख रुपये की मिली स्वीकृति



**मझौली।** शासकीय महाविद्यालय मझौली में सत्र 2025-26 का वार्षिक स्नेह सम्मेलन हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती विद्या दिनेश चौरसिया एवं श्रीमती शिप्रा राजेन्द्र चौरसिया उपस्थित रहीं। अध्यक्षता हेमंत मिश्रा ने की तथा प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. भजनलाल प्रधान के मार्गदर्शन में आयोजन सफल रहा। इस अवसर पर विधायक अजय विश्नोई द्वारा महाविद्यालय में चार अतिरिक्त कक्षों के निर्माण हेतु मध्यप्रदेश शासन से 2 करोड़ 90 लाख रुपये की स्वीकृति दिलाए जाने की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। सरस्वती वंदना और स्वागत गीत की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्राचार्य डॉ. भजनलाल प्रधान ने स्वागत उद्बोधन में महाविद्यालय की उपलब्धियों एवं भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। वार्षिक प्रतिवेदन डॉ. सुनील पांडेय ने प्रस्तुत किया, जिसमें शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा कैरियर मार्गदर्शन संबंधी गतिविधियों का उल्लेख किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, एकल गायन, नाटक, कवितापाठ एवं लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं। मंच संचालन शुश्री रागिनी मार्को एवं नमन अवस्थी ने किया। मुख्य अतिथियों दिनेश चौरसिया एवं राजेन्द्र चौरसिया ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में हेमंत मिश्रा ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य डॉ. भजनलाल प्रधान ने किया। सम्मेलन ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान किया।




**श्री पवन जैन** - भाग्यश्री ट्रांसपोर्ट कंपनी के संचालक श्री पवन जैन का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा आज सुबह 10 बजे उनके निज निवास, संगम कॉलोनी जैन मंदिर के पास से रानीताल मुक्ति धाम के लिए जाएगी।



**श्री रामचंद्र सिंह**- शिवाजी चौक शक्ति नगर निवासी श्री रामचंद्र सिंह (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दुलीचंद कुम्हार**- सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री दुलीचंद कुम्हार (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमेश झारिया**- दुर्गा नगर गौरीघाट निवासी श्री रमेश झारिया (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शुभम गौंड़**- वल्दी कोरी की दफाई आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री बिरजू गौंड़ के पुत्र श्री शुभम गौंड़ (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भगवान दास**- सुभाष नगर महाराजपुर निवासी श्री भगवान दास (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अनुराधा देवी गौंड़**- खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री सुनील कुमार गौंड़ की धर्मपत्नी श्रीमती अनुराधा देवी गौंड़ (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कपिलकांत दुबे**- कोल माइंस कॉलोनी गुप्तेश्वर निवासी श्री कपिलकांत दुबे (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गायत्री बाई श्रीवास्तव**- मां नर्मदा नगर बिलहरी निवासी श्री सुरेंद्र श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती गायत्री बाई श्रीवास्तव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**सुश्री शिवानी गोठारिया**- बिलहरी चेतना मैदान के पास निवासी श्री चूरामन गोठारिया की पुत्री सुश्री शिवानी गोठारिया (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पुष्पा देवी**- रानी दुर्गावती कॉलोनी डुमना रोड निवासी श्री चंद्र बहादुर की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा देवी (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती राजकुमारी शर्मा**- छापर विजयनगर रामपुर निवासी श्री सतीश कुमार शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी शर्मा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रज्जू लाल**- सरस्वती कॉलोनी चेरीताल निवासी श्री रज्जू लाल (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री विवेक सेन**- तिलहरी फेस 2 निवासी श्री छोटे लाल सेन के पुत्र श्री विवेक सेन (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 10x5 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 10x5 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x10 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

## चिंतन

# हाई-प्रोफाइल मामलों में सीबीआई जांच पर सवाल

हाई-प्रोफाइल मामलों में केंद्रीय जांच एजेंसियों की भूमिका हमेशा से जनचर्चा और राजनीतिक बहस का केंद्र रही है। जब जांच किसी मौजूदा या पूर्व मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर रहे व्यक्तियों के खिलाफ हो, तब जांच एजेंसी की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। ऐसे मामलों में हर कदम कानून की कसौटी पर परखा जाता है और जरा सी चूक एजेंसी की साख पर गहरा असर डाल सकती है। हालिया फैसलों ने एक बार फिर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई केस में बरी किया जाना एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। स्पेशल जज जितेंद्र सिंह ने यह कहते हुए आरोप तय करने से इनकार कर दिया कि अभियोजन पक्ष पर्याप्त और ठोस सबूत पेश करने में विफल रहा। अदालत की टिप्पणी कि साजिश का सिद्धांत अनुमान पर आधारित था, जांच एजेंसी की तैयारी और तथ्यों के संकलन पर सीधा प्रश्नचिह्न लगाती है। सीबीआई ने इस फैसले के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया है, किंतु निचली अदालत में मिली इस असफलता ने उसकी पेशेवर विश्वसनीयता को चुनौती दी है। इसी तरह, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पूर्व हरियाणा मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को पंचकूला प्लॉट पुनः आवंटन मामले में बड़ी राहत देते हुए सीबीआई के आरोपों को खारिज कर दिया। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि रिकॉर्ड पर उपलब्ध सामग्री से प्रथम दृष्टया अपराध का मामला नहीं बनता और आगे की कार्रवाई अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगी। यह टिप्पणी न केवल मामले की कानूनी स्थिति को स्पष्ट करती है, बल्कि जांच एजेंसी की विवेचना पद्धति पर भी सवाल खड़े करती है। इन दोनों मामलों की पृष्ठभूमि और राजनीतिक संदर्भ भिन्न हो सकते हैं, लेकिन एक समान तत्व उभरकर सामने आता है हाई-प्रोफाइल मामलों में जांच की गुणवत्ता और निष्पक्षता को लेकर संदेह। जब किसी मामले में 20 से अधिक आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की जाती है और अदालत आरोप तय करने से ही इनकार कर देती है तो यह केवल तकनीकी चूक नहीं मानी जा सकती। यह संकेत है कि या तो सबूतों का पर्याप्त परीक्षण नहीं हुआ या फिर जांच की दिशा ही कमजोर आधार पर खड़ी थी। किसी भी मुख्यमंत्री चाहे वह सत्तारूढ़ दल से हो या विपक्ष से, गिरफ्तारी अत्यंत गंभीर कदम है। यह कदम तभी उठाया जाना चाहिए, जब जांच एजेंसी के पास पुख्ता और अदालत में टिक सकने वाले प्रमाण हों। अन्यथा, गिरफ्तारी स्वयं में राजनीतिक विवाद का कारण बन जाती है और एजेंसी की निष्पक्षता पर प्रश्न उठते हैं। हाई-प्रोफाइल मामलों में विफलता का एक और आयाम है राजनीतिक ध्रुवीकरण। जब अदालतें आरोपों को खारिज करती हैं, तो विपक्ष को यह कहने का अवसर मिल जाता है कि जांच राजनीतिक प्रेरणा से की गई थी। दूसरी ओर, सत्तारूढ़ पक्ष एजेंसी की कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ कदम बताता है। इस खींचतान में सबसे अधिक क्षति न्याय व्यवस्था और जांच एजेंसी की साख को होती है। सीबीआई देश की प्रमुख जांच एजेंसी है और उससे अपेक्षा की जाती है कि वह पेशेवर दक्षता, पारदर्शिता और कानूनी मजबूती के साथ काम करे। जांच अधिकारियों के प्रशिक्षण, साक्ष्य संकलन की वैज्ञानिक पद्धति और अभियोजन पक्ष के साथ बेहतर समन्वय जैसे पहलुओं पर गंभीरता से ध्यान देना होगा।



कूटनीति
अरविंद जयतिलक

# भारत-इजराइल संबंधों का सुनहरा अध्याय

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल यात्रा न सिर्फ दोनों देशों के ऐतिहासिक एवं सभ्यतागत संबंधों में मिठास घोलने वाली है बल्कि इस यात्रा के ढेर सारे कूटनीतिक, रणनीतिक और सामरिक मायने भी हैं। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने मजबूत रिश्ते की पैरोकारी करते हुए आपसी कारोबार व सामरिक लक्ष्य को हासिल करने के निमित्त तकनीक एआई, स्टार्ट अप, क्रिटिकल और इमरजिंग टेक्नोलॉजी, डिफेंस, इकोनॉमी, कृषि और अनुसंधान समेत कुल 16 करारों और सहमति पत्रों पर मुहर लगाई है। अब दोनों देशों के प्रतिरक्षा और आर्थिक संबंधों को मजबूती मिलेगी तथा दोनों देश आतंकवाद और दहशतगर्दी के खिलाफ हर चुनौती से निपटने को तैयार हैं।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल यात्रा न सिर्फ दोनों देशों के ऐतिहासिक एवं सभ्यतागत संबंधों में मिठास घोलने वाली है बल्कि इस यात्रा के ढेर सारे कूटनीतिक, रणनीतिक और सामरिक मायने भी हैं। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने मजबूत रिश्ते की पैरोकारी करते हुए आपसी कारोबार व सामरिक लक्ष्य को हासिल करने के निमित्त तकनीक एआई, स्टार्ट अप, क्रिटिकल और इमरजिंग टेक्नोलॉजी, डिफेंस, इकोनॉमी, कृषि और अनुसंधान समेत कुल 16 करारों और सहमति पत्रों पर मुहर लगाई है।

दोनों देशों ने विज्ञान और तकनीक पर मौजूद जॉइंट कमिशन को मंत्रीस्तरीय दर्जे तक ले जाने के निर्णय के साथ ही भारत में इजराइल की मदद से चल रहे 43 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को विस्तार देकर 100 करने पर भी हामी भरी है। इजराइल की मदद से भारत में एग्रीकल्चर इनोवेशन सेंटर फॉर एग्रीकल्चर की स्थापना का भी निर्णय लिया है। दोनों देश एफटीए यानि (मुक्त व्यापार समझौता) पर आगे बढ़ते हुए दूसरे दौर की बातचीत मई माह में करने जा रहे हैं। इस यात्रा में पहले दौर की बातचीत का चरण पूरा हो चुका है। उल्लेखनीय है कि दोनों देशों ने एफटीए के टर्म्स और रेफरेंस को लेकर गत वर्ष नवंबर माह में हस्ताक्षर कर चुके हैं। गौर करें तो दोनों देशों का आपसी कारोबार वित्त वर्ष 2024-25 में तकरीबन 3.62 बिलियन डॉलर का था और अब अगर एफटीए मूर्त रूप लेता है तो दोनों देशों के कारोबार में कई गुना वृद्धि होगी। अच्छी बात है कि अब भारत का यूपीआइ पेमेंट सिस्टम इजराइल में भी चलेगा। दोनों देशों के बीच भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमइसी) और आईटूयूटू (भारत-इजराइल-यूएई-अमेरिका समूह) के तहत सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति बनी है। साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री मोदी ने दो टूक कहा है कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति और स्थिरता भारत के हित जुड़े हैं इसलिए हम आतंकवाद और इसके समर्थकों का विरोध करते रहेंगे।

दोनों देशों ने बढ़ते कट्टरपंथ और आतंकवाद से निपटने के लिए आपसी कंधा जोड़ने की जरूरत पर बल दिया है। गौर करें तो 2018 और उससे पहले 2002 में दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ द्विपक्षीय समझौते को आकार देते हुए आतंकवाद-रोधी संयुक्त कार्यदल का गठन किया था। आज वह कार्यबल, सूचनाओं के आदान-प्रदान से लेकर आतंकवाद की भयावहता से निपटने की तकनीक को सीखने में भरपूर मददगार साबित हो रहा है। बहरहाल आतंकवाद से जूझ रहे इन दोनों देशों की परिस्थितियां भिन्न-भिन्न हैं, लेकिन समस्या एक जैसी है। जहां भारत पड़ोसी देश पाकिस्तान के प्रायोजित आतंकवाद से पीड़ित है, वहीं इजराइल सीमा पार से फिलिस्तीन में डेरा जमाए आतंकी संगठन फतह और हमास से जूझ रहा है। अब दोनों देश मिलकर आतंक के खिलाफ लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने की कोशिश में एक मंच पर हैं। यहां ध्यान देना होगा कि अभी तक इजराइल से भारत की अति निकटता को दोधारी तलवार सरीखा माना जाता था।

यह कारण गिनाया जाता था कि चूंकि इजराइल और ईरान एक-दूसरे को फूटी आंख नहीं सुहाते, लिहाजा भारत को इजराइल से संबंध जोड़ने के मामले में फूंककर कदम रखना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल



यात्रा और बेंजामिन नेतान्याहू की भारत यात्रा ने इस मिथक को तोड़ दिया है। दोनों देश तेजी से एक-दूसरे के निकट आ रहे हैं। हालांकि भारत की घरेलू राजनीति में कुछ राजनीतिक दल मुस्लिम वोटयुक्ति के लिए नेतान्याहू और मोदी की युगलबंदी पर लगातार तंज कसते रहे हैं ,लेकिन आम जनमानस दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ होते रिश्ते से खुश है। किसी से छिपा नहीं है कि भारत के अधिकांश राजनीतिक दल फिलिस्तीन के मुद्दे पर इजराइल के निकट जाकर मुसलमानों की नाराजगी मोल लेने से बचते हैं। गौर करें तो प्रधानमंत्री मोदी से पहले किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री ने इजराइल जाने की जहमत नहीं उठायी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेतान्याहू ने पूर्वाग्रह के खोल से बाहर निकलकर भारत-इजराइल संबंधों को परवान चढ़ाया है। यहां ध्यान देना होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ईरान की भी यात्रा कर उसे भरोसा दे चुके हैं कि इजराइल से उसकी दोस्ती उसकी कीमत पर नहीं होगी। बदलते कूटनीतिक परिदृश्य में ईरान भी भारत की रणनीतिक सोच से अच्छी तरह अवगत है। उसका भारत पर विश्वास का ही नतीजा है कि वह चाबहार समझौते के लिए तैयार हुआ, जिसके जरिए भारत को चीन व पाकिस्तान पर नकेल कसने में मदद मिल रही है। गौर करें तो भारत-इजराइल दोनों देश उपनिवेशवाद के परवर्ती युग की उपज हैं और आज की तारीख में दोनों ही अपने शत्रुभाव रखने वाले पड़ोसी देशों से पीड़ित हैं। ऐसे में अगर दोनों देश प्रतिरक्षा और आर्थिक संबंधों को गति देते हैं तो निःसंदेह यह दोनों देशों के हित में होगा। गौर करें तो भारत और इजराइल के बीच प्रतिरक्षा के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।

भारत इजराइली हथियारों का सबसे बड़ा खरीदार देश है। भारत रक्षा हार्डवेयर के आयात में विश्व के सबसे बड़े आयातकों में से एक है, जबकि इजराइल इसका एक प्रमुख निर्यातक है। आज इजराइल ने उच्च तकनीक वाले रक्षा उपकरणों के आपूर्तिकर्ता के रूप में स्वयं को एक बड़े विकल्प के रूप में उभार लिया है। यहां ध्यान देना होगा कि इजराइल जिसकी अर्थव्यवस्था फिलिस्तीन युद्ध के कारण डांवाडोल होती रही है, को भी भारत के रूप में रक्षा उपकरणों के लिए एक बड़ा बाजार चाहिए। यही वजह है कि भारत के प्रति इजराइल की दिलचस्पी बनी हुई है। प्रतिरक्षा के अलावा व्यापार-कारोबार के क्षेत्र में भी दोनों देश नए कीर्तिमान गढ़ रहे हैं। इजराइल भारत में निवेश करने वाले शीर्ष देशों में शुमार है। एक आंकड़े के मुताबिक भारत में अप्रैल 2000 से सितंबर 2025 के बीच इजराइल से 334.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर का एफडीआई प्राप्त हुआ। इजराइल को कृषि विकास के क्षेत्र में महारत हासिल है।

दोनों देशों द्वारा औद्योगिक व प्रौद्योगिकी नवोन्मेश कोश के लिए आधी-आधी राशि का भुगतान, गंगा की सफाई, जल संरक्षण, परमाणु घड़ी के लिए सहयोग, जीईओ-एलईओ ऑप्टिकल लिंक, नैनो सेटलाइट को ऊर्जा इत्यादि पर भी तेजी से काम चल रहा है। भारत में निजी क्षेत्र ने भी इजराइली तकनीक में दिलचस्पी दिखायी है तथा बागवानी एवं सिंचाई के क्षेत्र में ड्रिप सिंचाई प्रणाली के उत्पादन के लिए टीवीएस का गठन किया गया है। फिलहाल दोनों देश आयात-निर्यात संतुलन को लेकर भी संजीदा हैं ताकि दोनों को कारोबार का समान लाभ मिले। भारत इजराइल को जेवरात, दवाइयां, औषधीय सामग्रियां, सूती धागे, वस्त्र, प्लास्टिक तथा लाइनोलियम इत्यादि निर्यात करता है। वहीं, इजराइल से मोती, कीमती पत्थर इत्यादि आयात करता है। प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदा यात्रा से अब दोनों देशों के प्रतिरक्षा और आर्थिक संबंधों को मजबूती मिलेगी तथा दोनों देश आतंकवाद और दहशतगर्दी के खिलाफ हर चुनौती से निपटने को तैयार हैं।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विवादित पाठ
प्रमोद भार्गव



# न्यायपालिका के साथ विधायिका व कार्यपालिका भी जवाबदेह बनें


राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआरटी) की पाठ्य पुस्तकों में धर्म, इतिहास और प्राचीन भारतीय विज्ञान व ज्ञान परंपरा से संबंधित यदि कोई पाठ जोड़ा जाता है, तो वह अक्सर विवाद का कारण बनता है। यहां तक कि लोकसभा में हंगामा होता है और बदली गई पाठों वाली पुस्तकें जलाई जाती हैं। अब एनसीईआरटी ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पाठ्य पुस्तक में एक नया पाठ जोड़कर 'आ बैल मुझे मार' वाली कहावत को चरितार्थ कर किया है।

इस पाठ के जरिए अब विद्यालयों में विद्यार्थियों को कम उम्र से ही न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार और लंबित मामलों के साथ-साथ वास्तविक चुनौतियों से भी परिचित कराया जाएगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश की अदालतों में खूब भ्रष्टाचार है। कुछ समय पहले ही एक न्यायाधीश के निवास पर करोड़ों रुपये मिलने के बाद उन पर महाभियोग चलाने की बात भी उठी थी, लेकिन मामला ठंडे बस्ते में है। शायद इसीलिए इस पाठ में जवाबदेही के साथ महाभियोग प्रक्रिया का भी ज्ञान दिया गया है। क्या इससे भी बदतर स्थिति कार्यपालिका और विधायिका में नहीं है? यदि इस पाठ में संविधान के इन स्तंभों को भी जोड़ दिया जाता तो शायद यह पहल निर्विवादित रहती? लेकिन ऐसा न करके एनसीईआरटी में बेवजह एक नए विवाद को आमंत्रित कर दिया है। हालांकि, वकीलों द्वारा आपत्ति जताई जाने और सर्वोच्च न्यायालय के संज्ञान में ले लिए जाने के बाद इस पुस्तक पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। न्यायपालिका ने इसे न्यायपालिका को सुनियोजित ढंग से बदनाम करने की साजिश माना है। न्यायालयों में पर्यापत भ्रष्टाचार है, लेकिन बिना किसी साक्ष्य के उस पर बात करना उचित नहीं है। जहां तक न्यायालयों में लंबित मुकदमों और न्यायाधीशों की कमी की बात है तो अदालतें स्वयं ही आंकड़े प्रस्तुत करती रहती हैं। इन कमियों को सामने लाना न्यायपालिका की पारदर्शिता को जताता है। विधायिका में तो कई सांसद और विधायक सदन में सवाल पूछने की रिश्वत लेते समाचार चैनलों द्वारा रंगे हाथ पकड़े गए हैं। ऐसे में यदि कार्यपालिका और विधायिका को भी इस पाठ में सम्मिलित कर दिया जाता तो विद्यार्थियों को यह पता चलता कि लोकतंत्र के तीनों स्तंभ भ्रष्टाचार से किस हद तक प्रभावित हो रहे हैं। इसी तरह पंचायत पदाधिकारियों और राजस्व मामलों का निराकरण राजस्व न्यायालयों में न होने के कारण न्यायालयों में प्रकरणों की संख्या बढ़ रही है। जीवन बीमा, दुर्घटना बीमा और बिजली बिलों का विभाग स्तर पर नहीं निपटना भी अदालतों पर बोझ बढ़ा रहे हैं। कई प्रांतों के भू-राजस्व कानून विसंगतिपूर्ण हैं। इनमें नाजायज कब्जे को वैध ठहराने के उपाय हैं। जबकि जिस व्यक्ति के पास दस्तावेजी साक्ष्य हैं, वह भटकता रहता है।

इन विसंगतिपूर्ण धाराओं का विलोपीकरण करके अवैध कब्जों से संबंधित मामलों से निजात पाई जा सकती है, लेकिन नौकरशाही ऐसे कानूनों का वजूद बने रहना चाहती है, क्योंकि इनके बने रहने पर ही इनके रौब-रुतबा और पौ-बारह सुनिश्चित हैं। अलबत्ता आज भी ब्रिटिश परंपरा के अनुसार अनेक न्यायाधीष ग्रीष्म ॠतु में छुट्टियों पर चले जाते हैं। सरकारी नौकरियों में जब से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान हुआ है, तब से हरेक विभाग में महिलाकर्मियों की संख्या बढ़ी है। इन महिलाओं को 26 माह के प्रसूति अवकाश के साथ दो बच्चों की 18 साल की उम्र तक के लिए दो वर्ष का 'बाल सुरक्षा अवकाश' भी दिया जाता है। अदालत से लेकर अन्य सरकारी विभागों में मामलों के लंबित होने में ये अवकाश एक बड़ा कारण बन रहे हैं। इधर, कुछ समय से लोगों के मन में यह भ्रम भी पैठ कर गया है कि न्यायपालिका से डंडा चलवाकर विधायिका और कार्यपालिका से छोटे से छोटा काम भी कराया जा सकता है। इस कारण न्यायालयों में जनहित याचिकाएं बढ़ रही हैं, जो न्यायालय के बुनियादी कामों को प्रभावित कर रही हैं। सरकारी नौकरी में आर्थिक सुरक्षा और प्रतिष्ठा निर्मित हो जाने से बौद्धिक योग्यता और पद प्रतिष्ठा की एक नई संस्कृति पनपी है। यदि कोई युवक या युवती सिविल जज बन जाता है, तो वे सिविज जज से ही शादी करने लग गए हैं। शादी के बाद दपंत्ति की अलग-अलग जगह पद्स्थापना इन्हें मिलने में रोड़ा बनती है, अतएव ये लोग किसी न किसी बहाने छुट्टी लेकर एक-दूसरे से मिलने चले जाते हैं। ये नई संस्कृति अदालतों में काम का बोझ बढ़ाने का नया कारण बन गई है। अतएव, इस तरह के बिंदु नए पाठ में शामिल कर दिए जाते तो विद्यार्थियों को अदालतों में व्याप्त भ्रष्टाचार और मुकदमों की बढ़ती संख्या की व्यापक जानकारी मिलती।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## निंदा का परित्याग



संकलित
दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में निर्वहन के लिए व्यक्ति के सामाजिक गुणों का अत्यंत महत्व है। गुणी व्यक्ति को प्रत्येक जगह सम्मान की प्राप्ति होती है। संसार के प्रत्येक प्राणी में कुछ गुण तो कुछ अवगुण पाए जाते हैं, परंतु कुछ लोग हैं जो दूसरे के अवगुणों को ही देखते हैं। वे किसी भी सकारात्मक पक्ष में नकारात्मकता देखने के अभ्यस्त हो जाते हैं। प्रायः ऐसे लोगों में निंदा की प्रवृत्ति पाई जाती है। वे ऐसा करके खुद को समाज में श्रेष्ठ एवं दूसरे को नीचा साबित करना चाहते हैं। निंदा एक नशे की भांति है, जो एक बार इसका आदी हो गया, वह दिन-प्रतिदिन इसके पाश में जकड़ता चला जाता है। मनीषियों ने निंदा को दुर्व्यसन के समान माना है, जो निंदा करने वाले व्यक्ति को अंदर ही अंदर नैतिक रूप से समाप्त करती रहती है। एक बार एक आचार्य अपने शिष्यों को शिक्षा प्रदान कर रहे थे। शिक्षा प्राप्ति के दौरान एक शिष्य अन्य शिष्यों की ओर संकेत करते हुए आचार्य से कहने लगा कि 'वे अपना कार्य सही से नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है इन लोगों को कार्य करना ही नहीं आता।' आचार्य बोले, 'तुमको छोड़ अन्य सारे शिष्य सही से कार्य कर रहे हैं।' इस पर शिष्य असहज हो गया। उसने आचार्य से पूछा, 'वह कैसे?' आचार्य बोले, 'क्योंकि वे लोग अपने कार्य में संलग्न हैं, किंतु तुम अपने कार्य पर ध्यान न देकर, दूसरों के कार्य की निंदा करने में अपने समय की बर्बादी कर रहे हो।'

## जरूरतमंदों की मदद ही सबसे बड़ी सेवा



संकलित
प्रेरणा

एक वैद्य गुरु गोविंद सिंह के दर्शन के लिए आनन्दपुर गया। वहां गुरुजी से मिलने पर उन्होंने कहा कि जाओ और जरूरतमंदों को सेवा करो। वापस आकर वह रोगियों की सेवा में जुट गया। शीघ्र ही वह पूरे शहर में प्रसिद्ध हो गया। एक बार गुरु गोविंद सिंह स्वयं उसके घर पर आए। वह बहुत प्रसन्न हुआ, लेकिन गुरुजी ने कहा कि वे कुछ देर ही ठहरेंगे। तभी एक व्यक्ति भागता हुआ आया और बोला- वैद्य जी, मेरी पत्नी की तबियत बहुत खराब है। जल्दी चलिए अन्यथा बहुत देर हो जाएगी। वैद्य जी असमंजस में पड़ गए। एक ओर गुरु थे, जो पहली बार उनके घर आए थे। दूसरी ओर एक जरूरतमंद रोगी था। अंततः वैद्यजी ने कर्म को प्रधानता दी और इलाज के लिए चले गए। लगभग दो घण्टे के इलाज और देखभाल के बाद रोगी की हालत में सुधार हुआ। तब वे वहाँ से चले, उदास मन से उन्होंने सोचा कि गुरुजी के पास समय नहीं था। अबतक तो वे चले गए होंगे फिरभी वैद्यजी भागते हुए वापस घर पहुँचे। घर पहुँचकर उन्हें घोर आश्चर्य हुआ। गुरुजी बैठे उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। वैद्यजी उनके चरणों पर गिर पड़े। गुरु गोविंद सिंह जी ने उन्हें गले से लगा लिया और कहा- तुम मेरे सच्चे शिष्य हो। सबसे बड़ी सेवा जरूरतमंदों की मदद करना है।

## समय से पहले खिले फूल



श्रीनगर के बादामवारी में गुरुवार को एक तितली बादाम के फूलों पर मंडराती हुई, इस साल पेड़ों पर असामान्य रूप से फूल जल्दी खिले हैं, जो मौसम के बदलते पैटर्न का संकेत है।

## आज की पाती

### बदलता मौसम और अनिश्चित भविष्य

फरवरी का महीना कभी सर्द हवाओं, हल्की धूप और पहाड़ों पर जमी बर्फ के लिए जाना जाता था, लेकिन इस बार तस्वीर बिल्कुल अलग है। उत्तर भारत से लेकर मध्य भारत तक तापमान सामान्य से कई डिग्री ऊपर चल रहा है। कश्मीर घाटी, जिसे बर्फ और ठंड की धरती माना जाता है, वहां अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यह फरवरी के इतिहास में असामान्य माना जा रहा है। 24 फरवरी 2016 को 20.6 डिग्री तापमान दर्ज हुआ था, लेकिन इस वर्ष उससे भी अधिक गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। श्रीनगर के मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डा. मुख्तार अहमद के अनुसार इस बार कोई मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं हुआ, जिससे सामान्य शीतकालीन वर्षा और बर्फबारी नहीं हो सकी। यह केवल एक मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि वायुमंडलीय असंतुलन का संकेत है।

*-परेश कौशिक, रायपुर*

## ट्रेंड

### पुण्यतिथि पर नमन




संघ से लेकर भाजपा तक, राष्ट्रसेवा व समाज-कल्याण के लिए समर्पित 'भारत रत्न' नानाजी देशमुख ने ग्रामोदय को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया और भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा के आजीवन पथप्रदर्शक रहे। नानाजी देशमुख को उनकी पुण्यतिथि पर नमन करता हूं।
- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### शांतिपूर्ण विरोध को बना दिया 'अपराध'



आज भारत में कंप्रोमाइज्ड पीएम के राज में शांतिपूर्ण विरोध करना सबसे बड़ा "अपराध" बना दिया गया है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को धीरे-धीरे ऐसी दिशा में धकेला जा रहा है, जहां असहमति को देशद्रोह और सवाल पूछने को साज़िश बताया जाता है।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### जनविश्वास का प्रतिबिंब



हमारी सरकार का रिपोर्ट कार्ड पिछले एक साल में दिल्ली के लिए किए गए कार्यों का लेखा-जोखा है और विकसित दिल्ली का रोडमैप भी है। यह उत्तर-पश्चिमी दिल्ली लोकसभा में हुए ठोस कार्यों, बुनियादी सुविधाओं, बढ़ते जनविश्वास का प्रतिबिंब है।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### कट्टर ईमानदार



एक बार फिर डा. आम्बेडकर की दूरदर्शी सोच और उनके बनाए संविधान पर फख्र महसूस हो रहा है। बीजेपी व सारी एजेंसियों की हमें बेईमान साबित करने की तमाम कोशिशों के बावजूद आज साबित हो गया कि केजरीवाल-सिसोदिया कट्टर ईमानदार है।
- मनीष सिसोदिया, पूर्व मंत्री, आप

## करंट अफेयर

# चीन में विधायिका के 19 सदस्य बर्खास्त किए गए

चीन की विधायिका ने अपनी वार्षिक बैठक शुरू होने से एक सप्ताह पहले 19 सदस्यों को बर्खास्त कर दिया है, जिनमें नौ सैन्य अधिकारी शामिल हैं। देर बृहस्पतिवार की गई इस घोषणा में यह नहीं बताया गया कि इस सदस्यों को क्यों हटाया गया है, लेकिन आमतौर पर इस तरह की कार्रवाई को भ्रष्टाचार संबंधी जांच से जोड़कर देखा जाता है। चीन के नेता शी चिनफिंग द्वारा शुरू किया गया भ्रष्टाचार रोधी अभियान एक दशक से अधिक समय बीतने के बाद भी थमता नजर नहीं आ रहा है। हाल के वर्षों में इस अभियान के दायरे में सेना भी आयी है। ऐसे में पिछले महीने सेना के शीर्ष जनरल को हटाए जाने की कार्रवाई भी इसी क्रम का हिस्सा मानी जा रही है, जब शी सशस्त्र बलों में सुधार और आधुनिकीकरण की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। शी चिनफिंग 14 साल से सत्ता में हैं और विश्लेषकों का कहना है कि यह अभियान संभावित प्रतिद्वंद्वियों को हटाने और अपने अधीनस्थों के बीच निष्ठासुनिश्चित करने का एक तरीका भी है। इन बर्खास्तियों का नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की बैठक पर कोई बड़ा प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है, जो अगले बृहस्पतिर को शुरू होगी और इसके एक सप्ताह तक चलने की उम्मीद है।



## ऑफ बीट

# रेन कोट की पानी से बचाव की क्षमता घटने के कारण

तेज बारिश में बाहर निकलने के कुछ ही समय बाद यदि रेन कोट के अंदर कपड़े भीगने लगें, तो अक्सर लगता है कि 'वाटरप्रूफ' कोट ने काम करना बंद कर दिया। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि आमतौर पर रेन कोट अचानक खराब नहीं होता, बल्कि उसकी बाहरी परत, गंदगी और लंबे उपयोग का असर धीरे-धीरे उसकी क्षमता कम करता है। अधिकतर गुणवत्तापूर्ण रेन कोट के भीतर एक विशेष वाटरप्रूफ मेम्ब्रेन लगी होती है। गोर-टेक्स जैसी तकनीक में पीटीएफई या ईपीटीएफई की अत्यंत पतली परत होती है, जिसमें सूक्ष्म छिद्र बने होते हैं। ये छिद्र पानी की बूंदों को भीतर आने से रोकते हैं, लेकिन शरीर से निकलने वाली जलवाष्प को बाहर जाने देते हैं। कुछ अन्य कोट ठोस, गैर-छिद्रयुक्त मेम्ब्रेन का उपयोग करते हैं, जो नमी को अवशोषित कर अणु-दर-अणु बाहर निकालती हैं। रेन कोट के बाहरी कपड़े पर 'ड्यूरेबल वाटर रिपेलेंट' (डीडब्ल्यूआर) नामक रासायनिक परत लगाई जाती है, जिससे पानी बूंदों के रूप में फिसल जाता है। पहले इन परतों में पीएफएएस जैसे 'फॉरएवर केमिकल्स' का इस्तेमाल होता था, लेकिन पर्यावरणीय चिंताओं के कारण अब सिलिकॉन या हाइड्रोकार्बन आधारित विकल्प अपनाए जा रहे हैं।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### मवेशियों को आवारा छोड़ने पर होगी कार्यवाही

**कटनी।** नगरीय क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा हाका गैंग के माध्यम से सतत अभियान संचालित किया जाकर घुमंतू मवेशियों पर नियंत्रण लगाने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के मुख्य मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विचरण कर रहे 19 घुमंतू मवेशियों को पकड़कर नियमानुसार अमीरगंज कांजी हाउस भेजा गया। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि सार्वजनिक सड़कों पर अवरोध की स्थिति को समाप्त कर नागरिकों को निर्बाध एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु गुरुवार को माधव नगर पी डब्लू डी कॉलोनी एवं मॉल के पास, विश्राम बाबा पटेल मार्केट एवं गेट के पास, बरगवां डन कालोनी तथा आजाद चौक सहित अन्य स्थलों से 19 घुमंतू मवेशियों को सुरक्षित पकड़कर काऊ कैचर वाहन के माध्यम से अमीरगंज कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की गई। नगर निगम द्वारा पशुपालकों को पुनः सचेत किया गया है कि वे अपने मवेशियों को सार्वजनिक मार्गों खुले में न छोड़ें। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध जुर्माना एवं अन्य वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### खन्ना बंजारी स्टेशन पर नई ट्रेन का किया स्वागत



**बरही।** खन्ना बंजारी रेलवे स्टेशन में भोपाल–धनबाद एक्सप्रेस का फूलमालाओं, ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। यह नई रेल सेवा खजुराहो कटनी–सिंगरौली व ब्यौहारी संसदीय क्षेत्र के लिए विशेष महत्व रखती है। 24 फरवरी को शाम 6 बजे भोपाल रेलवे स्टेशन से केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमामयी उपस्थिति में भोपाल–धनबाद एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। खन्ना बंजारी स्टेशन पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश तिवारी,संतोष द्विवेदी,प्रवीण त्रिवेदी डब्बू ब्रम्हदत्त तिवारी एवं नंदकिशोर गुप्ता, नवल सिंह चतुर्वेदी जिला मंत्री भाजपा युवा मोर्चा कटनी संजय साहू नीरज तिवारी,इरशाद अली, अखिलेश्वर यादव सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्टेशन प्रबंधक रमेश कुमार सिंह, स्टेशन मास्टर एवं रेलवे पुलिस के अधिकारी भी मौजूद रहे और कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया।

### अलग अलग स्थानों से अवैध शराब की जब्त

**कटनी।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने कार्रवाई कर अवैध शराब जब्त की है। ढीमरखेड़ा, कैमोर और बड़वारा पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर कच्ची और देसी शराब जब्त की है। जानकारी के अनुसार ढीमरखेड़ा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन स्थानों से शराब जब्त की। ग्राम सारंगपुर में सोमनाथ पटेल को 6 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा गया। ग्राम पिण्डरई में जितेंद्र उर्फ कढोरीलाल के पास से 5 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। वहीं ग्राम कछार गांव में राजू पिता भागचंद कोल 20 पाव देसी प्लेन शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने तीनों मामलों में धारा 34ए आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। इसी तरह कैमोर पुलिस ने खिरवाखुर्द और अमरैयापार में दो लोगों से शराब जब्त की। खिरवाखुर्द तिराहे के पास से तीरथ प्रसाद पटेल को 18 पाव देसी शराब के साथ पकड़ा गया। अमरैयापार तिराहे के पास आलोक कुमार तिवारी के कब्जे से 5 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त की गई। उधर बड़वारा पुलिस ने ग्राम विलायत कला के रमगड़ा मोहल्ला में दबिश दी। यहाँ आरोपी संजू सिंह को अवैध रूप से शराब पिलाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से एक आधी भरी बियर की बोतल, डिस्पोजल गिलास और नमकीन के पैकेट के साथ बिक्री के नगद 60 रुपये जब्त किए। आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### निगमायुक्त ने अधिकारियों की टीम के साथ शहर का किया सामूहिक परीक्षण

# विद्यार्थियों की सुरक्षा से न हो कोई खिलवाड़, जर्जर भवन को तत्काल हटाने के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





नगर निगम स्वामित्व की पुरानी संपत्तियों एवं बाजारों का रिनोवेशन कर उन्हें आधुनिक स्वरूप प्रदान करते हुए निगम की आय के स्त्रोतों में वृद्धि करने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने शुक्रवार प्रातः अधिकारियों एवं वास्तुकार की टीम के साथ नगर के एक दर्जन से अधिक स्थलों का सामूहिक निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का आकलन किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी कार्यपालन यंत्री असित खरे, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, सहायक यंत्री आदेश जैन, सुनील सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी सहित संबंधित शाखाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।

निगम की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने की दृष्टि से निगमायुक्त ने बस स्टैंड स्थित दुकानों, ऑडिटोरियम के पीछे हरिजन बस्ती क्षेत्र, गोल बाजार, बिलैया तलैया सब्जी मंडी तथा बरगवां एलआईसी कार्यालय के समीप स्थित सुधार न्यास मार्केट का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान संपत्तियों की वर्तमान स्थिति का परीक्षण करते हुए आवश्यक मरम्मत, संरचनात्मक सुधार एवं विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए, ताकि इन संपत्तियों का व्यवस्थित उपयोग सुनिश्चित कर राजस्व वृद्धि की दिशा में ठोस कार्यवाही की जा सके।

#### रसोई घर का निरीक्षण

निगमायुक्त ने बस स्टैंड स्थित दीन दयाल रसोई घर पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रतिदिन लाभान्वित होने वाले नागरिकों की संख्या, निर्धारित शुल्क, बैठक व्यवस्था एवं संचालन प्रणाली की जानकारी ली।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वच्छता, पेयजल की शुद्धता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। रसोई परिसर में नियमित साफ-सफाई एवं गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान किए गए।

मदन मोहन चौबे वार्ड स्थित बरगवां स्कूल के निरीक्षण के दौरान शाला स्टाफ से चर्चा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जर्जर भवन को तत्काल हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, पठन-पाठन की बेहतर सुविधा सुनिश्चित करने हेतु शाला भवन की आवश्यक मरम्मत एवं संरचनात्मक सुदृढ़ीकरण के निर्देश सहायक यंत्री को दिए गए।

डन कॉलोनी के सामने स्थित बरगवां खदान क्षेत्र का निरीक्षण कर उक्त स्थल के सौंदर्यीकरण एवं आधारभूत विकास कार्यों के माध्यम से संभावित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर चर्चा की गई। माधवनगर गेट क्षेत्र का निरीक्षण कर सुगम आवागमन सुनिश्चित करने, सड़क किनारे जमी धूल को नियंत्रित करने तथा मुख्य मार्गों के दोनों ओर नियमित अपशिष्ट सफाई कराने के निर्देश दिए गए। निगमायुक्त ने कहा कि नगर की आय वृद्धि, स्वच्छता सुदृढ़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना ही प्राथमिकता है।

# ग्राम पटोरी में पेयजल समस्या से परेशान ग्रामीणों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बहोरीबंद क्षेत्र के ग्राम पटोरी में पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है। कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा बीते गुरुवार को औचक निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों के बाद हैंडपंप संधारण टीम ने गांव पहुंचकर बिगड़े हैंडपंपों की मरम्मत कर उन्हें चालू कर दिया है। अब गांव में 8 हैंडपंपों के माध्यम से नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है।

गौरतलब है कि विकास एवं निर्माण कार्यों तथा जनहितैषी योजनाओं की जमीनी हकीकत परखने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री तिवारी बीते गुरुवार को बहोरीबंद क्षेत्र के भ्रमण पर थे। इसी दौरान ग्राम पटोरी में ग्रामीणों ने पेयजल संकट की समस्या से अवगत कराया। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने तत्काल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को आवश्यक सुधार कार्य करने के निर्देश दिए। निर्देश मिलते ही विभाग की संधारण टीम ने मौके पर पहुंचकर बिगड़े हैंडपंपों को दुरुस्त कर दिया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री पवनसुत गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम पटोरी में 121.56 लाख रुपये की नल-जल योजना स्वीकृत की गई थी। योजना के तहत एक सफल नलकूप खनन, 7.5 एचपी मोटर पंप स्थापना, दो विद्युत कनेक्शन, 9459 मीटर पाइपलाइन विस्तार, 316 घरेलू नल कनेक्शन, 75 किलोलीटर क्षमता की उच्च स्तरीय टंकी तथा 20 किलोलीटर का संपवेल निर्माण कार्य पूर्ण किया गया था। तीन माह के सफल ट्रायल रन के उपरांत 20 अक्टूबर 2025 को योजना ग्राम पंचायत को हस्तांतरित कर दी गई थी।

हालांकि, स्रोत की जल आवक क्षमता कम होने से नल-जल योजना प्रभावित हुई। इसके समाधान के लिए नवीन नलकूप खनन की तकनीकी स्वीकृति पूर्व में ही प्रदान की जा चुकी थी। जिन नलकूपों में तकनीकी खराबी आई थी, उन्हें अब दुरुस्त कर पुनः चालू कर दिया गया है। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से ग्राम पटोरी में पेयजल संकट का प्रभावी समाधान हुआ है।

# 'होली के रंग आजीविका के संग' के तहत लगे उत्पाद मेले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी एवं जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देशानुसार तथा जिला परियोजना प्रबंधक एनआरएलएम शबाना बेगम के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जनपद पंचायत रीठी द्वारा जिले के सभी विकासखण्डों में 'होली के रंग, आजीविका के संग' आजीविका उत्पाद मेलों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आजीविका मिशन रीठी द्वारा ग्राम पंचायत भवन परिसर में दो दिवसीय उत्पाद मेलों का आयोजन 25 और 26 फरवरी को किया गया। महिलाओं को सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाने का आजीविका मिशन द्वारा विभिन्न माध्यमों से निरंतर प्रयास किया जा रहा है। जिसके लिए समूह सदस्यों को प्रशिक्षण क्षमतावर्धन कर गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है।

इस उत्पाद मेले में विकासखंड रीठी के अंतर्गत संचालित संकुल संगठनों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी सह विक्रय हेतु रखा गया। जिसमें ज्योति सीएलएफ द्वारा ग्राम बडगांव से लाखचूडी धनियां एवं गोबर उत्पाद, ग्राम तिघराकलॉ से चावल एवं सरसों।

इसी प्रकार महिलाशक्ति सीएलएफ द्वारा ग्राम जमुनिया (गौशाला) से गोबर की लकडी (गौकाष्ट), गोबर के अन्य उत्पाद तथा नौवापटी से जैविक उत्पाद सब्जी फल इत्यादि। वहीं दुर्गा सीएलएफ ग्राम बिलहरी से पत्थर मूर्ति, मिटटी मूर्ति, हैंगर इत्यादि। जबकि एकता सीएलएफ रीठी के ग्राम हरद्वारा से बडी, पापड़, नमकीन, सब्जी, फल, फेलावर ज्वेलरी इत्यादि शामिल रही।

मेले में शामिल सामग्री को क्रय करने स्थानीय नागरिकों का उत्साह देखने को मिला जिसमें नायब तहसीलदार, एसबीआई रीठी के शाखा प्रबंधक, फील्ड ऑफीसर, विभिन्न सरपंच, सचिव व अन्य जनप्रतिनिधि पत्रकार गण इत्यादि भी शामिल हुये। मेले में अपने समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को विक्रय के लिये लाई महिलाओं द्वारा सहभागिता की गई। उनके उत्पादों के पश्चात मिल रही प्रशंसा से उनमें आत्म विश्वास भी बढ़ रहा है।

कार्यक्रम के आयोजन में विकासखण्ड प्रबंधक राजेश पाण्डेय, सहायक विकासखण्ड प्रबंधक देवेन्द्र कुमार जैन, मथुरा प्रसाद, जानकी शरण शिवहरे, कल्लू प्रसाद यादव, पुष्पेन्द्र कुमार सेन के अतिरिक्त अर्चना लोधी, ज्योति लोधी, उर्मिला लोधी, क्रांति तिवारी, सरिता सिंह, सीमा सिंह, ममता सिंह, आशाबाई व तरूण बाई ने विशेष रूप से सहयोग किया।

## होली पर्व पर हुरदंगियों पर रहेगी पुलिस ने कड़ी निगरानी



आगामी होली एवं रमजान पर्व को ध्यान में रखते हुए थाना विजयराघवगढ़ में आयोजित शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों की उपस्थिति में बैठक प्रारंभ हुई जिसमें आगामी पर्व होली एवं रमजान को लेकर जारी गाइड लाइन के बारे में पुलिस द्वारा उपस्थितजनों को बताया गया। पर्व के दौरान व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक सुझाव भी लोगों ने पुलिस को दिया। चर्चा के दौरान पुलिस द्वारा जनमानस से अपील की गई कि होलिका दहन समय कर करें, धुडेरी पर किसी को जबरन रंग न लगाएं, केमिकल युक्त रंगों से परहेज करें और हर्बल गुलाल या रंगों का ही उपयोग करें। पुलिस द्वारा यह भी कहा गया कि त्योहार के दौरान नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की निगहबानी रहेगी और शराब पीकर उत्पात मचाने, रंग ने भंग डालने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। शराब पीकर वाहन न चलाने की अपील भी पुलिस द्वारा की गई। खास बात यह रही कि लोगों ने पुलिस अधिकारियों से मांग रखी कि पर्व के दौरान नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाली अवैध पैकारियों को कम से कम दो दिनों के लिए बंद करवाया जाए। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष उदयराज सिंह चौहान, नगर परिषद उपाध्यक्ष हरिओम बर्मन, तहसीलदार मनीष शुक्ला, बीएमओ डॉक्टर विनोद कुमार, उपनिरीक्षक अश्वनी यादव, उपनिरीक्षक आरके झा, शिक्षक हरीश दुबे, अरविंद बड़गैयां आदि की उपस्थिति रही।

# नशा मुक्ति व धोखाधड़ी से बचने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान



शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन शासकीय प्राथमिक विद्यालय सनकुई में किया जा रहा है। प्रातःकाल स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी निकालकर व्यायाम, प्राणायाम, योग एवं परेड का अभ्यास किया। इसके बाद गांव में नशा मुक्ति रैली निकाली गई।

स्वयंसेवकों ने नशा छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो, नशे की लत एक बीमारी है, इससे दूर रहना समझदारी है, जो नशे को हराएगा, वही सच्चा वीर कहलाएगा तथा बीड़ी पीके खांस रहा है, मौत से आगे नाच रहा है जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया और नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया।बौद्धिक सत्र में दलनायक अभिषेक कुमार ने अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चोबे ने स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा के तहत हेलमेट पहनने की अनिवार्यता पर बल दिया। उन्होंने साइबर अपराध से बचाव के लिए ओटीपी किसी से साझा न करने, प्रलोभन या उपहार संबंधी कॉल से सतर्क रहने तथा सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने की सलाह दी।

साथ ही स्वयं जागरूक रहकर परिवार एवं ग्रामीणों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान समर्पित बीसी आशीष नामदेव ने वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग योजनाओं एवं डिजिटल लेन-देन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। शिविर में स्वयंसेवकों एवं ग्रामीणजनों की सक्रिय सहभागिता रही।

## समस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही के निर्देश

# आयुक्त ने कर्मचारियों की सुनी गई समस्यायें, अधिकारियों को निराकरण करने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर निगम कार्यालय में कार्यरत वर्तमान कर्मचारियों सहित सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सेवा संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु शुक्रवार प्रातः 11 बजे से नगर निगम के एमआईसी कक्ष में आयोजित कर्मचारी समस्या निवारण शिविर आयोजित किया। शिविर में नगर निगम के कार्यरत कर्मचारियों सहित सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के समक्ष अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। निगमायुक्त द्वारा भी संबंधित आवेदनों पर धैर्यपूर्वक सुनवाई करते हुए विभागीय अधिकारियों को आवेदनों पर समयबद्ध तरीके से प्रकरणों पर नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान उपायुक्त शैलेष गुप्ता सहित निगम की अन्य शाखाओं के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में नगर निगम के विभिन्न विभागों के लगभग 19 आवेदनों सहित मौखिक शिकायतों पर भी सुनवाई की गई।

#### इन प्रकरणों पर सुनवाई

शिविर के दौरान विभिन्न आवेदनों पेंशन की रोकी गई 10 प्रतिशत राशि के भुगतान कराने, चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ प्रदान किये जाने, सी.पी.एफ एवं परिवार कल्याण राशि, वाहन भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता, जी.पी.एफ, सी.पी.एफ एवं ई.पी.एफ, बीमा राशि, विनियमित करने सहित अन्य सेवा संबंधित आवेदनों पर सुनवाई उपरांत विभागीय अधिकारियों को आवेदन प्रेषित किया जाकर मार्च माह में आयोजित होने वाले शिविर के पूर्व प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही कर नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि ऐसे प्रकरण जिनमे दस्तावेजों के आभाव में भोपाल स्तर से कार्यवाही लंबित है उनमें संबंधित आवेदकों को सूचित करें तथा आवश्यक दस्तावेजों लेते हुए शाखा के कर्मचारी को भोपाल भेजकर लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। वहीं शिविर में आवेदन लेकर पहुचे कर्मचारियों द्वारा आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करानें हेतु निगम कार्यालय की वर्तमान प्रक्रिया में आने वाली परेशानियों से निगमायुक्त को अवगत कराने पर निगमायुक्त द्वारा कर्मचारियों को अवकाश स्वीकृति की प्रक्रिया के सरलीकरण का आश्वासन दिया गया।

## जिला पंचायत सीईओ ने ''विकसित भारत जी राम जी'' की दी जानकारी

# श्रमिकों को समय पर मजदूरी भुगतान की गारंटी, देरी पर मिलेगा मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय विज़न विकसित भारत- 2047 के परिप्रेक्ष्य में विकसित भारत–गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 (वीबी-जी राम जी) लागू किया गया है। वीबी-जी राम जी अधिनियम-2025 के महत्वपूर्ण प्रावधानों एवं प्रदत्त कानूनी अधिकारों के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता के उद्देश्य से जिला पंचायत सभा कक्ष में पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया।

पत्रकारवार्ता में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर ने वीबी जी राम जी अधिनियम-2025 की विशेषताओं की जानकारी से अवगत कराया। इस अवसर पर जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी और मनरेगा के परियोजना अधिकारी ऋषिराज चढार उपस्थित रहें।

जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कौर ने बताया कि जिलें में 1 लाख 35 हजार 408 जॉबकार्डधारी परिवार हैं, जिनमें 2 लाख 39 हजाा 890 श्रमिक शामिल है। विकसित भारत-जी रामजी अधिनियम 2025 ग्रामीण परिवारों के लिए सालाना 100 की जगह 125 दिन का गारंटीकृत रोजगार, बेहतर बुनियादी ढांचा, समय पर मजदूरी और पारदर्शिता को मजबूत करता है। ग्राम सभाओं को योजना बनाने में सशक्त बनाया गया है, जिससे टिकाऊ ग्राम बुनियादी ढांचा विकसित होगा। अधिनियम में समय पर भुगतान की गारंटी और देरी होने पर मुआवजे का प्रावधान है। साथ ही रीयल-टाइम एमआईएस डैशबोर्ड, जीपीएस मॉनिटरिंग और सोशल ऑडिट के जरिए पारदर्शिता बढ़ेगी। इसमें जल सुरक्षा, आजीविका बुनियादी ढांचा, आपदा-सुरक्षा और ग्रामीण कनेक्टिविटी जैसे कार्यों पर भी जोर दिया गया है।

सीईओ श्रीमती कौर द्वारा बताया गया कि अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को प्रति वित्तीय वर्ष 125 दिवस का रोजगार गारंटी प्रदान की गई है। कृषि के चरम मौसम (बुआई एवं कटाई के सीजन) में एक वर्ष में 60 दिवस कार्य-विराम का प्रावधान किया गया है, जिससे कृषि श्रम उपलब्धता सुनिश्चित हो। दैनिक मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक अथवा अधिकतम पंद्रह दिवस के भीतर किया जाना अनिवार्य है। रोजगार सृजन को चार प्राथमिक क्षेत्रों से जोड़ा गया है। जल सुरक्षा संबंधी कार्य में नहरों का निर्माण, चेक डैम, तालाबों का पुनरुद्धार और वनीकरण कार्य किये जायेंगे। मूलभूत ग्रामीण अवसंरचना ग्रामीण सड़कें, ग्राम पंचायत भवन, आंगनवाड़ी केंद्र और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, आजीविका संबंधी अवसंरचना ग्रामीण हाट, अनाज भंडारण, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के लिए वर्कशेड और डेयरी इंफ्रास्ट्रचर, चरम मौसम की घटनाओं से निपटने के लिए विशेष कार्य चक्रवात/बाढ़ आश्य स्थल, तटबंध और जंगल की आग प्रबंधन जैसे कार्य किये जायेंगे।

ग्राम स्तर पर विकसित ग्राम पंचायत योजना के माध्यम से विकेन्द्रीकृत योजना निर्माण किया जाएगा। योजना को केंद्रीय क्षेत्र योजना से बदलकर केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में लागू किया गया है। यदि 15 दिवस में कार्य उपलब्ध न कराया जाए तो राज्य द्वारा बेरोजगारी भत्ता देय होगा। पंचायत राज संस्थाओं को योजना कियान्वयन में प्रमुख भूमिका, जिसमें कम से कम 50 प्रतिशत कार्य लागत ग्राम पंचायतों द्वारा निष्पादित किया जायेगा।



# त्यौहारों को लेकर खितौली चौकी में शांति समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

खितौली पुलिस चौकी प्रगांण में आगामी त्योहारों में शांति, कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से चौकी प्रभारी के नेतृत्व में बैठक का आयोजित हुई। बैठक में चौकी प्रभारी ऋषभ सिंह बघेल ने ग्रामीणों को समझाइश दी की अपने अपने गांव में शांति व्यवस्था क़ायम रखें विवाद की स्थिति उत्पन्न न होने दें। बैठक में चौकी प्रभारी ऋषभ सिंह बघेल आरक्षक अंकित बड़गैया सैनिक श्याम नारायण मोहन यादव मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी सरपंच सुखसेन सिंह भाजपा नेता रामलाल गुप्ता उपसरपंच मिथलेश त्रिपाठी पुष्पेन्द्र त्रिपाठी हकीम भाईजान पप्पू चतुर्वेदी डॉ प्रदीप तिवारी सरपंच पति लक्ष्मण सिंह हदरहटा संदीप मिश्रा जगुआ पूर्व सरपंच चिंतामणि विश्वकर्मा राजेश सोनी बाबू लाल आदिवासी पूर्व सरपंच प्रहलाद सोनी कोटवार सोहनलाल दाहिया सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

# रंग-रंगीले पर्व की तैयारियां हो गई शुरू

## बाजारों में रंग गुलाल, पिचकारियों की दुकानें सजी

**जबलपुर।** रंगों के पर्व होली को अब तीन दिन शेष रह गया है। बाजार में रंग-रंगीले पर्व की तैयारियां शुरू हो गई हैं। दुकानदारों ने रंग-गुलाल, पिचकारियों के जो ऑर्डर बुक कराये थे, उनका माल अब आ चुका है। वहीं होलिका स्थापित करने वाली समितियों ने चंदा उगाही का धंधा शुरू कर दिया है। हर तरफ धीरे-धीरे होली के त्यौहार के आगमन की आहट सुनाई देने लगी है। रंगों के मदमस्त त्यौहार होली पर शहर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की संख्या भी अब गिनी चुनी रह गई है। ले-देकर गुंजन कला सदन की रसरंग महोत्सव धुरेड़ी की पूर्व संध्या पर होगा।



अब फागों के मुकाबले नहीं के बराबर बचे हैं। दरअसल महंगाई ने लोगों के उत्साह पर लगाम लगा रखी है। समस्याओं से बेजार लोगों के लिये अब त्यौहार क्या और आम दिन क्या, रोज दो वक्त की रोटी कमाने और बच्चों को पालने की फिक्र में बीतते हैं। आसमान छूती मंहगाई ने लोगों के उत्साह और उमंग पर पानी फेर दिया है। बच्चों में जरूर त्यौहारों पर उत्साह रहता है, लेकिन होली के त्यौहार के वक्त बोर्ड परीक्षाएं व कॉलेज स्तर की परीक्षाएं चल रही हैं। पढ़ाई लिखाई से दूर बेगारी, मुफलिसी में दिन काटने वालों के लिये जरूर खासकर होली का त्यौहार रोजगार का साधन बन जाते हैं। 50 रूपये के चंदे की रसीद खरीद कर हजारों रूपये की उगाही मोहल्ले के दादाओं के साथ की जाती है और मौजमस्ती, शराबखोरी में इन रूपयों पैसों को उड़ाया जाता है। ऐसे लोगों ने अभी से अपने-अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में अरण्डी के पेड़ स्थापित कर दिये हैं। होलिका प्रतिमाओं का निर्माण भी प्रारंभ हो गया है। दो-चार दिनों से रंग-अबीर की दुकानें भी सज गई हैं।

# महाकोशल महाविद्यालय में स्नेह सम्मेलन के द्वितीय दिवस सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की रहीं धूम

**जबलपुर।** पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन के द्वितीय दिवस 25 फरवरी 2026 को महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आचार्य एवं अध्यक्ष (अंग्रेजी) डॉ. आभा पाण्डे रहीं। विशिष्ट अतिथि सिविल लाइन जबलपुर के पार्षद श्याम कनौजिया एवं क्रीड़ा अधिकारी, शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर डॉ. रमेश शुक्ला उपस्थित रहे। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. शुभांगी धगट ने की। मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ तथा अतिथियों को पौधा एवं स्मृति-चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।



अपने उद्बोधन में डॉ. रमेश शुक्ला ने कहा कि स्नेह सम्मेलन विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करता है। श्याम कनौजिया ने इसे विद्यार्थियों की रचनात्मक ऊर्जा का उत्सव बताया। मुख्य अतिथि डॉ. आभा पाण्डे ने विद्यार्थियों को सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित करते हुए अंग्रेजी विषय में स्नातकोत्तर स्तर पर सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी को स्वर्ण पदक प्रदान करने की घोषणा की। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. शुभांगी धगट ने इसे सौहार्द और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का पर्व बताया।

सांस्कृतिक सत्र "गीत गुंजन" का शुभारंभ डॉ. देवेन्द्र कोष्टा एवं विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना से हुआ। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने मधुर गीतों की प्रस्तुति देकर वातावरण को सरस बना दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. तृप्ति उकास ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. रविश तमन्ना ताज़िर द्वारा किया गया। संयोजक डॉ. ज्योति जुनगरे के निर्देशन में डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. विभा निगम सहित समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।



# कंडे की होली जलाएं नफरत को मिटाओ

**जबलपुर।** कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ ने सर्व समाज से अपील की है कि हिंदू और सनातन संस्कृति में कंडे की होली जलाएने की प्रथा रही है, हमारे वरिष्ठजन होली का संदेश देकर नफरत मिटा देते थे, आज हमारे देश में सरकार में बैठे वरिष्ठ लोग आरक्षण, जातिवाद, यूजीसी, हिंदू संस्कृति, आपस में उलझा कर ऐसे वक्तव्य देते हैं ताकि समाज में विध्वंस उत्पन्न हो जाए, सनातन संस्कृति में संख्या प्रतिशत की कोई आवश्यकता नहीं है, सनातन संस्कृति कहती है हम सब एक हैं, सनातन संस्कृति हमारे पूर्वजों की महान संस्कृति है। होली, दिवाली, भाई दूज, परीवा, रक्षाबंधन, सभी जाति और धर्म के लिए एक समान क्यों बनाया गया इसका कोई जवाब है हमारे नेताओं के पास, अपने देश तोड़ने का काम किया है ओबीसी बनाया पिछड़ा बनाया एसटी, दलित एवं वंचित बनाया, सवर्ण देश की मर्यादाओं को संपूर्ण विश्व के सामने जिस प्रकार से प्रदर्शित किया है चाहे वह आरएसएस हो, कांग्रेस हो चाहे भारतीय जनता पार्टी जनता सब समझती है। सुप्रीम कोर्ट के सामने तुम्हारी एक नहीं चलती, तुम्हारी मंसा को संपूर्ण सनातन धर्म अब समझने लगा है। इस अवसर पर धनंजय बाजपेई, डॉक्टर अरुण मिश्रा, आनंद मोहन शर्मा, यदुवंश मिश्रा, रावेंद्र तिवारी, सीताराम कुरचानिया, निशांत शर्मा, गजेंद्र सेन, मजनू भाईजान, आनंद गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

# युवाओं को शोध और नवाचार से जुड़ने का आह्वान

## खालसा कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर हुआ दो दिवसीय आयोजन

**जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन मध्य प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया, बायोलॉजिकल इनोवेशन नेटवर्क, महाकौशल विज्ञान परिषद एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के सहयोग से संपन्न हुआ। प्रथम तकनीकी सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में महाकौशल विज्ञान परिषद के अध्यक्ष प्रो. एस.पी. गौतम उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता प्रो. कमलेश चौरे (डीन, लाइफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, सतना) एवं डॉ. माही चौरे (सहायक प्राध्यापक, बायोटेक्नोलॉजी विभाग, एकेएस विश्वविद्यालय, सतना) ने विज्ञान में नवाचार और शोध की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। अतिथियों का शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया।

प्राचार्य डॉ. आर.एस. चंडोक ने बताया कि इस वर्ष की थीम "Role of Women in Science and Technology: Insights from the Indian Knowledge System" ने विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक विज्ञान के समन्वय को समझने का अवसर दिया। कार्यक्रम में 24 विद्यालयों एवं 10 महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता की। द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि प्रो. शिखा सक्सेना (प्राचार्य, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर) रहीं। उन्होंने छात्राओं को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. वैभव शुक्ला ने विज्ञान परिषद की गतिविधियों की जानकारी दी। अंत में विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रूबी दुग्गल ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. हर्षिता शुक्ला ने किया। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को शोध, नवाचार और विज्ञान के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया गया।



# मप्र पूर्व क्षेत्र कंपनी के चार कार्मिक आज होंगे सेवानिवृत्त





**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से अधिकारी/ कर्मचारी आज 28 फरवरी 2026 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।शैलेश श्रीवास्तव- मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय कार्यपालन अभियंता (क्षेत्रीय भंडार) छतरपुर में कार्यपालन अभियंता के पद पर पदस्थ शैलेश श्रीवास्तव 41 वर्ष 01 माह की सेवा के उपरांत आज 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। सतीश कुमार पाठक- मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य) जबलपुर में कनिष्ठ शीघ्रलेखक के पद पर पदस्थ सतीश कुमार पाठक 35 वर्ष 03 माह की सेवा के उपरांत आज 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। अयाज अहमद- मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय मुख्य महाप्रबंधक (भंडार एवं क्रय) जबलपुर में वरिष्ठ शीघ्रलेखक के पद पर पदस्थ अयाज अहमद 41 वर्ष 08 माह की सेवा के उपरांत आज 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। हरि सिंह मरावी- मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय ईईक्यूए लैब, जबलपुर में परीक्षण पर्यवेक्षक ग्रेड- दो के पद पर पदस्थ हरि सिंह मरावी 36 वर्ष 04 माह की सेवा के उपरांत आज 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। पूर्व क्षेत्र कंपनी इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



# तक्षशिला इंजीनियरिंग कॉलेज में धूत ट्रांसमिशन प्रा.लि. औरंगाबाद महाराष्ट्र का ओपन कैम्पस

**जबलपुर।** तक्षशिला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में बीटेक, पॉलीटेक्निक एवं आईटीआई के छात्रों हेतु धूत ट्रांसमिशन प्रा.लि. औरंगाबाद (महाराष्ट्र) द्वारा ओपन कैम्पस आयोजित किया गया। छात्रों ने प्लेसमेंट वार्ता, एप्टीट्यूड टेस्ट, लिखित परीक्षा दी तथा उत्तीर्ण छात्रों का साइकोमैट्रिक टेस्ट तथा फाइनल साक्षात्कार होने के पश्चात 32 छात्रों का चयन हुआ, जिनका जॉब लोकेशन औरंगाबाद होगा।चयनित छात्रों को संस्था के चेयरमेन आरएन पहारिया, शरद कुमार गुप्ता, शरद जैन, प्राचार्य डॉ. बीके साहू, डॉ. आईके खन्ना ने बधाई दी कैम्पस को सफल बनाने में डॉ. नितिन गौर, प्रो. गुरवानी कौर, प्रो. पलग पैगवार, आशुतोष पांडेय, मो. फैजल अंसारी एवं अनीता गुप्ता का विशेष योगदान रहा।

# प्रस्तावित पानी की टंकी पहाड़ी पर बनाई जाए

## सूर्यकुटी शिशु मुक्तिधाम समिति ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** सूर्यकुटी शिशु मुक्ति धाम समिति रविदास नगर बाबाटोला ने 27 फरवरी को राज्यपाल, मुख्यमंत्री मप्र शासन, कलेक्टर जबलपुर एवं नगर निगम के नाम ज्ञापन अपर कलेक्टर श्री मरावी के माध्यम सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि रविदास नगर बाबाटोला क्षेत्र जो अनुसूचित जाति समुदाय बहुल क्षेत्र है, जहां चौधरी समाज के पूर्वजों ने लगभग 200 वर्ष पूर्व टेढ़ीनीम में बच्चों का श्मशानघाट बनाया था, उक्त भूमि शासकीय अभिलेखों में चरनोई/ पहाड़ मद में दर्ज थी, जिस पर भू-माफिया एवं बिल्डरों की नजर थी। क्षेत्रीयजनों ने उक्त श्मशान भूमि को संरक्षित करने एक जनहित याचिका दायर की है। वर्तमान में नगर निगम जबलपुर द्वारा शहरी उन्मूलन विकास कार्यक्रम अमृत-2 योजना के तहत 10,00,000 लाख लीटर पानी की टंकी बनाए जाने का बोर्ड लगाया गया है, जिससे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है, क्योंकि पानी की टंकी को नीचे स्थान पर बनाया जाना प्रस्तावित है जबकि उक्त पानी की टंकी ऊंचे स्थान पर बनाई जाए तो चारों ओर पानी सप्लाई में आसानी होगी। क्षेत्रीयजनों ने पहाड़ी पर टंकी निर्मित कराने के साथ ही श्मशानघाट के चारों ओर बाउंड्रीवॉल बनाने व अन्य सुविधाएं मुहैया कराने की मांग की है।



# पूर्व विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के मानव सेवा का संकल्प अंतर्गत लगा स्वास्थ्य शिविर

**जबलपुर।** पूर्व विधानसभा क्षेत्र में जनकल्याण की भावना से प्रेरित कांग्रेस मानव सेवा का संकल्प एवं स्वास्थ्य शिविर के चौथे दिन बुधवार को भानतलैया स्कूल खेरमाई में प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ हुआ जो शाम 5:00 बजे तक जारी रहा, जिसमें जन समूह का तांता लगा रहा। चौथे दिन में लगभग 2500 हितग्राहियों ने अपना परीक्षण कराया जिसमें 943 हितग्राहियो का चश्मे के लिए पंजीयन किया गया। 154 हितग्राहियों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए पंजीयन किये गये। लगभग 1300 हितग्राहियों को दवाईयों का वितरण किया गया। कांग्रेस मानव सेवा संकल्प के माध्यम से गरीब एवं पीड़ित वर्ग को निःशुल्क एवं बेहतर उपचार उपलब्ध कराना लखन घनघोरिया का दृढ़ संकल्प है। स्वास्थ्य शिविरों के जरिए जरूरतमंदों तक जांच, परामर्श और उपचार की सुविधाएं पहुँचाकर जनसेवा का कार्य निरंतर किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर में ब्लाक अध्यक्ष अभिषेक चंदेल, संजय अहिरवार, मुन्नू पंडा, धर्मेन्द्र पटारिया, सोनू सोनकर, शैंकी सोनकर, राजेश दीवान, विजय पसेरिया, धीरेन्द्र विश्वकर्मा, जतिन सप्रे, बलराज भोजक, आभा पटेल आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल:3 लाइनमेन होंगे सम्मानित







**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र कंपनी के तीन समर्पित और अनुभवी लाइनमेन, श्री दशरथ पाण्डेय, श्री सुरेश कुमार पटेल और श्री दउआ सिंह को 7 मार्च 2026 को नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित छठे लाइनमेन दिवस समारोह में सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उनके उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के लिए दिया जा रहा है।

श्री दशरथ पाण्डेय (सेवा अवधि 37 वर्ष) – वर्तमान में O&M (सिटी) संभाग, कटनी में कार्यरत, जिन्होंने तूफान जैसे आपातकालीन स्थितियों में त्वरित सुधार कार्य कर विद्युत आपूर्ति को सुचारू किया।

श्री सुरेश कुमार पटेल (सेवा अवधि 29 वर्ष) – O&M संभाग, सीधी में कार्यरत, जो अपनी तकनीकी दक्षता और सुरक्षा मानकों के पालन के लिए जाने जाते हैं। श्री दउआ सिंह (सेवा अवधि 30 वर्ष) – बुढ़ार उपसंभाग में कार्यरत, जिनके द्वारा कोल इंडिया और रेलवे क्रॉसिंग पर स्थित केबलों का समय पर रखरखाव किया जाता है। तीनों कर्मचारियों ने विषम परिस्थितियों में भी अपने कार्यों को प्रभावी तरीके से अंजाम दिया और विद्युत व्यवस्था को निर्बाध बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस सम्मान समारोह में उनके उत्कृष्ट योगदान को मान्यता दी जाएगी।

पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री अजय गुप्ता और मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) श्रीमती संपदा सराफ गुर्जर ने उन्हें इस सम्मान के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी वर्ष पर व्याख्यान आज

**जबलपुर।** नवम सिख गुरु गुरु तेग बहादुर के सनातन धर्म की रक्षा हेतु दिए गए बलिदान के 350वें शहीदी प्रेरणादायी वर्ष के अवसर पर 28 फरवरी 2026 को शाम 5:30 बजे संस्कृति थिएटर, कल्चरल स्ट्रीट, भंवरताल, जबलपुर में व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विभाग प्रचार प्रमुख विनय सोलंकी ने जानकारी दी कि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रामदत्त चक्रधर, सह सरकार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ होंगे। कार्यक्रम में गुरु तेग बहादुर जी के त्याग, तप और धर्म रक्षा के अद्वितीय बलिदान पर प्रकाश डाला जाएगा। आयोजकों ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

**पानी की व्यवस्था के लिए अतिरिक्त राशि मांगेंगे**

# नाला, नालियों से गुजर रही जर्जर, टूटी-फूटी लाइनों को बदलने 7 दिनों में बनेगी डीपीआर

## महापौर ने जनसंगठनों को किया आश्वस्त

**जबलपुर।** नाली-नालों से गुजर रही 80 प्रतिशत पाइप लाइनें तथा जर्जर और टूटी-फूटी लाइनों को तत्काल चिन्हित कर उन्हें बदलने या हटाने हेतु डीपीआर सात दिनों के भीतर बनाई जाएगी। मध्यप्रदेश सरकार ने समूचे मध्यप्रदेश के लिए पीने के पानी की व्यवस्था हेतु 50 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, अतः बनाई गई डीपीआर के आधार पर इन 50 करोड़ रुपये में से ज्यादा से ज्यादा राशि जबलपुर को मिले इस हेतु मांग तत्काल मप्र सरकार के समक्ष रखी जाएगी। यह घोषणा 27 फरवरी को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने जनसंगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन पर की है। इंदौर, भोपाल, उज्जैन को अतिरिक्त राशि, किंतु जबलपुर को नहींडॉ. पीजी नाजपांडे ने बताया कि इस वर्ष के बजट में इंदौर, भोपाल, उज्जैन को पीने के पानी की व्यवस्था के लिए अतिरिक्त राशियां दी गई हैं। उज्जैन को अतिरिक्त 1133 करोड़ दिए गए हैं, किन्तु जबलपुर के लिए अतिरिक्त राशि की घोषणा नहीं की गई है, जबकि जल जीवन मिशन के सर्वे में पाया गया कि जबलपुर में सप्लाई हो रहा 47 प्रतिशत पानी पीने योग्य नहीं है।



### वित्तमंत्री से अतिरिक्त राशि मांगी जाएगी

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने घोषणा की कि दो-तीन दिनों के भीतर इंदौर, भोपाल, उज्जैन की तर्ज पर जबलपुर के लिए भी अतिरिक्त राशि मांगी जाएगी। यह राशि समूचे मप्र के लिए आवंटित 50 करोड़ के अतिरिक्त होगी। इस अवसर पर एड. वेदप्रकाश अधौलिया, टीके रायघटक, डीपी सिंह, संतोष श्रीवास्तव तथा पीएस राजपूत उपस्थित रहे।



# तक्षशिला ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

**जबलपुर।** तक्षशिला इंजीनियरिंग कॉलेज जबलपुर में 27 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में भाषण, वाद-विवाद एवं कविता पाठ आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसका शीर्षक "हमारी भाषा, हमारी पहचान, हमारी संस्कृति, हमारी शान" था। प्रतियोगिता में आयुष गुप्ता, शुभि श्रीवास्तव एवं शुभम शर्मा वाद-विवाद टीम-1 तथा अंशिका श्रीवास्तव, मयंक रजक, रवि जायसवाल, आशुतोष बर्मन वाद-विवाद टीम-2 एवं अर्पिता गुप्ता ने भाषण प्रतियोगिता में नगद राशि और प्रमाण पत्र प्राप्त किए, यह कार्यक्रम संस्था के एमबीए विभाग द्वारा प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम में चेयरमेन आरएन पहारिया, शरद गुप्ता, शरद जैन, प्राचार्य डॉ. बीके साहू, डॉ. आईके खन्ना, डॉ. नितिन गौर, डॉ. पर्व परमान, प्रो. मेघा अग्रवाल, प्रो. गुरवानी कौर पदम एवं निधि सराफ सहित संस्था के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# तांत्रिक जगत के रहस्य को दिखाती है 'चरक'

**मुंबई।** 'द केरल स्टोरी' फेम निर्देशक सुदीप्तो सेन की आगामी फिल्म 'चरकः फेयर ऑफ फेथ'का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज हो गया है। ट्रेलर में भारत के ग्रामीण इलाकों में फैले अंधविश्वास, रूढ़िवादिता और तंत्र-मंत्र से जुड़े कई सवाल उठाए गए हैं। यह फिल्म 6 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर के शुरुआत में दिखाया गया है कि गांव से बच्चे गायब हो रहे हैं। इसके बाद उनके माता-पिता पुलिस के पास इसकी शिकायत दर्ज करवाने पहुंचते हैं। धीरे-धीरे आगे दिखाई देता है कि अघोरी बाबा, साथ ही कुछ लोग तंत्र-मंत्र से जुड़े होते हैं। आगे दिखाया गया है कि चरक मेले में लोग अंधविश्वास से जुड़े होते हैं तांत्रिक क्रिया करते हैं। लेकिन इस बीच सवाल यही खड़ा होता है कि बच्चे कहां गायब हो रहे हैं और वो कैस मिलेंगे। चरक भारतीय तांत्रिक जगत के रहस्यमय और अनसुलझे पहलुओं को तलाशने की कोशिश करती है। इसमें मनोवैज्ञानिक रूप से गहराई से जुड़े किरदारों को एक विचलित कर देने वाले ट्रेडिनशन के साथ मिलाया गया है। टेलर में अंधविश्वाल, तंत्र-मंत्र की अलग-अलग विद्याओं और विधाओं के बारे में दिखाया गया है।

लाइफ Style

# रश्मिका दुल्हन के जोड़े में लगीं खूबसूरत

विजय देवरकोंडा के दोस्तों ने सोशल मीडिया पर कुछ साझा की तस्वीरें हैं। कई दोस्त एक तस्वीर में नजर आ रहे हैं और उन्होंने फोटो को कैप्शन दिया है- 'दूल्हे की टीम।' विरोश की शादी वाला हैशटैग भी इस्तेमाल किया है।विजय और रश्मिका की शादी के जश्न के लिए डीजे गणेश उदयपुर पहुंचे। वह इस शादी में अपने म्यूजिक से समा बांधेंगे।

एजेंसी ▸▸| मुंबई

रश्मिका मंदाना शादी में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। इस दौरान वो सिल्क के कपड़ों में दुल्हन के तौर पर नजर आईं। जो पारंपरिक रीति-रिवाजों को दर्शाता है। वो दुल्हन के रूप में काफी खूबसूरत नजर आईं। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के अनुसार, शादी की रस्में एक खास कोरियाई ड्रामा से प्रेरित थीम पर आधारित शाम के साथ शुरू हुईं। यह थीम रश्मिका मंदाना के कोरियाई पॉप कल्चर के प्रति प्यार को दर्शाती हैं। रात का मुख्य आकर्षण कोरियाई ड्रामा की थीम पर आधारित एक खास केक था, जिसने समारोह को और भी खास बना दिया। एक ओर जहां फैंस शादी की तस्वीरों का इंतजार कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कॉस्ट्यूम डिजाइनर श्रव्या वर्मा ने हल्दी समारोह के दौरान की एक तस्वीर साझा की है। इसमें वो पीले रंग के आउटफिट में चेहरा पर रंग लगाए नजर आ रही हैं। उनके दोनों हाथों पर विरोश का टैग बंधा हुआ है। उनकी तस्वीर देखकर ऐसा लगता है कि हल्दी में जमकर मस्ती की गई है। विजय-रश्मिका की फिल्म 'गीता गोविंदम' के निर्माता बन्नी वसू ने विरोश को शादी की शुभकामनाएं भेजी हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा, 'मेरे गीता गोविंदम आप दोनों को एक-दूसरे को हमेशा के लिए चुनते देखना बेहद खास है।



## हॉलीवुड मसाला




# टेलर-ट्रैविस की जल्द होने वाली है शादी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन सिंगर टेलर स्विफ्ट को अपना जीवनसाथी मिल गया है। इसी साल सिंगर अपनें मंगेतर ट्रैविस केल्से से शादी करने वाली हैं। पॉपुलर सिंगर टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्से को अक्सर एक साथ देखा जाता है। कभी यह कपल डेट पर जाता दिखाई देता है। तो कभी मस्ती में झूमता हुआ। मगर अब कपल जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। बीते साल अगस्त में सगाई कर के दोनों ने अपने फैंस को हैरान कर दिया था। सिंगर टेलर स्विफ्ट के फैंस दुनिया में हर जगह हैं। उनके गानों और लाइफस्टाइल को दर्शक खासा पसंद करते हैं। अब टेलर जल्द ही अपने चाहने वालों को शादी की खुशखबरी दे सकती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबित सिंगर ट्रैविस केल्से से 13 जून को शादी के बंधन में बंधेगीं।




# कॉमेडियन मार्टिन की बेटी कैथरीन ने खुद को मारी गोली!

**लॉस एंजिल्स।** टीवी शो 'ओनली मर्डर्स इन द बिल्डिंग' के एक्टर मार्टिन शॉर्ट की बेटी कैथरीन शॉर्ट का निधन हो गया है। वह 42 साल की थीं। टीएमजे के मुताबिक कैथरीन शॉर्ट ने सोमवार रात हॉलीवुड हिल्स में अपने घर पर खुद को गोली मार ली। पड़ोसियों ने मार्टिन के बारे में पुलिस को खबर दी। इसके बाद इमरजेंसी सर्विस और लॉस एंजिल्स पुलिस डिपार्टमेंट के अधिकारी उनके घर पर पहुंचे। शॉर्ट परिवार ने कैथरीन शॉर्ट के निधन की खबर कन्फर्म की। उन्होंने एक बयान में लिखा 'बहुत दुख के साथ हम कैथरीन शॉर्ट के निधन की पुष्टि करते हैं। शॉर्ट परिवार इस घटना से बहुत दुखी है। इस समय गोपनीयता चाहता है। कैथरीन शॉर्ट सभी की प्यारी थीं। उन्हें दुनिया में लाई गई खुशी के लिए याद किया जाएगा।' लॉस एंजिल्स फायर डिपार्टमेंट को सोमवार की शाम को हॉलीवुड हिल्स के एक घर से एक महिला के निधन के बारे में कॉल आया। लॉस एंजिल्स पुलिस डिपार्टमेंट ने पीपल को कन्फर्म किया कि कॉल एक संभावित सुसाइड के बारे में थी। कैथरीन की मौत मार्टिन शॉर्ट के लिए हाल ही में दूसरा बड़ा नुकसान है। इससे पहले पिछले महीने उनकी पुरानी दोस्त कैथरीन ओ'हारा का निधन हो गया था।



# रिहाना की बॉडी शेमिंग पर नाराज हुईं इलियाना

**मुंबई।** इलियाना डिक्रूज अक्सर ही खुलकर कई मुद्दों पर अपनी राय रखती हैं। हाल ही में उन्होंने सिंगर रिहाना की बॉडी शेमिंग पर नाराजगी दिखाई। ट्रोल करने वालों को करारा जवाब दिया है। हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज ने अपने इंस्टाग्राम पर हॉलीवुड सिंगर रिहाना को सपोर्ट किया। जो लोग प्रेग्नेंसी के बाद उनकी ट्रोलिंग कर रहे थे, उनको इलियाना डिक्रूज ने खूब खरी-खोटी सुनाई। हाल ही में प्रेग्नेंसी के बाद रिहाना अपने बेटे कजर आईं। उनका लुक देखकर कई लोगों ने कहा कि वह क्यों वापस शेप में नहीं आईं। इस बात पर इलियाना नाराज हो गईं। इसलिए इंस्टाग्राम पर उन्होंने एक पोस्ट किया। वह लिखती हैं, 'उन्होंने एक बच्चा पैदा किया और उस बच्चे को जन्म दिया। उसे हेल्दी रख रही हैं। फिर भी सवाल यह है कि वह अभी तक बाउंस बैक क्यों नहीं कर पाई हैं? यह बहुत गुस्सा दिलाने वाली अवास्तविक उम्मीदें।



# अली अब्बास की नई फिल्म में अहान निभाएंगे लीड रोल

**मुंबई।** फिल्ममेकर अली अब्बास जफर ने अपनी नई एक्शन-रोमांस फिल्म की शूटिंग आधिकारिक तौर पर शुरू कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी। अली अब्बास जफर की इस फिल्म में उनके साथ लीड रोल में अहान पांडे नजर आएंगे, जिनकी पिछली फिल्म सैयारा ने जबरदस्त सफलता हासिल की थी। यह अहान की दूसरी बॉलीवुड फिल्म होगी। फिल्म का पहला शूटिंग शेड्यूल मुंबई में लगभग एक महीने तक चलेगा। अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर अहान के साथ एक तस्वीर शेयर कर शूटिंग की शुरुआत का ऐलान किया। तस्वीर में अहान ब्लैक आउटफिट और लेदर जैकेट में काफी डैपर नजर आए, वहीं अली अब्बास जफर भी ऑल-ब्लैक लुक के साथ ब्राउन जैकेट में दिखे। यह फोटो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है।

## टीवी मसाला



# तुम से तुम तक ने की जबरदस्त वापसी, अनुपमा तीसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते टीवी सीरियल्स में टीआरपी की रेटिंग लिस्ट में टॉप पर आने के लिए घमासान होता है। इस हफ्ते भी कुछ ऐसा ही मामला रहा। सातवें हफ्ते की रेटिंग लिस्ट में टॉप 1 में स्मृति ईरानी की अदाकारी वाले सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने जगह बनाई है। इस सीरियल को 1.9 रेटिंग मिली है। पिछले हफ्ते इस सीरियल की रेटिंग 2.0 थी। छठे हफ्ते में भी यह सीरियल पहले स्थान पर था। रेटिंग लिस्ट में दूसरे स्थान पर सीरियल 'तुम से तुम तक' है। इसकी टीआरपी 1.8 है। पिछले हफ्ते यह सीरियल टॉप 5 में नहीं था। इस हफ्ते इस सीरियल ने जबरदस्त छलांग लगाई है। पिछले हफ्ते दूसरे स्थान पर सीरियल 'अनुपमा' था। इस हफ्ते 'तुम से तुम तक' ने इसे पछाड़ दिया है। सातवें हफ्ते की रेटिंग लिस्ट में तीसरे स्थान पर रुपाली गांगुली की अदाकारी वाला टीवी सीरियल 'अनुपमा' है। इस हफ्ते इस सीरियल की टीआरपी 1.8 है। पिछले हफ्ते के मुकाबले इस सीरियल में काफी गिरावट दर्ज की गई है। इस बार चौथे स्थान पर टीवी सीरियल 'गंगा माई की बेटियां' ने जगह बनाई है। इसकी रेटिंग 1.8 है। इस बार टीआरपी की रेटिंग लिस्ट में पांचवें स्थान पर टीवी सीरियल 'वसुधा' है। इस हफ्ते इस सीरियल को 1.7 रेटिंग मिली है। पिछले हफ्ते यह शो चौथे स्थान पर था। इसमें प्रिया ठाकुर और अभिषेक शर्मा अहम किरदारों में हैं।

## अंकिता-विक्की ने की भक्तंबर पूजा

**नई दिल्ली।** गुरुवार को अंकिता लोखंडे ने अपने पति विक्की जैन के साथ भक्तंबर पूजा करने के बाद आध्यात्मिकता और एकजुटता पर एक नोट साझा किया। अंकिता ने बताया इस पूजा से उन्हें शांति और आशीर्वाद का एहसास हुआ। अंकिता लोखंडे ने अपने पति विक्की जैन के साथ इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'आज हमने भक्तंबर पूजा की। फिर से मुझे लगा कि पति-पत्नी जब साथ में प्रार्थना करते हैं, तो उसकी ताकत बहुत अलग होती है। जब दो लोग मिलकर दिल से ईश्वर को कुछ अच्छा अर्पित करते हैं, तो मन को बहुत शांति मिलती है, दिल शांत हो जाता है और आत्मा को सुकून मिलता है।' अंकिता ने आगे लिखा, 'मैं बहुत खुश और आभारी हूं कि मेरा विवाह ऐसे परिवार में हुआ है, जहां भक्ति और मूल्य वही हैं जिनमें मैं पली-बढ़ी हूं। जब हम सब आध्यात्मिक पलों में एक साथ आते हैं, तो यह अपने आप में बहुत बड़ा आशीर्वाद लगता है। मेरे लिए ईश्वर एक ही है।



# दो और दो पांच के सीक्वल में नजर आएंगे अभिषेक और बॉबी

**मुंबई।** 1980 की क्लासिक कॉमेडी-एक्शन फिल्म 'दो और दो पांच' के रीमेक को लेकर इन दिनों जबरदस्त चर्चा है। अब प्रोड्यूसर दीपक मुकुट ने फिल्म की रीमेक को लेकर बड़ा खुलासा किया है। पहले खबरें आई थीं कि रोहित शेट्टी अपनी फिल्म 'गोलमाल 5' के लिए इसकी कहानी को अपनाने वाले हैं। हालांकि, उनकी टीम ने इन खबरों को पूरी तरह गलत और भ्रामक बताया और साफ कहा कि यह जानकारी गलत है। अब इस मामले पर फिल्म प्रोड्यूसर दीपक मुकुट ने खुद सामने आकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने पुष्टि की है कि 'दो और दो पांच' के रीमेक के अधिकार उनके पास हैं और फिलहाल फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। दीपक ने बताया कि करीब 10 साल पहले वे इस फिल्म का रीमेक बनाना चाहते थे, जिसमें कुणाल कोहली को निर्देशक के रूप में लेने का प्लान था। उस समय अभिषेक बच्चन और बॉबी देओल को अमिताभ बच्चन और शशि कपूर वाले किरदारों के लिए सोच लिया गया था, लेकिन वह प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ सका।






### दीपक के पास है फिल्म का अधिकार

दीपक मुकुट ने यह भी कहा कि वह आज भी अभिषेक और बॉबी को साथ में कास्ट करना पसंद करेंगे, क्योंकि दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री शानदार है। दोनों कलाकार पहले 'झूम बराबर झूम' और 'प्लेयर्स' में साथ नजर आ चुके हैं। फिलहाल यह तय नहीं है कि नई फिल्म सीधा रीमेक होगी, सीक्वल होगी या सिर्फ प्रेरित कहानी पर आधारित होगी। लेकिन निर्माता ने साफ कर दिया है कि अधिकार उनके पास हैं और उन्होंने ट्रेड मैगजीन में नोटिस भी प्रकाशित कराया है ताकि कोई और इसे रीमेक न कर सके।

# सलमान की भांजी के साथ जमेगी सिद्धांत की जोड़ी





**मुंबई।** सलमान खान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री ने फिल्म 'फर्रे' से इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। अब वे सिद्धांत चतुर्वेदी की हीरोइन बनने वाली हैं। साल 2023 में अलीजेह अग्निहोत्री ने इंडस्ट्री में कदम रखे। वे फिल्म 'फर्रे' में पहली बार नजर आईं। अब वे अगली फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं। सलमान खान की भांजी की जोड़ी इस बार पर्दे पर सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ जमने की खबर है। दोनों सितारे विकास बहल की आगामी फिल्म में नजर आएंगे, जो एक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विकास बहल ने अपनी आगामी फिल्म के लिए अलीजेह और सिद्धांत को साइन किया है। फिल्म का नाम अभी तय नहीं है। 'फिल्म की कहानी इंग्लैंड में रहने वाले उन पंजाबी युवाओं पर आधारित है, जो अपनी मिट्टी यानी पंजाब से भी जुड़े थे, लेकिन साथ ही वहां की विदेशी संस्कृति में भी रच-बस रहे थे'। फिल्म में दर्शकों को 90 के दशक का लुक और डांस क्लबों का माहौल देखने को मिलेगा। साथ ही यह भी देखने को मिलेगा की पंजाबी म्यूजिक के दुनियाभर में लोकप्रिय होने के पीछे किस तरह का संघर्ष रहा है और जुनून रहा है। अलीजेह फिल्म में सिंगर के रोल में नजर आएंगी। बता दें कि अलीजेह, अलवीरा खान और अतुल अग्निहोत्री की बेटी हैं। हालांकि, अभी इस फिल्म को लेकर कोई आधिकारिक एलान नहीं किया गया है। इसी के साथ इस फिल्म को लेकर और अधिक जानकारी का इंतजार है। इस फिल्म की शूटिंग इस साल की दूसरी छमाही में शुरू होने की उम्मीद है। अगर यह फिल्म बनती है तो विकास बहल के साथ सिद्धांत की यह दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले सिद्धांत ने निर्देशक की रोमांटिक कॉमेडी 'दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग' में साथ काम किया है, जो इस साल जुलाई में रिलीज हो सकती है। इस बीच बात करें सिद्धांत के वर्क फ्रंट की तो वे अपनी आगामी फिल्म 'दो दीवाने सहर में' को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें वे मृणाल ठाकुर के साथ नजर आए हैं। मगर, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं कर रही है।

## थिएटर के बाहर तैनात एम्बुलेंस, हॉलीवुड ने की थी मदद

# बॉलीवुड फिल्म जिसे अकेले देखने पर था 10 हजार रुपए का इनाम

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

ये कहानी है हॉरर फिल्मों की दुनिया में उस सफल और सबसे डरावनी कही जानेवाली उस फिल्म की, जिसके लिए डिस्ट्रीब्यूटर्स ने रख दी थी बड़ी शर्त। कहते हैं कि डिस्ट्रीब्यूटर ने घोषणा कर दी थी की कि जो भी इस फिल्म को अकेले सिनेमाघर में देखेगा, उसे 10,000 रुपए नकद मिलेंगे और हॉल के बाहर लगा रखा था एम्बुलेंस। रामसे ब्रदर्स की पुराना मंदिर (1984) और वीराना (1988) ऐसी हॉरर फिल्मों की लिस्ट में रही हैं जिसने लोगों को जितना ही डराया, उतनी ही इन फिल्मों ने कमाई भी की। ये फिल्में काफी कम बजट में बनी, लेकिन इसके बावजूद बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफल रहीं। इन सभी फिल्मों में से जिस फिल्म ने लोगों का गला सबसे अधिक सुखाया वो थी 'दरवाजा' जो साल 1978 में रिलीज हुई थी।

### लोगों को डराने के लिए भयानक दिखना जरूरी

रामसे फैमिली की तीसरी पीढ़ी दीपक रामसे और अमित रामसे ने 'दरवाजा' की कहानी को याद किया। एक बातचीत में दीपक ने बताया, 'आजकल आपके पास मेकअप के कई ऑप्शन मौजूद हैं। उस समय, बहुत कम ऐसे मेकअप आर्टिस्ट थे जो वास्तव में डरावना मेकअप करना जानते थे। सितारे अपने चेहरे पर चोट लगने पर भी सुंदर दिखना पसंद करते थे, जबकि रामसे की कहानी में लोगों को डराने के लिए भयानक दिखना जरूरी था।'




### किसी ने भी अकेले देखने की हिम्मत नहीं की

उन्होंने बताया कि हालांकि, इससे उनका बजट थोड़ा बढ़ गया था, लेकिन फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई हुई। फिल्म की सफलता को याद करते हुए दीपक ने कहा, 'आप इसे प्रमोशन का तरीका कह सकते हैं, लेकिन एक डिस्ट्रीब्यूटर ने घोषणा की कि जो भी इस फिल्म को अकेले सिनेमाघर में देखेगा, उसे 10,000 रुपए नकद मिलेंगे। सिनेमाघर के बाहर एम्बुलेंस भी खड़ी कर दी गई थी। फिल्म इतनी सफल रही थी। लेकिन किसी ने भी इसे अकेले देखने की हिम्मत नहीं की।'

**क्रिस्टोफर टकर से किया संपर्क :** उन्होंने बताया कि कुछ भारतीय मेकअप आर्टिस्ट थे, लेकिन हमें लंदन से भी मेकअप आर्टिस्ट बुलाना पड़ता था। उन्होंने कहा, 'हमने क्रिस्टोफर टकर से सम्पर्क किया था।' उन्होंने आगे बताया, 'कुमार जी और तुलसी जी उनसे लंदन में मिले और समझाया कि हमारा बजट बहुत बड़ा नहीं है, लेकिन हमें उनकी स्पेशलिटी की ज़रूरत है। वे हमारी सीमाओं के भीतर काम करने के लिए सहमत हो गए और उन्होंने फिल्म दरवाजा के लिए मेकअप भेजा। हमने उन्हें पाउंड में भुगतान किया।'

### दो दशकों तक हॉरर फिल्मों पर रामसे ब्रदर्स का रहा दबदबा

हॉरर फिल्मों के सच्चे शौकीन रामसे ब्रदर्स की कहानियों के फैन न हों ऐसा संभव नहीं। 'महल' (1949) जैसी क्लासिक फिल्मों और 1960 के दशक की कुछ हॉरर फिल्मों जैसे 'बीस साल बाद' (1962), 'गुमनाम' और 'भूत बंगला' (1965) जैसी तमाम फिल्मों के साथ रामसे ब्रदर्स ने करीब दो दशकों तक हॉरर फिल्मों पर अपना दबदबा बनाए रखा।

### कम बजट की फिल्में रहीं खूब सफल

कम बजट में बनी उनकी कई फिल्में पुराना मंदिर (1984) और वीराना (1988) आदि बॉक्स ऑफिस पर खूब सफल रहीं। हालांकि, सबसे पहले फिल्म 'दरवाजा' को लेकर काफी चर्चा रही थी। इस फिल्म के लिए तुलसी रामसे और श्याम रामसे (रामसे ब्रदर्स) ने इंटरनैशनल मेकअप आर्टिस्ट क्रिस्टोफर टकर से सम्पर्क किया। कहते हैं कि ये फिल्म इतनी बड़ी हिट हुई कि डिस्ट्रीब्यूटर्स ने दर्शकों को खुलेआम चुनौती दी थी कि अगर वे इसे अकेले थिएटर में देखने की हिम्मत दिखाएं तो उसे 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।'

# 10 साल बाद फिर आमना-सामना, वेस्टइंडीज पर ढिलाई नहीं बरतेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टीम अपने घर में खेलने के बावजूद वेस्टइंडीज को बिल्कुल भी हल्के में नहीं लेगी। इसकी वजह 2016 का टी20 विश्व कप सेमीफाइनल है, जिसमें भारतीय टीम को वेस्टइंडीज ने 7 विकेट से हराकर खिताब जीतने का सपना तोड़ दिया था।

31 मार्च 2016 को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हुए सेमीफाइनल में एमएस धोनी की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने विराट कोहली के नाबाद 47 गेंद पर बनाए 89 रन की मदद से 2 विकेट पर 192 रन बनाए थे। स्कोर कम नहीं था, लेकिन वेस्टइंडीज की मजबूत बल्लेबाजी ने इस स्कोर को बौना साबित कर दिया। लेंडल सिमंस के 51 गेंदों पर 5 छक्कों और 7 चौकों की मदद से खेली गई नाबाद 82 और आंद्रे रसेल के 20 गेंदों पर बनाए विस्फोटक 43 रनों की पारी के दम पर वेस्टइंडीज ने 19.4 ओवर में 3 विकेट पर 196 रन बनाकर न सिर्फ मैच जीता था बल्कि अपने घर में भारतीय टीम के विश्व कप जीतने का सपना तोड़ा था। वेस्टइंडीज इंग्लैंड को हराकर चैंपियन बनी थी। उस समय टीम के कप्तान रहे डेरन सैमी मौजूदा समय में टीम के हेड कोच हैं।

### हार का बदला लेने की कोशिश करेगी भारतीय टीम

1 मार्च को जब भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ कोलकाता के ईडन गार्डन में उतरेगी, तो निश्चित रूप से 10 साल पहले मिली हार का बदला लेने की कोशिश करेगी। भारत की 2016 वाली प्लेइंग इलेवन के दो खिलाड़ी, हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह, अगले मैच की प्लेइंग इलेवन का भी हिस्सा होंगे। ये दोनों खिलाड़ी वेस्टइंडीज के विश्व कप में चले आ रहे तूफानी और शानदार सफर को रोकने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।




### टीम इंडिया का सुपर-8 का आखिरी मुकाबला


*भारतीय क्रिकेट टीम टी20 विश्व कप में सुपर-8 का अपना आखिरी मुकाबला कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ 1 मार्च को खेलेगी। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए टीम इंडिया को इस मैच में जीत दर्ज करना ही होगा। वहीं, वेस्टइंडीज भी इस मैच में जीत हासिल कर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाना चाहेगी।*




### ग्रुप स्टेज में अजेय रही वेस्टइंडीज

वेस्टइंडीज ग्रुप स्टेज में अजेय रही थी। सुपर-8 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुरुवार को खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जबकि अपने पहले मैच में वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे को हराया था। वहीं, सुपर-8 का अपना पहला मैच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गंवाने वाली भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने मैच में 72 रन से जीत दर्ज की। 1 मार्च को भारत-वेस्टइंडीज के बीच होने वाला मुकाबला क्वार्टर फाइनल की तरह है। जीतने वाली टीम सेमीफाइनल का टिकट कटाएगी।

## खबर संक्षेप



### अभिषेक ने आलोचकों को चुप करा दियाः गावस्कर

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टी20 विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ अर्धशतक लगाकर आलोचकों को चुप कराने के लिए अभिषेक शर्मा की सराहना की लेकिन साथ ही कहा कि उन्हें इस विस्फोटक बल्लेबाज को रक्षात्मक शॉट खेलते देखकर हैरानी हुई। अभिषेक इस टूर्नामेंट के दौरान अस्वस्थ भी रहे और तीन मैच में वह खाता भी नहीं खोल पाए। उन्होंने हालांकि जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत की 72 रन की जीत में 30 गेंदों में 55 रन बनाकर फॉर्म में वापसी का संकेत दिया। गावस्कर ने कहा, 'हम जानते हैं कि अभिषेक शर्मा कितने अच्छे बल्लेबाज। जिम्बाब्वे के खिलाफ 55 रन की इस पारी से उन्होंने अपने आलोचकों को चुप करा दिया।' अभिषेक ने अपना स्वाभाविक खेल खेलने से पहले कुछ समय लिया।

### अपने कौशल पर काम कर रहा हूंः अर्शदीप

**चेन्नई।** तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि वह परिस्थितियों से सामंजस्य से बिठाने और बल्लेबाजों पर हावी होने के लिए अब भी अपने सीनियर साथियों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज से सीख ले रहे हैं। अर्शदीप ने कहा, 'मैं अपने गेंदबाजी समूह में सबसे युवा हूं। टीम मुझ पर भरोसा दिखाती है। अगर आपको पावर प्ले में दो ओवर फेंकने का मौका मिलता है तो विकेट लेने की संभावना बढ़ जाती है क्योंकि उस समय बल्लेबाज रन बनाने के लिए जोखिम भरे शॉट खेलने की कोशिश करते हैं।' उन्होंने कहा, 'मैं (गेंदबाजी कोच) मोर्ने (मोर्केल) के साथ इस पर काम कर रहा हूं कि मैं कैसे सक्रिय रह सकता हूं। मैं कैसे बल्लेबाजों पर हावी हो सकता हूं, परिस्थितियों के अनुसार खुद को कैसे ढाल सकता हूं और अपने खेल में कैसे बदलाव ला सकता हूं।



### टीम का प्रदर्शन महत्व रखता हैः रबाडा

**अहमदाबाद।** कैगिसो रबाडा टी20 विश्व कप में अभी तक वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जैसा वह चाहते थे लेकिन दक्षिण अफ्रीका का जीत का सिलसिला जारी है और इसलिए यह तेज गेंदबाज बड़े लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने से संतुष्ट है। दक्षिण अफ्रीका की गुरुवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ नौ विकेट से जीत के बाद रबाडा ने स्पष्ट किया कि व्यक्तिगत नहीं टीम का प्रदर्शन महत्व रखता है। रबाडा ने कहा, 'यही क्रिकेट का खेल है। कई बार चीजें आपके पक्ष में होती है और कई बार नहीं। दुर्भाग्य से अभी ऐसा नहीं हो रहा है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम जीत रहे हैं।' 'दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी और युवा खिलाड़ियों के बीच अभी तक शानदार संतुलन देखने को मिला है और उन्होंने बहुत अच्छी तरह से तालमेल बिठाया है।



## महिला वनडे सीरीज में भारत को हराकर कंगारू टीम ने 2-0 से बढ़त की कायम

# ऑस्ट्रेलिया ने 14 ओवर पहले ही चेज कर लिया टारगेट, 5 विकेट से दूसरा वनडे किया अपने नाम

एजेंसी ▶▶| होबार्ट

दूसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम ने भारत को 5 विकेट से हरा दिया। महिला टीमों की इस सीरीज में कंगारू टीम ने 3 एकदिवसीय मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त कायम कर ली है। होबार्ट में खेले गए इस मैच में भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 251 रन ही बना पाई थी। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 37वें ओवर में ही लक्ष्य को हासिल करके बड़ी जीत हासिल की।

पहले बल्लेबाजी करने आई टीम इंडिया के लिए प्रतिका रावल ने 52 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। स्मृति मंधाना ने 31 रन बनाए, वहीं जेमिमा रोड्रीग्स का बल्ला खामोश रहा, कप्तान हरमानप्रीत कौर ने जरूर 54 रनों का योगदान दिया। एक समय टीम इंडिया ने केवल 2 विकेट खोकर 100 रन बना लिए थे, लेकिन उसके बाद लगातार अंतराल पर विकेट गिरते रहे। नतीजन भारतीय बल्लेबाजी 251 रनों पर सिमट कर रह गई।

### लिचफील्ड और वॉल ने की 119 रनों की पार्टनरशिप

252 रनों के लक्ष्य का पीछा करने आई ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तान एलिसा हीली केवल 6 रन बनाकर आउट हो गईं। मगर दूसरे विकेट के लिए फीबी लिचफील्ड और जॉर्जिया वॉल ने 119 रनों की पार्टनरशिप कर भारतीय गेंदबाजी लाइन-अप की कमर तोड़ कर रख दी। लिचफील्ड ने 62 गेंदों में 80 रनों की पारी खेली। दूसरी ओर जॉर्जिया वॉल ने 82 गेंदों में 101 रन बनाकर कोहराम मचाया। बेथ मूनी ने भी 31 रनों का योगदान दिया। भारतीय टीम के लिए काश्वी गौतम और दीप्ति शर्मा ने 2-2, जबकि क्रांति गौड़ ने 1 विकेट लिए।




### कप्तान हरमनप्रीत ने संभाली पारी

103 रन पर 4 विकेट गंवाकर मुश्किल में फंसी भारतीय टीम को कप्तान हरमनप्रीत कौर ने संभाला और छोटी-छोटी साझेदारियां करते हुए टीम का स्कोर 9 विकेट पर 251 तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई। हरमन आठवें विकेट के रूप में आउट हुईं। दाएं हाथ की इस अनुभवी बल्लेबाज ने 70 गेंदों पर 2 चौकों और 1 छक्के की मदद से 54 रन की पारी खेली। अमनजोत कौर ने 13, ऋचा घोष ने 22, काश्वी गौतम ने 25 और क्रांति गौड़ ने 19 रन की पारी खेली। अपना डेब्यू कर रही वैष्णवी शर्मा 5 गेंदों पर 10 रन बनाकर नाबाद रहीं। ऑस्ट्रेलिया के लिए एश्ले गार्डनर और अलाना किंग ने और एनाबेल सदरलैंड ने 2-2 विकेट लिए। मेगन स्कट और निकोला कैरी को 1-1 विकेट मिला। सीरीज का तीसरा और आखिरी वनडे 1 मार्च को खेला जाएगा।

### भारत हारा सीरीज

3 वनडे मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। ब्रिसबेन में खेले गए पहले वनडे मैच में भी टीम इंडिया की बैटिंग लाइन-अप धराशाई हो गई थी। ऑस्ट्रेलिया ने वह मैच 6 विकेट से जीता था। मगर उससे पहले तीन टी20 मैचों की सीरीज में टीम इंडिया ने परचम लहराया था। भारत ने टी20 सीरीज 2-1 से जीती थी।

### खराब बल्लेबाजी भारत को महंगी पड़ीः हरमनप्रीत



भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे में खराब बल्लेबाजी की वजह से उन्हें लगातार हार का सामना करना पड़ा। पिछले साल नवंबर में विश्व चैंपियन बनने के बाद यह भारतीय टीम की पहली 50 ओवर की श्रृंखला है। वनडे श्रृंखला के बाद एक टेस्ट भी खेला जाएगा। हरमनप्रीत ने कहा, 'हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। एक समूह के तौर पर हमने तय किया कि पहले बल्लेबाजी करते हैं और 300 से ज्यादा का स्कोर बनाएंगे क्योंकि पिच पिछले मैच की पिच से कहीं बेहतर थी।' उन्होंने कहा, 'लेकिन बदकिस्मती से हमने फिर वही गलतियां कीं। हमने लगातार विकेट गंवाए और ज्यादा रन नहीं बना पाए।' हरमनप्रीत ने कहा, 'हम चाहे पहले बल्लेबाजी करें या लक्ष्य का पीछा करते हुए, हमें बहुत अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी क्योंकि जब भी हम अच्छी बल्लेबाजी करे हैं, हम अच्छी स्थिति में होते हैं।

### मैं परिणाम से बहुत खुश हूं : एलिसा



ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली संन्यास लेने से पहले रविवार को अपना आखिरी मैच खेलेंगी। उन्होंने कहा, 'मैं परिणाम से बहुत खुश हूं। यह उन मैच में से एक था, जहां मुझे लगा कि वे अच्छा स्कोर बनाने से बहुत पीछे रह गए, लेकिन साथ ही यह हमारे लिए हताशाजनक भी था क्योंकि मुझे लगा कि हम उन्हें थोड़ा और पहले आउट कर सकते थे। लेकिन इस तरह के विकेट पर उन्हें 250 रन पर रोकना हमारी टीम की एक शानदार कोशिश थी।

**सीजन में 7वीं बार झटके पारी में 5 विकेट**

## रणजी ट्रॉफी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने आकिब नबी

एजेंसी ▶▶| हुबली



जम्मू-कश्मीर के आकिब नबी ने शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी में इतिहास रचा। आकिब नबी रणजी ट्रॉफी के 92 साल के इतिहास में एक ही सीजन में 60 या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले तीसरे तेज गेंदबाज बन गए।

आकिब नबी रणजी ट्रॉफी 2025-26 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बने। आकिब नबी ने उत्तराखंड के मयंक मिश्रा को पीछे छोड़ा। मयंक मिश्रा ने रणजी ट्रॉफी 2025-26 में आठ मैच में 17.69 के औसत और 2.77 की इकॉनमी से 59 विकेट लिए। आकिब नबी के इस सीजन अब 10 मैच में 12.56 के औसत और 2.65 की इकॉनमी से 60 विकेट हो चुके हैं। आकिब नबी ने रणजी ट्रॉफी 2025-26 में 7वीं बार पारी में पांच विकेट लिए। उन्होंने रणजी ट्रॉफी करियर में 15वीं बार पांच विकेट लिए। आकिब नबी ने फाइनल में कर्नाटक के खिलाफ शिखर शेट्टी को आउट कर यह उपलब्धि अपने नाम की। इससे पहले उन्होंने मयंक अग्रवाल को आउट किया था।

### क्वार्टर-सेमीफाइनल में भी लिए थे 5-5 विकेट

*रणजी ट्रॉफी का यह सीजन आकिब नबी के लिए बहुत ही शानदार रहा है। आकिब नबी ने इस सीजन क्वार्टर फाइनल में पांच विकेट लिए थे। उसके बाद सेमीफाइनल में भी पांच विकेट लिए। अब फाइनल में पांच विकेट लेकर इतिहास रच दिया। रणजी ट्रॉफी 2025-26 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में तीसरे नंबर पर कर्नाटक के श्रेयस गोपाल हैं। श्रेयस गोपाल ने 10 मैच में 22.04 के औसत और 2.83 की इकॉनमी से 47 विकेट लिए हैं। गुजरात के सिद्धार्थ देसाई चौथे नंबर पर हैं। सिद्धार्थ देसाई ने इस सीजन सात मैच में 18.42 के औसत और 2.63 की इकॉनमी से 45 विकेट लिए।*

**टी20 विश्व कप सुपर-8**

## सम्मानजनक विदाई लेना चाहेगा श्रीलंका, बड़ी जीत पर पाकिस्तान की नजर



एजेंसी ▶▶| पाल्लेकल

अगर मगर की कठिन डगर पर फंसा पाकिस्तान सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीद को जीवंत रखने के लिए शनिवार को वाले टी20 विश्व कप सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश करेगा।

संघर्षरत श्रीलंका सम्मानजनक विदाई लेने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा। पाकिस्तान का प्रदर्शन अभी तक अच्छा नहीं रहा है और वह अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर है। इस ग्रुप से इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुका है जबकि न्यूजीलैंड और पाकिस्तान अंतिम चार में जगह बनाने की होड़ में हैं। श्रीलंका अपने पहले दो मैच हार कर पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है।

### बेहतर स्थिति में कीवी टीम

अगर पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की बात करें तो कीवी टीम बेहतर स्थिति में नजर आ रही है। न्यूजीलैंड के तीन अंक हैं और उसका नेट रन रेट (3.050) भी पाकिस्तान से बेहतर है।

### सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर श्रीलंका

श्रीलंका के पास अपने उत्साही प्रशंसकों को खुश करने का यह आखिरी मौका है लेकिन इसके लिए उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना पड़ेगा। श्रीलंका इस टूर्नामेंट का सह मेजबान है। पिछली बार जब 2011 में श्रीलंका सह-मेजबानी कर रहा था, तब वह उपविजेता रहा था।दासुन शनाका की टीम ने शानदार शुरुआत की और ग्रुप चरण में ऑस्ट्रेलिया को करारी शिकस्त देकर खिताब के दावेदारों में अपना नाम शामिल कर लिया था। लेकिन श्रीलंका उस जीत के बाद जिम्बाब्वे, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार तीन मैच हारकर सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पथुम निसांका का शतक सुदूर अतीत की किसी घटना जैसा लगता है, क्योंकि श्रीलंका खेल की प्रत्येक विभाग में जूझ रहा है।श्रीलंका की बल्लेबाजी में गहराई और दृढ़ता दोनों की कमी रही है, जिसके चलते वे नियमित रूप से जल्दी विकेट गंवाते रहे हैं और दबाव वाली परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं।

### हम विपक्षी गेंदबाजों में खौफ देखना चाहते हैं : तिलक वर्मा

**चेन्नई।** तिलक वर्मा ने कहा कि शुरू में विकेट गंवाने के बावजूद भारत मौजूदा टी20 विश्व कप में अपने आक्रामक रवैए पर कायम रहेगा क्योंकि इससे विपक्षी टीम के गेंदबाजों में खौफ पैदा होता है। तिलक ने कहा, ' हम बस ऐसा ही प्रदर्शन चाहते थे। हम एक टीम के रूप में अच्छा स्कोर बनाना चाहते थे। हमने इस पर चर्चा की कि अगर हम पावर प्ले में तीन या चार विकेट भी खो दें तब भी आक्रामक अंदाज में ही बल्लेबाजी करेंगे।' तिलक ने कहा, 'जब सलामी बल्लेबाज अच्छी शुरुआत देते हैं तो इससे तीसरे, चौथे और पांचवें नंबर के बल्लेबाजों का भी आत्मविश्वास बढ़ता है। संजू ने शानदार शुरुआत की।

## रणजी ट्राफी फाइनल : जम्मू कश्मीर ने बनाई 477 रनों की बढ़त, कर्नाटक की उम्मीद खत्म

- जम्मू-कश्मीर की टीम ने पहली पारी में 584 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया

एजेंसी ▶▶| हुबली

जम्मू-कश्मीर की टीम ने शुभम पुंडीर की 121 रनों की शतकीय पारी की बदौलत पहली पारी में 584 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में केएल राहुल जैसे स्टार खिलाड़ियों से सजी कर्नाटक की टीम आकिब नबी (5 विकेट हॉल) की घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और पहली पारी में 293 रन पर ही सिमट गई।

इसके बाद चौथे दिन के अंत तक जम्मू-कश्मीर ने दूसरी पारी में 4 विकेट पर 186 रन बना लिए और कर्नाटक पर 477 रनों की बड़ी बढ़त हासिल कर ली। अब जम्मू-कश्मीर इस मैच को ड्रॉ की ओर ले जाकर पहली पारी की बढ़त के आधार पर रणजी ट्रॉफी जीतना चाहेगी। वहीं कर्नाटक की जीत की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं।



### जम्मू-कश्मीर ने नहीं दिया फॉलोऑन

पहली पारी में बड़ी बढ़त हासिल करने के बावजूद जम्मू-कश्मीर ने फॉलोऑन नहीं दिया और दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी। सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल ने 160 गेंदों में 11 चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 94 रन बनाए। वह शतक से सिर्फ 6 रन दूर थे, तभी चौथे दिन का खेल समाप्त घोषित कर दिया गया। उनके साथ साहिल 16 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। इस तरह जम्मू-कश्मीर ने दूसरी पारी में 4 विकेट पर 186 रन बनाकर कुल 477 रनों की विशाल बढ़त हासिल कर ली। अब टीम ड्रॉ के जरिए रणजी ट्रॉफी का पहला खिताब अपने नाम करने की कोशिश करेगी।

**प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सवः मास्टर्स वर्ग का दूसरा दौर**

## नीमन को हराकर अरविंद ने चौंकाया, गुकेश ने खेला ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| प्राग

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकूबोव के साथ अंक बांटकर एक और ड्रॉ खेला, लेकिन मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम ने प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के दूसरे दौर में अमेरिका के हैंस मोके नीमन को हराकर सबको चौंका दिया।

गुकेश लगातार दूसरी बाजी में सफेद मोहरों से खेल रहे थे लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और उन्हें लगातार दूसरे दौर में अंक बांटने पड़े। उन्होंने पहले दौर में नीमन के साथ भी बाजी ड्रॉ खेली थी। अरविंद ने फिलिडोर डिफेंस अपनाने की अपनी नई पसंद को जारी रखा, जबकि नीमन ने सफेद मोहरों से शुरुआती बढ़त हासिल कर ली। यह बाजी जब महत्वपूर्ण मोड़ पर थी तब अमेरिकी खिलाड़ी के पास समय कम पड़ गया, जिसका अरविंद ने पूरा फायदा उठाकर जीत हासिल की। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से पहले दौर में मिली हार के बाद चेन्नई के इस खिलाड़ी के लिए यह जीत बेहद खुशी देने वाली थी।



### दिव्या ने युफ्फा के साथ ड्रॉ खेला

चैलेंजर्स वर्ग में ग्रैंडमास्टर और विश्व महिला कप विजेता दिव्या देशमुख ने स्पेन के डैनियल युफ्फा के साथ ड्रॉ खेला। इस वर्ग में खेल रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी सूर्य शेखर गांगुली ने डेनमार्क के जोनास बुहल बिएरे के साथ ड्रॉ खेलकर अपना खाता खोला।

### गुइजारो ने फोरस्ट को हराया

एक अन्य मैच में स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो ने नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरेस्ट को हराया। अब जबकि सात दौर का खेल बाकी है तब अब्दुसत्तोरोव, याकूबोव और स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा 1.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। इन तीनों के बाद गुकेश, अरविंद, वैन फोरेस्ट और गुइजारो का नंबर आता है, जो उनसे आधे अंक से पीछे हैं। ईरान के परहम मगसूदलू, जर्मनी के शीर्ष वरीयता प्राप्त विंसेंट कीमर और नीमन ने 10 खिलाड़ियों के नौ दौर के टूर्नामेंट में अभी आधा अंक ही हासिल किया है।




### अब चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा यह निर्णय लेंगे कि इस मामले पर सुनवाई किसकी बेंच में होगी

# सोम डिस्टिलरीज के मामले में जस्टिस संदीप एन भट्ट भी नहीं करेंगे सुनवाई

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा के बाद अब जस्टिस एसएन भट्ट भी सोम डिस्टलरीज प्रा. लि. और सोम डिस्टलरीज एंड ब्रेवरीज प्रा.लि. की याचिका की सुनवाई से हट गए हैं। याचिकाओं में आबकारी वर्ष 2025-26 के लिए लाइसेंस निलंबन को चुनौती दी गई है। अब चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा यह निर्णय लेंगे कि इस मामले पर सुनवाई किसकी बेंच में होगी।



इसके पूर्व गत 24 फरवरी को जस्टिस विशाल मिश्रा ने खुद को मामले की सुनवाई से अलग कर लिया था। जस्टिस मिश्रा ने हाईकोर्ट रजिस्ट्रार को निर्देश दिया था कि मामले से जुड़ा केस किसी दूसरी कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया जाए। हालांकि न्यायाधीश मिश्रा ने इस केस की सुनवाई से अलग होने का कोई कारण नहीं बताया था। इसके बाद शुक्रवार को ये याचिकाएं जस्टिस भट्ट की सिंगल बेंच के समक्ष सुनवाई के लिए नियत की गई थी। लेकिन, शुक्रवार को जस्टिस भट्ट ने भी बिना कोई स्पष्टीकरण दिए मामले की सुनवाई से खुद को हटा लिया। इससे पहले भी जस्टिस विशाल मिश्रा ने भाजपा विधायक संजय पाठक के अवैध उत्खनन केस से खुद को अलग कर लिया था। तब यह कारण बताया था कि संजय पाठक ने केस को लेकर संपर्क किया था।

उल्लेखनीय है कि 4 फरवरी को मध्य प्रदेश सरकार ने रायसेन जिले में स्थित सोम डिस्टिलरीज एंड ब्रेवरीज लिमिटेड और मेसर्स सोम डिस्टिलरीज प्रा. लि. का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया था। याचिका में कहा गया है कि कारवाई के पूर्व उन्हें सुनवाई का अवसर नहीं देकर प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का उल्लंघन किया गया है।

### कोर्ट ने मंजूर कर याचिका की निराकृत

## बुरहानपुर कलेक्टर ने हाईकोर्ट में हाजिर होकर मांगी माफी

**जबलपुर।** विवादित जमीन का मामला विचाराधीन होने के बावजूद जमीन खाली करने का आदेश जारी करने के मामले में कलेक्टर बुरहानपुर ने हाईकोर्ट में उपस्थित होकर माफी मांगी। दरअसल, पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बुरहानपुर कलेक्टर से इस मामले में स्पष्टीकरण तलब किया था। कलेक्टर ने यह भी बताया कि जमीन खाली करने का आदेश वापस ले लिया गया है। सुनवाई के बाद जस्टिस विशाल मिश्रा ने कलेक्टर की माफी स्वीकार करते हुए याचिका का निराकरण कर दिया। बुरहानपुर की चिल्ड्रन एजुकेशन सोसायटी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अर्पण पवार ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि नेशनल टेक्सटाइल कारपोरेशन की इकाई ताप्ती मिल्स ने सोसायटी को उक्त भूमि दी थी। विद्यालय का संचालन 1964-65 से हो रहा है और इसमें लगभग 4500 छात्र अध्ययनरत हैं। नेशनल टेक्सटाइल कारपोरेशन की जमीन का एक मामला पहले से विचाराधीन है और उस मामले में हाईकोर्ट ने राज्य शासन को दखल देने से इनकार किया था। इसके बावजूद कलेक्टर ने 9 दिसंबर 2025 को आदेश पारित कर विद्यालय को उक्त भूमि खाली करने कहा। इसलिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।

## सामान्य प्रशासन विभाग प्रमुख सचिव व लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक को नोटिस

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक अवमानना मामले में सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव संजय शुक्ला एवं मध्य प्रदेश वेयरहाउस एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक अनुराग वर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। हाईकोर्ट के जस्टिस डीडी बंसल की सिंगल बेंच ने मामले पर अगली सुनवाई 15 अप्रैल को तय की। नरसिंहपुर निवासी दिव्यांग उम्मीदवार राजेन्द्र मेहरा ने याचिका दायर कर बताया कि पूर्व में इस मामले में हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। प्रदेश भर के विभिन्न विभागों में दिव्यांगों के करीब 22 हजार पद रिक्त पड़े हैं। हाईकोर्ट ने 30 जनवरी 2024 को सरकार को निर्देश दिए थे कि दिव्यांगों के खाली पड़े पदों को भरा जाए। इसके लिए 6 माह की मोहलत दी गई थी। दलील दी गई कि सरकार के प्राधिकारियों द्वारा जानबूझकर अदालत के आदेश की अवहेलना की जा रही है।

## पिपरिया स्टेशन पर यात्री का खोया पर्स सुरक्षित लौटाया

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत पिपरिया रेलवे स्टेशन पर रेलवे कर्मचारियों द्वारा ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं मानवीय मूल्यों का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया, जिससे आम जनता में रेलवे की सकारात्मक, विश्वसनीय एवं संवेदनशील छवि और अधिक सुदृढ़ हुई है। दिनांक 27 फरवरी को हरीश कुमार पटेल, निवासी पिपरिया, रेलवे टिकट काउंटर (सिटी साइड) पर पिपरिया से जबलपुर हेतु टिकट लेने पहुंचे थे। टिकट लेने के दौरान उनका पर्स भूलवश काउंटर के बाहर छूट गया, जिसमें कुल 10 हजार 360 रुपए रखे हुए थे। रेलवे स्टाफ की सजगता, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता का परिचय देते हुए ए.टी.व्ही.एम. फैसिलिटेटर राजकुमार खरे के सहयोग से पर्स को तुरंत सुरक्षित रूप से बरामद किया गया तथा पूर्ण राशि सहित सम्मानपूर्वक यात्री को वापस सौंपा गया। इस सराहनीय कार्य में पंकज कुमार अकेला (सी.वी.एस.), मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक, पिपरिया सहित स्टेशन के समस्त कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर यात्री हरीश कुमार पटेल द्वारा पिपरिया रेलवे स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया।

## स्टेट बार काउंसिल चुनाव में 30% महिला आरक्षण का हो पालन

- चुनाव प्रक्रिया अंतर्गत पृथक मतपत्र की व्यवस्था की मांग उठी
- प्रत्याशियों का शपथपत्र अपलोड करने पर भी जोर

**जबलपुर।** एमपी स्टेट बार काउंसिल चुनाव की सरगर्मी के बीच 30 प्रतिशत महिला आरक्षण के प्रविधान का पालन सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई है। जिला बार एसोसिएशन की पूर्व पदाधिकारी अधिवक्ता ज्योति कुरील ने इस सिलसिले में आवाज बुलंद की है। उनकी मांग है कि चुनाव प्रक्रिया अंतर्गत पृथक मतपत्र के जरिए महिला प्रत्याशियों में से पदाधिकारियों का निर्वाचन किया जाए। साथ ही नामांकन शुल्क एक लाख 25 हजार वापस करने का प्रावधान भी लागू किया जाए। उन्होंने इस आशय का मांग-पत्र सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, बार काउंसिल आफ इंडिया के चेयरमैन, स्टेट बार चेयरमैन को भेजा है। इधर दूसरी ओर डेमोक्रेटिक लायर्स फोरम के सचिव अधिवक्ता रवींद्र गुप्ता ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम अनुरूप स्टेट बार काउंसिल के प्रत्येक प्रत्याशी का शपथ-पत्र अनिवार्य किए जाने और उसे अपलोड करने की मांग की है। ताकि प्रत्याशी के चरित्र और उनकी योग्यता के आकलन उपरांत मतदान किया जाए। शपथ-पत्र में एनरोलमेंट नंबर, सीनियर डेजिग्नेशन नंबर, आपराधिक प्रकरण की स्थिति, स्टेट बार में लंबित शिकायत की स्थिति, प्रैक्टिसिंग शहर कौन सा है एवं निवास व कार्यालय का पता और क्या वह किसी बार एसोसिएशन या संस्था के पद पर हैं या पूर्व में रहा है, इसकी जानकारी प्रदान करें। ऐसा किए जाने से स्टेट बार चुनाव अपेक्षाकृत अधिक पारदर्शी होगा।

### पकड़े गए आरोपियों से ऑडियो लगा पुलिस के हाथ

## एप के जरिए सट्टे में होगा कई नामों का खुलासा

**जबलपुर।** टी-20 विश्व कप के दौरान सट्टेबाजी के खिलाफ रांझी पुलिस द्वारा पकड़े गए कुख्यात सटोरिए खत्री बद्रर्स के गुर्गो को रिमांड पर लेकर पूछताछ चल रही है। इस बीच पुलिस के हाथ एक ऑडियो लगा है जिसमें कई नामों का खुलासा हुआ है। पुलिस अब इस हाईटेक सट्टेबाजी की कड़िया जोड़ने में जुट गई है। यहां गौरतलब है कि पिछले दिनों रांझी पुलिस ने कुख्यात सटोरिया दिलीप और संजय खत्री (खत्री ब्रदर्स) से जुड़े दो आरोपियों को अनमोल उर्फ बीसू पटारिया और कृष्णा नामदेव को गिरफ्तार किया, जिन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।



यहां उल्लेखनीय है कि गत दिवस मेमोरी तिराहा स्थित सामुदायिक भवन के पास एक डार्क ब्लू रंग की कार (एमपी 20 जेडजी 0030) में बैठकर कुछ युवक मोबाइल से टी-20 मैचों पर सट्टा बुकिंग कर रहे दो आरोपियों अनमोल उर्फ बीसू पटारिया और कृष्णा नामदेव को गिरफ्तार किया था। ये लोग मोबाइल ऐप के जरिए सट्टा बुकिंग कर रहे थे। पूछताछ में अनमोल पटारिया ने बताया कि वह बेट 4 विन नाम की मास्टर आईडी लेकर अन्य लोगों को आईडी-पासवर्ड देता था। इसके जरिए शहर में बड़े स्तर पर सट्टा चलाया जा रहा था। पुलिस को मोबाइल से ऑडियो रिकॉर्डिंग और लेन-देन के डिजिटल सबूत भी मिले हैं। पुलिस का कहना है कि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

## रानी कमलापति हमसफ़र एक्सप्रेस ट्रेन का अनूपपुर में प्रायोगिक ठहराव

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली ट्रेन रानी कमलापति-सांतरागाछी जंक्शन-रानी कमलापति हमसफ़र एक्सप्रेस ट्रेन का अनूपपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव प्रदान किया गया है। यह सुविधा दिनांक 27 फरवरी 2026 से मिलने लगी है। रानी कमलापति-सांतरागाछी जंक्शन-रानी कमलापति हमसफ़र एक्सप्रेस ट्रेन का अनूपपुर जंक्शन रेलवे पर प्रायोगिक ठहराव गाड़ी संख्या 22170 सांतरागाछी जंक्शन-रानी कमलापति हमसफ़र एक्सप्रेस ट्रेन दिनांक 27 फरवरी 2026 से अनूपपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय सुबह 09:53/09:55 बजे हैं। गाड़ी संख्या 22169 रानी कमलापति-सांतरागाछी जंक्शन हमसफ़र एक्सप्रेस ट्रेन दिनांक 05 मार्च 2026 से अनूपपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय मध्यरात्रि 00:31/00:33 बजे रहेगा।

### 2 आरोपियों से 13 लाख के जेवर बरामद

## शोभापुर में बड़ी चोरी का रांझी पुलिस ने किया खुलासा

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत शोभापुर में विगत दिनों हुई चोरी के मामले में पुलिस ने दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 13 लाख मूल्य के सोने चांदी के जेवर बरामद किए है। मुखबिर तंत्र और सीसीटीव्ही फुटेज से मिले क्लू के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंच गई ।

सीएसपी रांझी सतीश साहू और थाना प्रभारी रांझी उमेश गोल्हानी ने यहां कंट्रोलरुम में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि शोभापुर ग्रीन कालोनी रांझी निवासी क्वालिटी कंट्रोल विभाग से रिटायर मार्टिन खाखा अपने परिवार के साथ 18 दिसंबर 2025 को अपने पैतृक गांव जसपुर छत्तीसगढ़ गए थे, उसी दौरान उनके घर पर चोरी की वारदात हुई थी। इस मामलें में पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरु की। विवेचना के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले इस अधार पर पुलिस ने बाबा टोला ठक्कर ग्राम थाना हनुमानताल निवासी 35 वर्षीय सुरेश चौधरी उर्फ सुरू और सिंधी केम्प बड़ी मदार टेकरी निवासी 25 वर्षीय जय चौधरी तक पहुंची। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ की तो उन्होंने वारदात करना स्वीकार किया। आरोपियों ने गत 6 जनवरी को रात में बाउंड्री वॉल फांदकर घर के पीछे से प्रवेश किया था। आरोपियों ने अपने पास रखे पेंचकस की मदद से दरवाजे का ताला तोड़ा और अलमारी में रखे जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया।



पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर सोने की 4 चूड़ियां, 2 नेकलेस, 5 अंगूठियां, 2 कंगन, 5 जोड़ी कान के टॉप्स, 2 चैन, 1 मंगलसूत्र और 1 सोने का क्रॉस शामिल है। इसके अलावा चांदी की 2 जोड़ी पायल, 3 जोड़ी बिछिया और एक चांदी की कटोरी भी जब्त की गई है। कुल जब्त जेवरातों का वजन 8 तोला सोना और आधा किलो चांदी जब्त की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) और 305(ए) के तहत कार्रवाई की है। अपराधियों से पूछताछ की जा रही है ताकि अन्य मामलों का खुलासा किया जा सके ।

### मारपीट कर एर्बोसन कराया, मामला दर्ज

## दहेज के नाम पर क्रूरता की इंतेहा

**जबलपुर।** गौरीघाट थाना अतंर्गत ग्राम मानेगांव चंपानगर में मायके से कार लाने की मांग कर प्रताड़ित करने वाले पति, सास व ससुर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कर लिया है। गौरीघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मानेगांव चंपानगर निवासी 29 वर्षीय श्रीमति पायल बासू ने गौरीघाट थाने में लिखित शिकायत की, कि अर्थ थ्री एनविरो प्रा.लि. में वर्क फ्राम होम कार्य करती है। उसकी शादी भारत मेट्रोमोनी एप के माध्यम से टेगोरनगर गौरीघाट रोड पोलीपाथर निवासी 32 वर्षीय प्रखर घोष के साथ 13 फरवरी 2025 में हुई थी। उसके पहले माह अगस्त वर्ष 2024 को मेट्रोमोनी एप के माध्यम से प्रखर घोष की फैमली के साथ बातचीत शुरू हुयी थी फिर माह सितम्बर में शादी पक्की होने से उनकी फैमली द्वारा कार की मांग की गई थी प्रखर उससे कार के 50 हजार रूपये केश लेने के लिये भोपाल आया था। उस समय वह भोपाल में जॉब करती थी। उसने 50 हजार रूपये प्रखर को कैश दिया था माह अक्टूबर में उसकी और प्रखर की सगाई होटल अशोका राईट टाउन से हुयी थी सगाई के दौरान उसके माता पिता के द्वारा प्रखर को एक लाख रूपये का चैक एवं 50 हजार रूपये नगद तथा 40 हजार रूपये की सामग्री एवं 1 लाख 50 हजार रूपये की सोने की चैन अंगूठी, दिये थे नवम्बर में प्रखर ने उसकी मां डाली वासू एवं भाई दीप वासू से कार वोल्कस बेगन टाईगन कीमती लगभग 19 लाख रूपये की मांग करने लगे, नहीं देने पर कार को फाइनेंस से खरीद ली थी। माह फरवरी 2025 को शादी के पहले शादी के लिये दहेज में 2 लाख नगद लिये, शादी 13 फरवरी 2025 को हुयी थी, जिसका लगभग 8 लाख का भुगतान उसकी मॉ ने किया था पति ने कार के लिये 19 लाख रूपये की मांग दुबारा की तथा 19 लाख रूपये किश्तों में देने के लिये कहा, उसने कार के 19 लाख रूपये देने से मना किया तो पति प्रखर एवं सास ने उसके साथ मारपीट की ससुर ने गाली गलोज की और बार बार 19 लाख रूपये मांग कर उसे मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ति करने लगे, शादी के बाद प्रखर के वर्क प्लेस सोगी जिला शिमला गये पति प्रखर उसे कार के पैसों की बात कर शराब पीकर उसके साथ मारपीट करने लगा वह एक माह के लिये जबलपुर रहने के लिये आई उसी दौरान सास, ससुर द्वारा काम नहीं करने देते थे तथा उसे प्रताड़ति करते थे वह गर्भवती हो गयी थी तो मां के यहां जाकर बच्चा गिराने के लिये कहने लगे, डाक्टर ने कहा कि बच्चा गिराना पड़ेगा नहीं तो जान को खतरा है मई में उसका एबोसन हुआ है इसी दौरान पति एवं ससुराल वालों ने उसकी कोई देखरेख नहीं की कुछ दिन बाद वह सौगी जिला शिमला गयी जहॉ पुनः पति रूपयों की मांग कर मारपीट करता था। लिखित शिकायत पर पति, सास व ससुर के विरूद्ध धारा 85, 351(2) बीएनएस तथा 3, 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### एयरलाईंस कंपनियों ने होली से पहले बढ़ाया किराया

## जबलपुर से अब उड़ानें महंगी

**जबलपुर।** रंगों के त्योहार होली से पहले एक बार फिर विमानन कंपनियों ने हवाई किरायों में बढ़ोतरी कर दी है। इसका असर मध्य प्रदेश के चार प्रमुख शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर—से यात्रा करने वाले यात्रियों पर साफ दिखाई दे रहा है। दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और बेंगलूरु जैसे बड़े शहरों के लिए यात्रा अब पहले की तुलना में काफी महंगी हो गई है। एयरलाइंस कंपनियों ने अग्रिम बुकिंग के दौरान ही किराए बढ़ा दिए हैं। जानकारों का कहना है कि आने वाले दिनों में किराए और बढ़ सकते हैं। वर्तमान में कई रूट्स पर किराया दो से तीन गुना तक पहुंच चुका है। विशेषज्ञों के अनुसार भोपाल और इंदौर से जिन रूट्स पर तीन या उससे अधिक एयरलाइंस संचालित हैं, वहां प्रतिस्पर्धा के कारण किराए अपेक्षाकृत नियंत्रित हैं। लेकिन जबलपुर में प्रमुख रूट्स पर केवल एक या दो कंपनियां ही सेवाएं दे रही हैं, जिससे यात्रियों को अधिक किराया देना पड़ रहा है।



### दोगुना तक पहुंचा किराया

सामान्य दिनों में प्रदेश के प्रमुख हवाई अड्डों से इन रूट्स पर औसत किराया 5 से 6 हजार रुपये रहता है, लेकिन अभी कई तिथियों में यह दोगुना तक हो गया है। खासतौर पर 1 मार्च को रविवार होने के कारण किराए में अतिरिक्त बढ़ोतरी देखी जा रही है।

### 1-2 मार्च को सबसे ज्यादा फेयर

होली से एक-दो दिन पहले हवाई यात्रा सबसे महंगी हो गई है। जिन रूट्स पर पहले 4-5 हजार रुपये में यात्रा हो जाती थी, वहां अब 10 से 15 हजार रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं। 1 और 2 मार्च को एयर फेयर सबसे ज्यादा बताया जा रहा है। पुणे, कोलकाता सहित अन्य शहरों की यात्रा करने वाले कई यात्री जबलपुर और ग्वालियर से सीधी उड़ान न मिलने पर कनेक्टिंग फ्लाइट का सहारा ले रहे हैं। कुछ यात्री पहले नागपुर, इंदौर या भोपाल पहुंचकर वहां से आगे की उड़ान ले रहे हैं।

### अमानत में खयानत का मामला दर्ज

## मदद के नाम पर लिए जेवर बेच खाये

**जबलपुर।** मदनमहल थाना अतंर्गत राइट टाउन इलाके में एक महिला से जान-पहचान बनाकर उसे विश्वास में लेते हुए एक व्यक्ति ने उसका 135 ग्राम सोना हड़प लिया। महिला ने पुलिस को की गई शिकायत में बताया कि आरोपी व्यक्ति को जरूरत पड़ने पर उसकी सहायता के लिए उसने अपने जेवर दिए थे। इन जेवरों को गिरवी रखने की जगह आरोपी ने उन्हें बेच दिया और वापस करने में आनाकानी कर रहा है। इस संबंध में मदनमहल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार राईट टाउन स्टेडियम के पास रहने वाली सपना यादव ने लिखित शिकायत की है कि गुडबिल काम्पलेक्स कबीर मार्ग निर्मल छाया नेपियर टाउन ओमती निवासी विकास रामनानी से उसकी जान पहचान वर्ष 2017 से हुई थी। पहचान के चलते विकास रामनानी ने उससे आर्थिक सहायता मांगी तो उसने स्वयं के उपयोग का माह नम्बर 2024 में 25 ग्राम सोने का एक मंगलसूत्र और एक चैन रखवाकर बैंक से रूपये लिये थे। दोबारा फिर से उसने विकास को जरूरत पर द्वारा सहायता के तौर पर 106 ग्राम सोने का एक कड़ा, टाप्स और 70 ग्राम पक्का सोना दिया गया था। विकास द्वारा उसका पूरा सोना एक सप्ताह में वापस करने के लिये कहा गया था लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी विकास रामनानी ने उसके द्वारा दिया गया सोना वापस नहीं किया। 22 फरवरी को विकास के घर सोना मांगने गई तो विकास की मां ने बताया कि विकास ने पूरा सोना बेच दिया है। जब विकास की मां द्वारा बताये गये सोनी के यहां जाकर पता किया तो उक्त सराफ ने बताया कि लगभग 6-7 माह पहले विकास द्वारा जिस सोनी के यहां सोना रखवाया था, उसी को उसने बाद में बेच दिया है। इस पर महिला ने विकास की मां को फोन पर विकास द्वारा उसका सोना बेचने की जानकारी दी तो विकास की मां ने कहा कि शांति चाहती हो तो सोना भूल जाओ, विकास के पास जब सोना होगा तो आज नहीं तो 10 साल बाद वापस कर देगा। उसने विकास को आर्थिक मदद की मंशा से कुल 135 ग्राम सोना दिया था, जो वापस नहीं कर रहा है। पुलिस ने लिखित शिकायत पर आरोपी विकास उर्फ विक्की रामनानी के विरूद्ध धारा 316(2) बीएनएस के तहत अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240